सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ






रांची, मंगलवार 04.03.2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 230 | * * नगर संस्करण। पेज : 12 | khabarmantra.net

# अबुआ बजट : उम्मीदों पर खरी

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ₹1,45,400 करोड़ का बजट पेश किया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ (एक लाख पैंतालिस हजार चार सौ करोड़) का बजट पेश किया। साथ ही कहा कि गौरवशाली झारखंड का यह आत्मनिर्भर वाला बजट है। बजट में आम व खास दोनों तरह के लोगों के सपने को पूरा करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट पेश कर मैं खुद को आत्मसम्मानित महसूस कर रहा हूं। 45 वर्षों के राजनीतिक जीवन में मेरे लिए यह पहला अवसर है, जब वित्त मंत्री के रूप में गौरवशाली झारखंड के लिए सदन में बजट पेश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा कि जनता का गठबंधन पर विश्वास का मुख्य कारण पिछले पांच सालों का कार्य और आगामी वर्षों के लिए घोषणा पत्र रहा है। हम अपने घोषणा पत्र के माध्यम से लिये गये निर्णयों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने को संकल्पित हैं। राज्य के करीब 80 प्रतिशत विद्यार्थी सरकारी स्कूलों में नामांकित हैं, इसलिए सरकारी विद्यालयों के विस्तार के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है।

- **बजट में सरकार ने किसान, महिला, युवा और कर्मियों की अपेक्षाएं पूरी करने का प्रयास किया है। पुरानी पेंशन योजना पर 832 करोड़ का प्रावधान किया है। मंइयां सम्मान योजना में 13363.35 करोड़ रुपये का प्रावधान है। कृषि विभाग के लिए 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपये प्रस्तावित किया है।**

### झारखंड सरकार के बजट में विभागवार आवंटित राशि

| विभाग-प्रभाग | राशि (लाख में) | विभाग-प्रभाग | राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| कृषि | 242108.16 | ब्याज | 635466.32 |
| पशुपालन | 62023.32 | ऋण भुगतान रिपेमेंट ऑफ लोन | 938468.51 |
| भवन निर्माण | 86157.31 | पेंशन | 1017311.58 |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 8237.42 | अंकेक्षण | 787.63 |
| निर्वाचन | 13159.58 | वाणिज्यकर | 17405.04 |
| राज्यपाल सचिवालय | 1962.07 | खाद्य आपूर्ति | 286349.22 |
| निगरानी प्रभाग | 5197.00 | वन पर्यावरण | 138199.30 |
| नागर विमानन | 11519.37 | स्वास्थ्य | 747050.86 |
| सहकारिता | 93679.07 | उच्च शिक्षा | 192222.28 |
| ऊर्जा | 989435.53 | गृह विभाग | 807545.48 |
| उत्पाद | 5583.61 | उद्योग | 48631.61 |
| वित्त | 34228.30 | सूचना एवं जनसंपर्क | 34704.72 |

### कहां से आयेगा पैसा

| | |
|---|---|
| लोन रिकवरी | 0.17 फीसदी |
| उधार | 13.76 फीसदी |
| केंद्रीय कर में हिस्सेदारी | 32.35 फीसदी |
| राज्य सरकार के टैक्स | 24.21 फीसदी |
| राज्य के गैर टैक्स | 17.78 फीसदी |
| अनुदान | 11.73 फीसदी |

### पैसा कहां खर्च होगा

| | | | |
|---|---|---|---|
| भू-राजस्व, श्रम पर्यटन,आईटी सेक्टर | 6.82 % | कृषि और जल संसाधन | 4.71 % |
| शिक्षा | 12.11 % | सामाजिक कल्याण | 17.47 % |
| ग्रामीण विकास और पंचायती राज | 11.39 % | पुलिस और आपदा प्रबंधन | 6.82 % |
| सड़क और परिवहन | 4.27 % | नगर विकास और आवास | 2.46 % |
| ऊर्जा | 6.80 % | ब्याज | 4.37 % |
| पेंशन | 7 % | लोन री-पेमेंट | 6.45 % |
| | | स्वास्थ्य और पेयजल आपूर्ति | 8.38 % |
| | | वन एवं पर्यावरण | 0.95 % |

**वित्त मंत्री**

**गौरवशाली झारखंड के लिए आत्मनिर्भर बजट**




### पिछले पांच वित्त वर्षों में बजट का आकार

| | |
|---|---|
| 2020-21 | ₹86370 करोड़ |
| 2021-22 | ₹91277 करोड़ |
| 2022-23 | ₹101101 करोड़ |
| 2023-24 | ₹116418 करोड़ |
| 2024-25 | ₹128900 करोड़ |
| 2025-26 | ₹1,45,400 करोड़ |



**2025-26 में राजस्व व्यय के लिए राशि — 1,10,636 करोड़ रुपये**

**सामान्य प्रक्षेत्र के लिए बजट में प्रावधान — 37,884.36 करोड़ रुपये**

**मंईयां सम्मान योजना के लिए प्रावधान — 13363 करोड़ 35 लाख रुपये**

## जल्द मिलेगी मंईयां सम्मान योजना की राशि गैस सिलिंडर में भी सब्सिडी देगी सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि होली के पहले लाभुकों के खाते में चली जायेगी। राज्य सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। डिलिवरी सिस्टम और फर्जी खातों के कारण कुछ तकनीकी दिक्कतें आयी हैं। अब इसमें किसी प्रकार की देरी नहीं होगी।

**इंडिया गठबंधन अपने चुनावी वादे को अवश्य पूरा करेगी :** झामुमो-कांग्रेस की चुनावी घोषणा के बाद भी एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी की घोषणा नहीं किये जाने के सवाल पर राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार का कार्यकाल पांच साल का है। अगले वित्त वर्ष के बाद इंडिया गठबंधन अपने चुनावी वादे को अवश्य पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। मंईयां सम्मान योजना के लिए बजट में 13363 करोड़ 35 लाख की राशि का उपबंध किया गया है। अबुआ आवास योजना पर भी तेजी आएगी। इसकी संख्या में बढ़ोत्तरी की जायेगी। पिछले 24 साल में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बहुत ध्यान दिया गया है। इस बार सरकार का फोकस सोशल सेक्टर है।

### आय का बड़ा जरिया सेंट्रल टैक्स में हिस्सेदारी

झारखंड सरकार की आय का बड़ा जरिया सेंट्रल टैक्स में हिस्सेदारी है। इस मद से सरकार को उसकी कुल आय का 32.35 प्रतिशत पैसा मिलता है। सरकार 24.21 प्रतिशत की कमाई अपना टैक्स लगाकर करती है। गैर-कर से सरकार को 17.78 प्रतिशत राशि मिलती है। सरकार को 11.73 प्रतिशत राशि सहायता अनुदान से मिलता है। योजनाओं के सफल संचालन के लिए सरकार 13.76 प्रतिशत राशि कर्ज लेकर जुटाती है। 0.17 प्रतशत राशि कर्ज एवं अग्रिम की वसूली से मिलती है।

### समाज कल्याण पर सबसे अधिक खर्च

कल्याण और समाज कल्याण मद में सरकार सबसे ज्यादा 17.47 प्रतिशत राशि खर्च करती है। शिक्षा के लिए सरकार ने बजट में 12.11 फीसदी राशि का प्रावधान किया है। सरकार आगामी वित्त वर्ष में पंचायती राज समेत ग्रामीण विकास विभाग पर 11.39 प्रतिशत राशि खर्च करेगी। सड़क एवं परिवहन के मद में सरकार का खर्च 4.27 फीसदी होगा। पेंशन मद में सरकार कुल बजट का 7 प्रतिशत खर्च करेगी।

## पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के बजट में 13 फीसदी की वृद्धि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रूपये का बजट पेश किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 में राजस्व व्यय के लिए 1,10,636 करोड़ 70 लाख रुपये प्रस्तावित है। जो गत वर्ष से 20.48 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय अन्तर्गत गत वर्ष के पुनरीक्षित बजट पर 7.81 प्रतिशत वृद्धि के साथ 34 हजार 763 करोड़ 30 लाख रुपये का प्रस्ताव है। राज्य को अपने टैक्स से 35,200 करोड़ रुपये मिलेगा। सामान्य प्रक्षेत्र के लिए 37,884.36 करोड़ प्रस्तावित है। सामाजिक प्रक्षेत्र के लिए 62,840.45 करोड़ रुपये तथा आर्थिक प्रक्षेत्र के लिए 44,675.19 करोड़ रुपये उपबंधित किये गये हैं। वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 11 हजार 253 करोड़ 44 लाखद्ध रुपये होने का अनुमान है जो अनुमानित जीएसडीपी का 2.02 प्रतिशत है। इसे वर्ष 2023-24 और 2029-30 के बीच प्रति वर्ष 14.2 प्रतिशत की औसत वृद्धि सुनिश्चित कर झारखंड को 2030 तक 10 ट्रिलियन रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### एक लाख किसानों को अनुदान देने का प्रावधान

सरकार ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से अब तक लगभग 4 लाख किसानों का 2 लाख रुपये तक का ऋण माफ किया है। इस मद में कुल 769 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय किया गया है। एक लाख किसानों को अनुदान देने का प्रस्ताव है, जिसपर 24 करोड़ 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य उद्यान विकास की योजना को आगे बढ़ाते हुये इस योजना अंतर्गत आगामी वित्त वर्ष में सब्जी की खेती, फूल की खेती, कृषक प्रशिक्षण, सैंपलिंग नर्सरी की स्थापना, मधुमक्खी पालन की योजना, चाय की खेती का प्रत्यक्षण आदि पर वितीय वर्ष 2025-26 में 304 करोड़ 85 लाख का बजट का प्रावधान किया गया है।

**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 350 करोड़ :** कृषि उत्पादन में आर्थिक नुकसान से भरपाई के लिए बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रतिकूल मौसम के कारण फसलों के उत्पादन में क्षति होने की स्थिति में फसलों की क्षति का आकलन कर किसानों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जा रही है। ग्रामीण विकास के लिए 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का प्रावधान है। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों का अपना भवन हो। इसे राज्य सरकार सुनिश्चित करा रही है। इसी क्रम में सरकार वर्ष 2025 तक भवनहीन केन्द्रों में से 2,500 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का निर्माण करायेगी। वर्तमान में 38,523 केन्द्र संचालित हैं।



### यह सबको जोड़ने वाला समग्र और कल्याणकारी बजट: हेमंत सोरेन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में बजट पारित होने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सबको जोड़ने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि जनता पर बिना किसी आर्थिक बोझ डाले एक संतुलित बजट पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया गया है और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में विकास की गति को बनाए रखा गया है। लोगों पर बोझ डाले बिना खर्च भी आगे बढ़ाया गया है।

### खोखला और घिसा-पिटा बजट इसमें दूरदर्शिता का भी अभाव : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन में पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बजट देखने में बड़ा है लेकिन, प्राण विहीन है। उन्होंने कहा कि बजट में दूरदर्शिता का घोर अभाव है। इससे न राज्य की बेरोजगारी दूर होने वाली है, न गरीबी दूर होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चुनावी घोषणाओं को बजटीय धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल साबित हुई। यह जनादेश को अपमानित करने वाला बजट है।

**रोजा का समय**

**सेहरी** (05.03.2025): 04.45 बजे

**इफ्तार** (04.03.2025): 05.55 बजे







### टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने जमशेदपुर में कहा

## सेमी कंडक्टर और एआई सेक्टर में निवेश कर रही टाटा

**संस्थापक दिवस**

- टाटा समूह का जमशेदपुर के लिए है बड़ा प्लान

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने आज यहां कहा कि जमशेदपुर टाटा समूह के लिए बहुत पवित्र स्थान है। यहीं से उठ कर समूह ने अपनी वैश्विक पहचान बनायी है। जमशेदपुर और यहां के लोग हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि टाटा समूह का जमशेदपुर के लिए बड़ा प्लान है। हालांकि उन्होंने इस पर विस्तृत जानकारी नहीं दी। चेयरमैन ने आगे कहा कि टाटा समूह आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस-एआई और सेमी कंडक्टर सेक्टर में बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। समूह इस दिशा में कदम उठा रहा है।




पत्रकारों से बात करते टाटा समूह के कार्यकारी अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन।

चंद्रशेखरन टाटा स्टील वर्क्स में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टाटा स्टील का भविष्य उज्ज्वल है। देश में स्टील की खपत बढ़ती रहेगी। यद्यपि चीन समेत अन्य भू-राजनीतिक चुनौतियों से समूह को दो-चार होना पड़ रहा है। डंपिंग भी एक समस्या है। यह सब जारी रहेगी, इसलिए हमें सक्षम बनना होगा। इस पर कार्पोरेट एवं सरकार दोनों स्तर से मिल कर काम करना होगा। नीति एवं ड्यूटी के मामले में हमें सरकार की भी मदद चाहिए। टेक्नोलॉजी को लेकर कर्मचारी और यूनियन को मदद करनी होगी। क्षमता, लागत प्रबंधन, सक्षम परिचालन की दिशा में काम करना है। परिचालन में एआई का हमें प्रयोग करना होगा। इलेक्ट्रिक फर्नेस, हाइड्रोजन के उपयोग से हमें उत्पादन पर ध्यान देना होगा। अपने कर्मचारियों और सरकार के साथ मिल कर इन चुनौतियों से अवश्य पार होंगे। एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि हमारे पूर्व चेयरमैन का निधन चार माह पूर्व ही हुआ है। रतन टाटा के बिना यह पहला संस्थापक दिवस है। हम समाज और बिजनेस की तरक्की की कामना करते हैं। टाटा स्टील ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर संकल्पित हैं।

उन्होंने कहा कि जहां तक टैरिफ की बात है तो यह चलते रहेगा। टाटा स्टील इंडिया पर इसका कोई खास असर नहीं होगा क्योंकि हम अमेरिका को सीमित निर्यात करते हैं। हमें याद रखना है कि हम अपने घरेलू बाजार में भी कीमतें तय नहीं कर सकते, बाजार तय कर रहा है।

एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस में मेडिकल कॉलेज ला रहे हैं जहां भारतीय बीमारियों पर रिसर्च होगा। इसके अलावा सेमी कंडक्टर चिप पर विशेष निवेश हो रहा है क्योंकि चिप्स हर उद्योग के लिए अब बेहद मायने रखता है। 6-जी के लिए देसी प्रौद्योगिकी हम विकसित कर रहे हैं।

## फाइनल में पहुंचने से टीम इंडिया बस एक कदम दूर

**चैंपियंस ट्रॉफी**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में पहुंचने से भारत बस एक कदम दूर है। भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नॉकआऊट मुकाबलों में भारतीय टीम का हाल खराब रहा हो लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में माहौल अलग नजर आ रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार को दुबई के मैदान पर सेमीफाइनल है। इसमें भारतीय टीम जीतती नजर आ रही है। चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबलों में भारत, ऑस्ट्रेलिया पर 2-1 से आगे है। 1998 में भारत ने 44 रन तो साल 2000 में 20 रन से जीत हासिल की थी।

भारत इस टूनार्मेंट के नॉकआउट में ऑस्ट्रेलिया पर भारी रहा है। भारतीय टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का शानदार मिश्रण है, जो उन्हें हर स्थिति में मजबूत बनाता है। टूनार्मेंट में भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप और जडेजा दुबई की परिस्थितियों में प्रभावी रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप मजबूत होने के बावजूद गुणवत्ता वाले स्पिन के खिलाफ कमजोर रहती है। स्टीव स्मिथ या ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों को भारतीय स्पिनर निशाना बना सकते हैं। चक्रवर्ती की विविधताएं और कुलदीप की कलाई-स्पिन किसी भी झिझक का फायदा उठा सकती हैं। शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के लगातार अच्छे प्रदर्शन से भारत की बल्लेबाजी मजबूत दिख रही है। चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच भारत ने दुबई में खेले हैं और जीतने में कामयाब रहे हैं। यह मनोवैज्ञानिक बढ़त दिलाने के लिए काफी है। ऑस्ट्रेलिया के लिए दुबई की पिच पर सामंजस्य बिठाना आसान नहीं होगा।

## अबुआ बजट के नाम से लोगों को गुमराह किया जा रहा है : चंपई



**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन कहा कि यह एक दिशाहीन बजट है, जिसमें राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, किसानों, मजदूरों एवं युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है। कहने को तो इसमें कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं, लेकिन पिछले कई वर्षों से हर बार वहीं कहानी कही जाती है, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकलता है। उन्होंने कहा कि कागज पर बड़ी-बड़ी योजनाएं घोषित कर रही इस सरकार को कोई याद दिलायें कि उन योजनाओं का क्रियान्वयन भी उनकी ही जिम्मेदारी है। पिछले बजटों की कितनी योजनाएं पूरी हुई? अबुआ बजट के नाम से लोगों को गुमराह किया जा रहा है। जब राज्य में ग्रीन कार्ड के लाभुकों को राशन और वृद्ध/ दिव्यांग/ विधवा लोगों को कई महीनों से पेंशन तक नहीं मिलती हो, तो क्या उम्मीद रखें? पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा एवं रोजगार के क्षेत्र में सिर्फ हवा-हवाई घोषणाएं हो रही हैं। पेयजल की दर्जनों योजनाएं अधूरी हैं, जबकि लोग डोभे से पानी लेने को मजबूर हैं। अस्पतालों में दवाईयां नहीं है, खाट पर जा रहे मरीजों और अस्पतालों में अव्यवस्था की तस्वीरें आम हैं। कुल मिला कर, यह बजट नहीं, एक ढोल है, जो ऊपर से तो बहुत बड़ा दिख रहा है, लेकिन अंदर से खोखला है।


**CCL** Fuelling Sustainable Growth
**सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड**
"एक मिनिरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

**ई-नीलामी**

**ई-नीलामी सूचना संख्या:** सी/आरएनसी/ई-नीलामी/2025 **दिनांक:** 03.03.2025। भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू. रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल पर ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी:** पार्सल स्कैनर; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपीएस12; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल के रांची और हटिया पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर की स्थापना और संचालन; **नीलामी प्रारंभ:** 07.03.2025 को 10:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 07.03.2025 को 10:40 बजे; **श्रेणी:** विज्ञापन; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएडीवीटी35; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल पर वाणिज्यिक प्रचार अनुबंधों (आउट ऑफ होम 08 संख्या, स्टेशन के अंदर 03 संख्या, ट्रेन इंटीरियर-07, ट्रेन एक्सटीरियर-11) के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 18.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 18.03.2025 को 16:10 बजे; **श्रेणी:** खानपान; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीसीसीटीजी 31; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल पर जीएमयू और एसएमयू श्रेणियों के अंतर्गत 50 खानपान इकाइयों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 12.03.2025 को 10:30 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 13.03.2025 को 11:30 बजे; **श्रेणी:** एमपीएस; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपीएस 21; संपत्ति विवरण: रांची मंडल पर 10 एमपीएस इकाइयों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 11.03.2025 को 12:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 11.03.2025 को 14:00 बजे; **श्रेणी:** विविध स्थैतिक (चिकित्सा सुविधा); **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएमएफसी17; **संपत्ति विवरण:** रांची स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 21.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 21.03.2025 को 11:30 बजे; **श्रेणी:** एवीएम; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएवीएम24; **संपत्ति विवरण:** रांची स्टेशन पर एवीएम-3, डब्ल्यूवीएम-12 के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 11.03.2025 को 10:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 11.03.2025 को 12:20 बजे; **श्रेणी:** विविध स्थैतिक (बैटरी चालित कार्ट); **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीबीओसी 12; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल के रांची और हटिया में बैटरी चालित कार्ट के संचालन और रखरखाव के लिए ई-नीलामी;**नीलामी प्रारंभ:** 18.03.2025 को 13:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 18.03.2025 को 13:40 बजे; **श्रेणी:** पार्किंग; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपार्किंग35; **संपत्ति विवरण:** पिस्का, इटकी और सुईसा स्टेशन पर पार्किंग के प्रबंधन के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 19.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 19.03.2025 को 11:30 बजे; **श्रेणी:** एटीएम; **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीएटीएम 33; **संपत्ति विवरण:** रांची मंडल पर एटीएम के लिए 06 संपत्तियों के लिए ई-नीलामी; **नीलामी प्रारंभ:** 20.03.2025 को 11:00 बजे; **नीलामी समापन तिथि:** 20.03.2025 को 12:20 बजे; **नोट:-** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल पर जाएं। उपरोक्त उल्लिखित कैटलॉग के तहत लॉट-वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-1198) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे


# मंईयां सम्मान व सर्वजन पेंशन योजना पर सरकार का फोकस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया है। इसमें मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना पर बड़ा फोकस किया गया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 साल तक की लाभुक महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये की सहायता राशि देने के लिए 13,363.36 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत हर माह 34 लाख लाभार्थियों को 1,000 रुपये देने के लिए 3,8050.66 करोड़ रुपये का प्रावधान है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग पर सबसे ज्यादा 22 हजार 23 करोड़, 33 लाख 85 हजार रुपये का उपबंध किया गया है।

### राज्यपाल को वित्त मंत्री ने सौंपी बजट की प्रति




**अपने बजट भाषण से पहले वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजभवन जाकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। मंत्री ने राज्यपाल को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की एक प्रति सौंपी। मौके पर राज्य के वित्त सचिव प्रशांत कुमार भी उपस्थित थे।**

### राशि के मामले में टॉप फाइव विभाग

- महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग- 22 हजार 23 करोड़, 33 लाख 85 हजार रुपये।
- ग्रामीण विकास विभाग: 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार, 4 हजार 576 करोड़ 30 लाख 73 हजार रुपये।
- शिक्षा प्रक्षेत्र- प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा- 15 हजार 198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रु., जबकि उच्च तकनीकि शिक्षा के लिए 2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार का उपबंध।
- गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग- 9 हजार 916 करोड़ रु।
- ऊर्जा विभाग- 9 हजार 894 करोड़ 35 लाख 53 हजार रु।

## रंगहीन और दिशाहीन बजट: रघुवर



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हाल ही में प्रस्तुत झारखंड सरकार के बजट की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट करार दिया है। रघुवर दास का मानना है कि यह बजट राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने में विफल रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में किसानों और ग्रामीणों की उपेक्षा की गई है, जो सबसे अधिक निराश है। बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन सरकार ने यह नहीं बताया है कि यह लक्ष्य कैसे हासिल किया जाएगा, रघुवर दास ने यह भी पूछा है कि क्या झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करने में सफल होगी, इस बजट से किसान और ग्रामीण सबसे अधिक निराश हुए हैं, क्योंकि किसानों की ऋण माफी पर सरकार चुप है।

## आने वाले सालों में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य

**रांची।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए अबुआ बजट में 486 करोड़, 31 लाख, 61 हजार रुपये का प्रस्ताव है। वहीं उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए 450 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत आने वाले सालों में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश लाने का लक्ष्य है।

**फैक्ट फाइल :** इससे राज्य के करीब 15,000 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। तसर रेशम के उत्पादन लक्ष्य को बढ़ाने के लिए प्रस्ताव है। झारखंड को तसर रेशम के उत्पादन में देशभर में अव्वल बनाने का लक्ष्य है।

सिंगल विंडो व्यवस्था के माध्यम से निवेशकों को सुविधा प्रदान करने के लिए प्रस्ताव है।

और एमएसएमई निदेशालय या एमएसएमई सेल का गठन प्रस्तावित है।

## विरोधाभासी लगता है यह बजट : सरयू राय

**रांची।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वार सोमवार को विधानसभा में पेश वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा कि बीते पांच वर्षों में जिस तरीके का बजट पेश होता आया है, यह वैसा ही बजट है। इसे बेहद सामान्य बजट कह सकते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 450 रुपये में सिलेंडर देने का चुनावी वादा किया था, जिसका कोई जिक्र बजट में नहीं है। बजट का आकार कृत्रिम रूप से तो बढ़ा दिया गया है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि साल भर में सरकार 75 से 80 प्रतिशत धन राशि भी खर्च कर पाएगी। 50 साल से ऊपर के जो लोग हैं, उनकी पेंशन की स्थिति क्या है, वह सर्वज्ञात है। मंईयां सम्मान योजना पर जोर दिया गया है।

# बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिला उत्थान पर जोर : शिल्पी नेहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अबुआ बजट को गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के इस बजट में गांवों के आर्थिक विकास, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को प्राथमिकता दी गई है। सरकार किसानों की समृद्धि, कृषि के आधुनिकीकरण और युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य का आर्थिक विकास दर 7.5% रहने का अनुमान है।

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता के क्षेत्र में प्रमुख बजटीय प्रावधान

- बीज वितरण योजना: 3.83 लाख किसानों को लाभ, 95 करोड़ रु.।
- मृदा एवं जल संरक्षण: 1200 तालाबों के गहरीकरण हेतु 203.40 करोड़ रु. का प्रस्ताव।
- कृषि यंत्र वितरण: 8400 लाभुकों को मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर आदि, 140 करोड़ रु. का बजट।
- मिलेट मिशन: 1 लाख किसानों को अनुदान, 24.50 करोड़ रुपये का बजट।
- राज्य उद्यान विकास योजना: सब्जी, फूल खेती, मधुमक्खी पालन हेतु 304.85 करोड़ रुपये का बजट।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना: 79 हजार लाभुकों को 255 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान।
- दुग्ध उत्पादन: 38 लाख 1 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य, डेयरी विकास योजना लागू।
- बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना: 350 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- सहकारी संस्थाओं का विस्तार: जिला स्तरीय सहकारी संघ के लिए 24 करोड़ रुपये का बजट।
- गोदाम निर्माण: किसानों की उपज भंडारण के लिए 118 नए गोदाम, 259.52 करोड़ रुपये का बजटीय उपबंध।
- मत्स्य पालन प्रोत्साहन: 4.10 लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य।

## झारखंड में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किये जायेंगे : बन्ना

**रांची।** राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का दूरदर्शी एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13% अधिक है। यह दशार्ता है कि हेमंत सरकार पार्ट 2 का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं, अपितु जनता तक चल कर सरकारी सुविधा और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। यह बजट एक तरफ झारखंड की सामाजिक कल्याण व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार, किसानों को कृषि सहायता और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा।


**Jharkhand State Higher Education Council**
**(Department of Higher and Technical Education)**
Room No. 327, Yojana Bhawan, Nepal House Campus, Doranda, Ranchi- 834002
email: jshecjharkhand@gmail.com: | website: https://jshec.jharkhand.gov.in

Advertisement No.: -121 Dated: - 28.02.2025

**Deputation Notice**

The Jharkhand State Higher Education Council (JSHEC), Department of Higher & Technical Education is looking for the service of suitable officers for the appointment of Deputy Director, State Project Directorate on a deputation for the implementation of Centrally Sponsored Scheme Pradhan Mantri Uchchatar Shiksha Abhiyan (PM-USHA) earlier known as Rashtriya Uchchatar Shiksha Abhiyan (RUSA) and providing support to the State Project Directorate of Jharkhand State Higher Education Council (JSHEC) in formulation and monitoring of different activities of the Government concerning to improve Quality, Access and Equity in Higher Education Institutions.

Applications are invited from eligible candidates in the prescribed format for rendering services to the positions as detailed and described below:-

| Sl. No. | Name of the Post | No. of Post | Mode of Service | Qualification & Experience |
|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E |
| 1. | Deputy Director | 01 (One) | On Deputation for 3 years | Teacher of University/Officer of State Education Service having 07 years of Teaching/Administrative Experience and having knowledge of RUSA, NAAC Accreditation Process, AISHE with **PB-III 15600-39100 GP 6000** |

1. **Qualification and Experience:**
   - As per column- 'E' of the table indicated above.
2. **Mode of Recruitment:**
   - Based on the Interview.
3. **Terms of Engagement:**
   a) For the posts mentioned above the deputation period will be of 03 years from the date of appointment. However, deputation may be extended based on satisfactory performance.
   b) During the deputation period, salary etc. will be provided by the parent organisation.
4. **Mode of Application:**
   a) Interested candidates may apply in the prescribed application format (available on http://jshec.jharkhand.gov.in) along with all required certificates. The applications could be sent by email to jharkhandrusa@gmail.com or by Registered Post at the office address mentioned below no later than **17.03.2025**.

**Office Address:** - The Director, Higher Education-cum-State Project, 3rd Floor, Yojana Bhawan (Nepal House Campus), Doranda, Ranchi, Jharkhand- 834002

- All self-certified supporting documents in terms of qualifications, Work Experience etc. must be attached along with the application.
- The list of shortlisted candidates will be uploaded on the website https://jshec.jharkhand.gov.in.
- The shortlisted candidates would be called for personal interview in Ranchi. The date and time shall be separately communicated through email.
- No claim shall be admissible in the case of transport and logistics.
- The Department reserves the right to cancel or postpone the recruitment at any time.

Encl: Application Format

Sd/-
(Ramniwas Yadav)
Director, Higher Education-cum-State Project Directorate

PR 347647 Higher Education,Technical Education and Skill Development Department(24-25)#D


## इरफान का निशिकांत तंज, कैलिफोर्निया का सांसद बनने की सलाह

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे के उस बयान पर आपत्ति जतायी है, जिसमें उन्होंने झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित करने की बात कही थी। इरफान अंसारी ने कहा कि निशिकांत दुबे विद्वान आदमी हैं, लेकिन उन्हें भारत नहीं बल्कि कैलिफोर्निया का सांसद बनना चाहिये।

**रमजान के दौरान विशेष अनुमति :** झारखंड सरकार ने रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को विशेष अनुमति प्रदान की है। हरेक दिन शाम 4 बजे से कार्यालय छोड़ने की अनुमति दी गयी है। साथ ही प्रत्येक शुक्रवार को नमाज के लिए दिन के 12 बजे से 2 बजे तक कार्यालय छोड़ने की विशेष अनुमति प्रदान की गयी है।

# युवा-किसानों के सपने को चकनाचूर करने वाला बजट : अमित मंडल



### भाजपा के पूर्व विधायक अमित मंडल ने अबुआ बजट की आलोचना की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा है कि अबुआ बजट में युवाओं-किसानों के लिये कुछ भी नहीं है। श्री मंडल सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने युवाओं-किसानों के सपने को चकनाचूर कर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को सीएजी द्वारा उठाये मामले में 19132 हजार करोड़ का जवाब देना चाहिये। उन्होंने कहा कि बकाये 1.36 लाख करोड़ का राज्य सरकार रोना बंद करे। उन्होंने कहा कि सच्चाई ये भी है कि झारखंड कोयला प्रोडक्शन में तीसरे स्थान पर है, बावजूद झारखंड को मिलने वाला राजस्व सर्वाधिक 22 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि झारखंड के जीडीपी में सेकेंडरी सेक्टर का योगदान सर्वाधिक है। केंद्र की योजनायें इसमें समाहित है। उन्होंने कहा कि सात गारंटी में कोई गारंटी सरकार पूरा नहीं कर पाई है। ना धान क्रय में 3200 रुपये एमएसपी मिला, ना 450 रुपये में सिलिंडर मिली, ना 7 किलो अनाज मिला और ना ही हर जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की बात हुई। उन्होंने कहा कि राजस्व खर्च सरकार ने 20.1 प्रतिशत पिछले बजट की तुलना में बढ़ाया, वही पूंजीगत खर्च मात्रा 7.81 प्रतिशत ही बढ़ा। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में इंफ्रास्ट्र^र का निर्माण नहीं कर पायेगी। राजस्व खर्च को पूरा करने के लिये और अधिक कर्ज लेगी, जो राज्य के अर्थव्यवस्था के हित में ठीक नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार बजट की राशि को खर्च करने के बजाये सरेंडर करवा रही है। इससे सरकार को योजनाओं को धरातल पर उतरने में रूचि नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि मईयां सम्मान की राशि 13000 करोड़ भी कम है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड सरकार का बजट जनता की आशाओं और सपनों के अनुरूप : केशव महतो कमलेश



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा 1,45,400 करोड रुपए का पेश बजट झारखंड के लोगों के आशाओं और सपनों के अनुरूप है। यह अबुआ बजट है,इसमें समाज के सभी वर्गों को शामिल करके सरकार ने अपने दूरदर्शी सोच को दशार्या है। इस अबुआ बजट को बनाने में झारखंड की जनता ने अपना विचार सरकार के समक्ष रखा था, यह जनता का बजट है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 13% अधिक का बजट निश्चित रूप से राज्य के विकास की गति को तेज रखेगा। बगैर कोई अतिरिक्त कर लगाए राज्य की आमदनी और खर्च का वित्तीय संतुलन बजट में साफ दिख रहा है। बजट में स्थापना एवं योजना व्यय का 37:63 का अनुपात ही साफ है कि विकास कार्यों को सरकार प्राथमिकता दे रही है।

### हर क्षेत्र एवं हर वर्ग के लिए सुंलित बजट : राकेश

**रांची।** प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि बजट में किसानों महिलाओं युवाओं छात्रों के भविष्य को आधार बनाया गया है। आने वाला समय झारखंड के सुनहरे भविष्य का है। वर्तमान में चल रही योजनाओं के आकार को बढ़ाने के साथ सरकार ने नई योजनाओं को प्रारंभ करने की घोषणा की है। बजट के विकासपरक योजनाओं के धरातल पर उतरने से निश्चित रूप से विकास की गति तेज होगी। बजट में हर क्षेत्र के विकास का आपसी संतुलन बनाया गया है ताकि कोई भी क्षेत्र विकास के कदमों से अछूता ना रहे।

### महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने का बजट : सतीश पॉल मुजनी

**रांची।** मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने कहा कि झारखंड सरकार के बजट आकार के बराबर की राशि केंद्र के पास बकाया है। जब अबुआ बजट में सरकार अपने संसाधनों के आधार पर जनकल्याण इतनी योजनाएं ला सकती हैं तो केंद्रांश सही समय पर मिलने से झारखंड अन्य राज्यों की तुलना में तीव्रतर विकास दर हासिल करेगी। बजट में मईया सम्मान योजना के लिए 13000 करोड रुपए का प्रावधान किया जाना यह साबित करता है कि सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सबल बनाने हेतु कितनी सजग है।

### जनता से संकल्पित वादों को पूरा करने का श्वेत पत्र है बजट : सोनाल शांति



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा पेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि जनता से संकल्पित वादों को पूरा करने का श्वेत पत्र है यह बजट। आगामी एक वर्षों का सरकार का संकल्पित कैलेंडर पूर्ण कार्य योजना के साथ अबूआ बजट आया है। अबुआ बजट जनता की उम्मीदों,आकांक्षाओं और उनके उत्थान से जुड़ी हुई है।उन्होंने कहा है कि 5 वर्ष पूर्व महागठबंधन की सरकार ने जब कार्यकाल संभाला था उस वक्त आर्थिक विकास दर 1.1% प्रतिशत थी परंतु सरकार के विकास नीति और पूंजीगत व्यय में सुधार से आज विकास दर है 7.50 प्रतिशत है जिसका आगे भी स्थिर रहने का अनुमान बजट में है। बजट में पूर्व से चल रही योजनाओं के आकार और क्षेत्र में वृद्धि की गई है। लोक हित का लोकप्रिय बजट है।

### अपनी घोषणा भी भूली सरकार और गरीब गुरबों को भी : डॉ लम्बोदर महतो



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए झारखंड विधानसभा में पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि बजट न तो झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने वाला है और ना ही विकसित बनाने वाला है। यह बजट पूरी तरह से निरर्थक है। बजट में न तो सरकार की जन कल्याणकारी सोच दिखती है और न ही पलायन को रोकने के लिए रोजगार के अवसर। राजकोषीय घाटा बढ़ता जा रहा है, इसको लेकर बजट में थोड़ी भी चिंता व्यक्त नहीं की गई है। झारखंड जंगल झाड़ का क्षेत्र है मगर इसकी उपेक्षा की गयी है।

### हेमंत सरकार की बजट जनभावनाओं के अनुरूप : सुप्रीयो भट्टाचार्य



**रांची।** झामुमो के महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने बजट को जनभावनाओं के अनुरूप बताया। उन्होंने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि राज्य की जनता ने 2024 में मजबूत सरकार बनाया। हमने जो चुनाव में घोषणाएं की थी, उसे धरातल पर उतारने की कोशिश शुरू कर दी है। मईया योजना के लिए एक बड़ी राशि का प्रावधान बजट में किया गया। हमारी सरकार की थ्री डी बजट है। मतलब हमारा राज्य खुशहाल झारखंड, विकसित झारखंड और समृद्ध झारखंड बनेगा। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य पर जोर दिया है। इसके अलावा कृषि, किसानों की भलाई में उनके फसल को मंडी देना, विपणन और बीज का समवर्द्धन तक का ध्यान रखा है। छोटे और लघु उद्योगों को बढ़ावा दिया गया है। एक लाख 24 हजार 400 करोड़ का बजट एक बड़ा आकार है। इसमें सभी जरूरतों को समयोजित किया गया है। बच्चों की पढ़ाई गुणवत्ता पूर्ण देने की है, ताकि राज्य के साथ साथ पूर्वोतर राज्यों के विद्यार्थी में भी यहां आयें। न सिर्फ शैक्षणिक बल्कि कौशल विकास पर भी जोर है।

### केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ के बकाये को लेकर सदन गरमाया, विधानसभा में सरयू राय ने उठाया सवाल



**रांची।** जदयू विधायक सरयू राय ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्मय से केंद्र सरकार पर राज्य सरकार का 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाये का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष की ओर से इस संबंध में लगातार बयान दिया जाता रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की ओर से बकाये की गणना के लिये कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि सूद समेत केंद्र सरकार से बकाये का भुगतान करवाया जायेगा। इसी सवाल पर वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड अपने अधिकार को लेना जानता है। उन्होंने केंद्रीय कोयला मंत्री के साथ बातचीत का ब्यौरा भी दिया। मंत्री और विधायक सरयू राय के बीच कई मिनटों पर सवाल.जवाब का सिलसिला चलता रहा। ताकि बकाये के भुगतान को लेकर जरूरी कार्रवाई शुरू की जा सके।

### दूरदर्शिता का अभाव, मइंया योजना में सिमट गया बजट : जयप्रकाश जनता दल

**रांची।** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि हेमंत सोरेन बेकार का बजट का नाम अबुआ बजट कह रहे हैं, दरअसल यह तो बबुआ बजट है। जैसे बच्चों को फुसलाकर के लिए हाथों में खिलौना थमा दिया जाता वैसे बजट के नाम पर बस खानापूर्ति की गयी है। समतामूलक समाज की स्थापना कैसे हो, इस बजट में ऐसा कुछ नजर नहीं आता। सरकार सिर्फ भाषणों में ही विकास की बात कहती है। जबकि वास्तविकता इत्र है।

### प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष फोकस नहीं किया गया : नसीम

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि आम बजट में प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष फोकस नहीं किया गया है। जो पहले से चला आ रहा है, उसे आंकड़ों को मिलाकर प्रस्तुत किया गया है, क्योंकि प्राथमिक शिक्षा में शिक्षकों की घोर कमी सहित विद्यालय को संसाधन युक्त की घोर कमी है। विद्यालय में पानी शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा आज भी कमी है। शिक्षा पर बजट की राशि को बढ़ाना चाहिये।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



संस्थापक दिवस पर जमशेदपुर के जुबिली पार्क में की गयी शानदार विद्युत सज्जा 5 मार्च तक चलेगा। सोमवार की शाम जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा के बीच सेल्फी लेती युवतियां।

# टाटा स्टील ने बेहद श्रद्धा से मनायी संस्थापक जेएन टाटा की 186वीं जयंती

■ कंपनी वर्क्स और टाटा मोटर्स में चेयरमैन ने संस्थापक की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि, किया नमन






1. टाटा स्टील वर्क्स में संस्थापक को नमन करते चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन। 2. टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन संस्थापक को बेहद श्रद्धा से नमन करते हुए। 3. पोस्टल पार्क में जेएन टाटा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के बाद चेयरमैन एन. चंद्रा। 4. वीपी चाणक्य चौधरी संस्थापक को नमन करते हुए।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें भारतीय उद्योग जगत के जनक के रूप में माना जाता है। उनकी 186वीं जयंती पर संस्थापक दिवस पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया।

यह प्रतिष्ठित आयोजन हर वर्ष 3 मार्च को जमशेदपुर में आयोजित किया जाता है, जहां जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि और औद्योगिक भविष्य की उनकी कल्पना को याद किया जाता है। उनका विचार केवल औद्योगीकरण तक सीमित नहीं था, बल्कि उसमें सामुदायिक विकास और सामाजिक कल्याण की नींव भी शामिल थी। संस्थापक दिवस इसी भावना का प्रतीक है, जो टाटा स्टील के मूल मूल्यों और उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस वर्ष के संस्थापक दिवस की थीम ₹बाजार, तकनीक और लागत में नेतृत्व₹ है, जो हमारे इस संकल्प को दोहराती है कि हम ग्राहकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देंगे और वैश्विक लागत नेतृत्व हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग करेंगे।

जमशेदपुर वर्क्स में कार्यक्रम की शुरूआत वर्क्स मेन गेट पर संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों, टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू ) के वरिष्ठ पदाधिकारियों, ग्रुप कंपनियों के अधिकारियों और जमशेदपुर के नागरिकों ने संस्थापक को नमन किया।

एन चंद्रशेखरन (चेयरमैन, टाटा संस), टी.वी. नरेंद्रन (सीईओ एवं एमडी, टाटा स्टील), कौशिक चटर्जी (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, टाटा स्टील), ऋतुराज सिन्हा (मैनेजिंग डायरेक्टर, टाटा स्टील यूआईएसएल), संजीव कुमार चौधरी (प्रेसिडेंट, टाटा वर्कर्स यूनियन) और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने जमशेदपुर वर्क्स में आयोजित समारोह में संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद, जमशेदपुर शहर के मध्य स्थित पोस्टल पार्क में भी संस्थापक को श्रद्धांजलि दी गयी।

संस्थापक दिवस की पूर्व संध्या (2 मार्च) पर, एन चंद्रशेखरन ने टाटा स्टील और ग्रुप कंपनियों के वरिष्ठ लीडर्स के साथ जुबिली पार्क में विद्युत सज्जा की औपचारिक शुरुआत की।

हर वर्ष, टाटा स्टील अन्य टाटा समूह कंपनियों के साथ मिलकर अपने संस्थापक की जयंती मनाती है और उनके उस दृष्टिकोण को सम्मान देती है, जिसमें औद्योगिक विकास के साथ-साथ सामुदायिक कल्याण को केंद्र में रखा गया था। जेएन टाटा ने 1870 के दशक में मध्य भारत में एक कपड़ा मिल से अपनी उद्यमशीलता सफर की शुरुआत की थी। उनकी दूरदृष्टि ने भारत में इस्पात और ऊर्जा उद्योग को प्रेरित किया।

## स्पीड न्यूज

### निराश करने वाला दिशा हीन बजट: सुधांशु ओझा



**जमशेदपुर।** झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा पेश किये गये वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने पूरी तरह से दिशाहीन और निराशाजनक बताया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा सोमवार को पेश किये गये बजट को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने झारखंड के युवाओं, किसानों, अनुबंधकर्मियों और बुजुर्गों के साथ विश्वासघात करार दिया। सुधांशु ओझा ने कहा कि युवाओं को नौकरियां, रोजगार देने, अनुबंधकर्मियों को स्थायी करने, किसानों से 3200 प्रति क्विंटल धान खरीदने, बुजुर्गों, विधवाओं और विकलांगों की पेंशन 2500 रुपया करने, ग्रीन राशन कार्डधारियों को राहत देने और 450 रुपया में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, नियोजन नीति जैसे किसी भी वादे को पूरा करने का कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया, जिससे यह स्पष्ट है कि यह अबुआ बजट नहीं बल्कि बबुआ बजट है।

### युवाओं को एक बार फिर मिला धोखा : प्रेम झा




**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने झारखंड सरकार के बजट को निराश और हताश करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का यह बजट पूरी तरह से झूठ, छलावे और युवाओं के साथ धोखा है, जिसमें 10 लाख युवाओं को नौकरी देने एवं परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहन राशि देने का वादा हवा में उड़ गया। बजट में न तो रोजगार सृजन की कोई एक कार्य योजना दिखी और न ही युवाओं के भविष्य को लेकर सरकार की कोई गंभीरता दिखी।

### हेमंत सरकार का बजट बेहद दिशाहीन : गुंजन



**जमशेदपुर।** झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा पेश किये गये बजट को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। गुंजन ने इस बजट को युवाओं के साथ धोखा, दिशाहीन और निराशाजनक करार देते हुए कहा कि सरकार ने अपने घोषणापत्र के बड़े वादों को पूरी तरह से भुला दिया है। कहा कि हेमंत सरकार ने चुनावी मंचों से अगले 5 वर्षों में 10 लाख युवाओं को नौकरी देने और नौकरी नहीं मिली तो परीक्षा की तैयारी के लिए प्रोत्साहन राशि देने का वादा किया था, लेकिन बजट में इसपर एक शब्द नहीं कहा गया।

### झूठे वादों का पिटारा है आम बजट: डॉ जटाशंकर



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री ने जो आम बजट पेश किया गया है वह पूरी तरह दिशा हीन बजट है। सरकार सिर्फ अबूवा बजट के नाम पर नई नई लोकलुभावन घोषणाएं कर रही है। जबकि पिछले घोषित योजनाएं कहां तक पहुंची। उनका क्या हुआ। इसका उल्लेख किया जाना चाहिए था।

# 2906 यूनिट रक्तदान कर कर्मियों ने जेएन टाटा को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का महा रक्तदान शिविर 3 मार्च को महान उद्योगपति जमशेद जी टाटा के जन्मदिवस के अवसर पर टेल्को लेबर ब्यूरो स्थित यूनियन परिसर में आयोजित की गई। यूनियन द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में कुल 2906 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

बताते चलें कि इस रक्तदान शिविर में बड़ी तादाद में टाटा मोटर्स कर्मियों समेत आसपास के विभिन्न कंपनियों के कामगारों एवं शहर के लोग शिविर में आकर रक्तदान किये। वहीं रक्तदाताओं के हौसला अफजाई के लिए राजनीतिक दलों के नेताओं, शहर के समाजसेवियों, प्रबंधन के वरीय पदाधिकारियों समेत गणमान्य लोग उपस्थित हुये। पूरे कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष गुरमीत सिंह एवं महामंत्री आरके सिंह तमाम आगंतुकों का फूलों का गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किये। वहीं व्यवस्था पर भी वे पूरी तरह निगरानी बनाये रखें।

जमशेदपुर ब्लड बैंक के कर्मचारियों, ब्लड को-ऑर्डिनेट, वोलेंटियर्स, यूनियन के तमाम कमेटी मेंबर्स, पदाधिकारियों समेत वोलेंटियर्स ब्लड डोनर्स एसोशिएशन के सहयोगी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किये। यूनियन परिसर में सभी आगंतुकों द्वारा टाटा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उन्हें याद किये। यूनियन सूत्रों ने बताया कि यूनियन द्वारा रक्तदाताओं के सुविधा के लिए छह रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाये गये थे। जबकि बेडों की संख्या 45 थी।

**शिविर को सफल बनाने के लिए सबों के प्रति आभार : अध्यक्ष व महामंत्री–** यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले रक्तदाताओं, वीबीडीए एवं जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोगकर्ताओं, वोलेंटियर्स, यूनियन के तमाम सदस्यों, कमेटी मेंबर्स, आफिस बेयरर तथा आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा कि यह आयोजन टाटा साहब एवं रक्त के जरूरतमंद लोगों के प्रति समर्पित रहा। सबों सहयोग कर इसे सफल बनाया इसके लिए मैं सबों का विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूं। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि थर्ड मार्च को आयोजित रक्तदान शिविर में जुटी भीड़ यह दशार्ता है कि लोग टाटा साहब को कितना चाहते हैं। इतनी बड़ी तादाद में लोग रक्तदान करने के लिए यहां आएं यह बात यूनियन को गौरवान्वित करती है। मैं अपनी ओर से सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

## हेमंत सरकार का आम बजट गंधहीन रंगहीन और दिशाहीन बजट : रघुवर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार के बजट को गंधहीन, रंगहीन और दिशाहीन बजट कहा है। उन्होंने कहा है कि बजट किसी राज्य का सिर्फ लेखा-जोखा नहीं होता है, बल्कि वो राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देनेवाला होता है। हेमंत सोरेन सरकार अब दिन में सपने देख रही है। अबुआ बजट में अबुआ को ही किनारे कर दिया गया है। श्री दास ने कहा है कि झारखंड सरकार 2030 तक झारखंड की अर्थव्यवस्था 10 ट्रिलियन यानी 10 लाख करोड़ करने की बात कही है लेकिन ये होगा कैसे, ये सरकार ने बताया ही नहीं है। क्या झारखंड सरकार 15 प्रतिशत के दर से विकास दर प्राप्त करनेवाली है। इस बजट से सबसे अधिक निराश किसान और ग्रामीण हुए है। किसानों की ऋण माफी पर सरकार चुप है। ?ग्रामीण विकास का बजट सरकार ने घटा दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष पेश कुल 1.28 लाख करोड़ के बजट में जनवरी तक 61 प्रतिशत राशि ही खर्च हुई है। इसका जवाब सरकार के पास नहीं है। महिलाओं को 450 रुपये

## नौसेरवान जी टाटा को चैम्बर सदस्यों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** संस्थापक दिवस के पूर्व संध्या पर उद्घाटन समारोह में पहुंचे टाटा संस के चेयरमैन श्री एन. चन्द्रशेखरन का सोनारी विमानतल पर टाटा स्टील के सीईओ सह प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेन्द्रन एवं वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी की उपस्थिति में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में महासचिव मानव केडिया एवं कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया ने उनकी आगवानी कर उन्हें शुभकामनायें दी।

संस्थापक दिवस के अवसर पर सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा चैम्बर भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बड़ी संख्या में सदस्यों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और कालीमाटी शहर को टाटानगर और जमशेदपुर के नाम से एक नई पहचान दिलाने के लिये उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की। उक्त जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी।

## तिलक पुस्तकालय पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संगठन की मजबूती पर जोर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दौरा जमशेदपुर में सोमवार को रक्तदान शिविर में शामिल होने के लिए हुआ। इस क्रम में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह का आगमन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में अपराह्न 3:30 बजे हुआ। जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने प्रोटोकॉल के तहत अतिथिगणों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित पदाधिकारी को संबोधित करते हुए मार्ग दर्शन दिया कि



अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के स्थाई आमंत्रित सदस्य सह प्रदेश प्रभारी के. राजू ने आह्वान किया है कि जिलाध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष के साथ सीधे तौर पर मिल रहे हैं।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने की बैठक सह कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन सभागार में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिले में कार्यरत सभी पारा लीगल वोलेनटियर्स के साथ बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश के आलोक में किया गया। वहीं गौतम कुमार ने उपस्थित पारा लीगल वोलेनटियर्स को कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों एवं प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पारा लीगल वोलेनटियर्स को निर्देश दिया गया कि आगामी 8 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार अपने अपने क्षेत्र में करें तथा पक्षकारों को समझा बुझाकर अपने-अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराने के लिए प्रेरित करें।

## एमटीएमएच में आधुनिक ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो




ओटी का उद्घाटन करते चाणक्य चौधरी, डॉ आरएन शर्मा, राकेश्वर पांडेय व अन्य और आधुनिक ओटी का दृश्य।

**जमशेदपुर।** मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल (एमटीएमएच) ने अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए आज अपने मौजूदा भवन में एक समर्पित ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। यह ऑपरेशन थिएटर एमटीएमएच में इन-हाउस कैंसर सर्जरी शुरू करने के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधा है, जिसकी शुरुआत अप्रैल 2025 में होने की योजना है। यह लंबे समय से महसूस की जा रही जरूरत को पूरा करेगा, जिससे कैंसर सर्जरी के मरीजों को अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। खासतौर पर, आयुष्मान योजना और मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज करा रहे मरीजों को इस सुविधा से सीधा लाभ मिलेगा, क्योंकि अब एमटीएमएच में ही उनकी सर्जरी संभव होगी। मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का निर्माण एनएबीएच दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है और इसमें अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं। इसका उद्घाटन टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, कॉरपोरेट सर्विसेज, चाणक्य चौधरी ने किया। इसे गोल्डन जुबली ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स नाम दिया गया है और यह एमटीएमएच के गोल्डन जुबली वर्ष के तहत की गई विभिन्न पहलों में से एक है। मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल (एमटीएमएच), जमशेदपुर में स्थित एक ट्रस्ट अस्पताल है, जिसकी स्थापना 1975 में इस क्षेत्र के कैंसर मरीजों की देखभाल के लिए की गई थी। इसका नाम लेडी मेहरबाई टाटा, (सर दोराबजी जमशेदजी टाटा की पत्नी) के सम्मान में रखा गया है। 2017 में, टाटा ट्रस्ट्स ने एमटीएमएच को 72 बिस्तरों वाले कैंसर अस्पताल से एक 131 बिस्तरों की व्यापक कैंसर देखभाल सुविधा में अपग्रेड करने की परियोजना को मंजूरी दी।

## एक नजर में

### टाटा संस के चेयरमैन पहुंचे टाटा वर्कर्स यूनियन



**जमशेदपुर।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन आज बिष्टुपुर स्थित टाटा वर्कर्स यूनियन कार्यालय पहुंचे। उनके साथ टाटा स्टील के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन, कार्यपालक निदेशक कौशिक चटर्जी, वीपी अत्रेई सान्याल एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इनका स्वागत यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व महासचिव सतीश सिंह ने गर्मजोशी से किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने कहा कि जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य हासिल करने में यूनियन प्रबंधन कापूरा साथ दे। इसके अलावा कॉस्ट मैनेजमेंट, उत्पादकता बढ़ाने आदि में भी हमें यूनियन का सहयोग चाहिए।

### भोजपुरी स्टार पवन का करणी सेना ने किया स्वागत



**जमशेदपुर।** अपनी फिल्म काली माटी की शूटिंग के लिए जमशेदपुर पहुंचे भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह का सोमवार की शाम स्वागत क्षत्रिय करणी सेना परिवार ने होटल पहुंच कर शॉल और बुके देकर किया। साथ ही आने वाले फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह, हरि सिंह राजपूत, रंजन सिंह, मोहित सिंह, हिमांशु सिंह, रवि शंकर सिंह, कृष सिंह व रोहित सिंह मौजूद थे।

### तुपुदांग में चला मासिक धर्म जागरूकता अभियान



**जमशेदपुर।** मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैलाने और महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्व जन सेवा ट्रस्ट द्वारा तुपुदांग में मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत प्रोजेक्ट बाला पैड का नि:शुल्क वितरण भी किया गया, जिससे स्थानीय महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षित और पुन: प्रयोग योग्य सैनिटरी पैड की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. मनीष झा के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने उपस्थित महिलाओं को माहवारी से जुड़े मिथकों और गलतफहमियों को दूर करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता अपनाकर महिलाएं न केवल कई संक्रमणों से बच सकती हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा सकती हैं। इस अवसर पर सिवानी बोदरा सहित कई अन्य महिलाओं ने सहयोग किया और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया। महिलाओं ने खुलकर अपने अनुभव साझा किए और इस तरह की पहल की सराहना की।

### साईं देवस्थानम् में चैत्र नवरात्र 30 से



**जमशेदपुर।** साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वावधान में श्री साईनाथ देवस्थानम्, घोड़ाबांधा में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। नौ दिवसीय कार्यक्रम में पूजन, भजन, हवन, महाआरती एवं प्रसाद जैसे विभिन्न अनुष्ठान होंगे। 30 मार्च सुबह 7 बजे कलश स्थापन पूजन अनुष्ठान प्रारंभ किया जायेगा। तत्पश्चात प्रत्येक दिन की पूजा सुबह 7 बजे, पुष्पांजलि सुबह 8 .45 बजे, मंगल आरती सुबह 9 बजे एवं संध्या आरती रात्रि 7 बजे होगी। जो भी भक्त अपना कलश पूजन में रखना चाहते हैं वो मंदिर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### वरिष्ठ नागरिक और मॉर्निंग वॉकर्स कदमा ने अन्नदाता का जन्मदिवस मनाया



**जमशेदपुर।** टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसारवानजी टाटा की जयंती के अवसर पर कदमा सोनारी लिंक रोड गोल चक्कर के समीप मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप वरिष्ठ नागरिकों ने टाटा जी का जन्मदिवस मनाया तथा प्रतिमा पर श्रद्धापुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। 186 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप व वरिष्ठ नागरिक सदस्यों में मुख्य रूप से डा?भरत साहब, रामदेव जी, एस एन मित्रा, श्रीकांत देव, एल एस दास, गुलशन सहगल, अजय श्रीवास्तव, भरत भूमिज, ए के राय, एस एस दास, गणेश चौधरी, शंभू सरदार, धीरेन गोराय, विनोद सिंह, अनिल, शर्मा जी, सोमनाथ, गोपाल सिंह, चन्दन लोधी, ओमप्रकाश सिन्हा, यशवंत साहू के साथ कई लोग उपस्थित होकर श्रद्धापुष्प अर्पित कर अन्नदाता को नमन किया। राहगीरों ने भी रुक रुक कर टाटा साहब की प्रतिमा पर श्रद्धा पुष्प किये। सबों के बीच ग्रुप के द्वारा लड्डू वितरित किये गये।

## स्पीड न्यूज

### अविनाश देव ने कल्पना सोरेन से मुलाकात कर दी जन्मदिन की बधाई




**मेदिनीनगर।** झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह संत मरियम आवासीय विद्यालय के चैयरमेन व वरिष्ठ झामुमो नेता अविनाश देव ने सोमवार को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने श्रीमती सोरेन को हेमंत सरकार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर किये गये कार्य पर चर्चा की। कहा कि सरकार के इस प्रयास का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। साथ ही श्री देव ने विधायक कल्पना सोरेन को पलामू में आने का न्योता दिया। श्री देव ने कहा कि यह भी एक सुखद संयोग है जब कल्पना के जन्मदिन के दिन ही राज्य का अबुआ बजट आया है, जो राज्य को नयी दिशा देगा और विकास की गति तेज होगी।

### अबुआ बजट दिशाहीन और विकास विरोधी: अमित तिवारी



**मेदिनीनगर।** वित्त मंत्री द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत किये गये बजट पर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार का बजट विकास विरोधी एवं दिशाहीन है। इसमें समाज के सभी वर्गों का ध्यान नहीं रखा गया है। हेमंत सरकार ने इस बजट को पेश कर दिखा दिया कि नौजवान छात्र के प्रति एवं विकास के प्रति उनकी कोई पहल नहीं है। सिंचाई के लिए भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। झारखंड प्रदेश के लोगों की अपेक्षाएं इस बजट से ज्यादा थी लेकिन झारखंड वासियों को सिर्फ ठगा गया। 450 में गैस सिलेंडर का वादा भी बजट में नहीं है। सभी वर्गों को इससे ठगा ही गया है।

### वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में सबसे बड़ी चुनौती सत्ता और सोशल मीडिया



**मेदिनीनगर।** सांस्कृतिक पाठशाला की 66वीं कड़ी में वैज्ञानिक चेतना के विस्तार की चुनौतियां और उनके समाधान विषय पर एक कार्यशाला की गयी। इसकी अध्यक्षता इप्टा के जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह और संस्कृतिकर्मी ललन प्रजापति ने की। कार्यशाला की भूमिका रखते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में आने वाली चुनौतियों को पहचानना और उनसे निपटने की रणनीति बनाना आवश्यक है। बिना वैज्ञानिक चेतना के, कोई भी विकास नीति सतत और प्रभावी नहीं हो सकती। किसी भी चुनौती का समाधान तभी संभव है जब हम पहले उसके स्वरूप को सही तरीके से समझें। गोविंद प्रसाद ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में सबसे बड़ी बाधा सत्ता की नीतियां, मीडिया और सोशल मीडिया बन रही हैं। मौके पर कुलदीप राम, रवि शंकर, अजीत पाठक, ललन प्रजापति, सुरेश सिंह ने विचार व्यक्त किये।

### पांकी की समस्याओं को लेकर जयराम महतो से मिले पूर्व प्रत्याशी ओंकारनाथ



**पांकी पलामू।** राज्य के जनहित मुद्दे को विधानसभा में उठाने में अव्वल विधायक हैं टाइगर जयराम महतो। उक्त बातें जेएलकेएम के पूर्व प्रत्याशी ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे विधानसभा सत्र के दौरान टाइगर से मिलकर पांकी विधानसभा के कई मामलों को विधानसभा में उठाने के लिए ज्ञापन सौंपा। जिसमें पांकी, तरहसी और लेस्लीगंज को नगर पंचायत का दर्जा देने, 28 मार्च के विशाल मेला को राजकीय मेला का दर्जा देने की भी मांग शामिल है। वहीं नीलगाय के फसल रौंदने से हो रहे नुकसान की भी जानकारी उन्हें दी। श्री जायसवाल ने कहा कि उन्होंने टाइगर से पारा शिक्षक, मनरेगा कर्मी अनुबंध पर बहाल किये गये पुलिसकर्मी, जलसहिया और सहिया बहनों की मांग को भी उठाने का आग्रह किया है।

### महिलाओं और नौजवानों को अपने संगठन में शीघ्र जोड़ेगी भाकपा माले



**पड़वा पलामू।** प्रखंड के लोहड़ी गांव में भाकपा माले पड़वा इकाई का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसकी अध्यक्षता सुरेन्द्र पासवान ने की। मुख्य अतिथि माले के प्रभारी जिला सचिव रवींद्र राम और पर्यवेक्षक रामराज पासवान थे। सम्मेलन की शुरुआत बासू गांव के पार्टी सदस्य दिनेश्वर महतो, बैरिया मेदिनीनगर के राधेश्याम भुइयां, जमशेदपुर के विनोद लहरी के निधन पर मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक सांगठनिक विषय पर बहस कर संगठन को मजबूत करने के लिए महिलाओं व नौजवानों को अधिक से अधिक सदस्य बनाकर उन्हें सक्रिय करने का निर्णय लिया। वहीं वृद्धावस्था पेंशन, विधवा व दिव्यांग पेंशन तीन हजार प्रतिमाह करने, मनरेगा मजदूरी 600 प्रतिमाह करने, एमएसपी को कानूनी दर्जा देने, सिंचाई परियोजनाओं जैसे अमानत बराज, मलय जलाशय योजना, बंटाने जलाशय योजना से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की। सात सदस्यीय कमेटी गठित की गयी, जिसमें प्रदीप विश्वकर्मा, विनय शर्मा, सुरेंद्र पासवान, उपेंद्र भुइयां, रामरक्षा पासवान, मदन साव, मोतिलाल मेहता शामिल हैं।

### अंचल निरीक्षक पर जाली वंशावली बनाने का आरोप, एसपी से शिकायत

**मेदिनीनगर।** झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य मनोज कुमार गुप्ता ने चैनपुर अंचल निरीक्षक पर जमीन का जाली वंशावली बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने पलामू एसपी को आवेदन देकर इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पलामू जिले में व्याप्त भू माफिया गिरोह से अंचल कार्यालय चैनपुर के पदाधिकारी व कर्मचारी विशेषकर पाली कार्प तिर्की यहां की जनता की रैयती जमीन का जाली वंशावली, जाली नामांतरण, एक केवाले को दो बार नामांतरण का दस्तावेज तैयार कर जमीन माफिया के सिंडिकेट में शामिल होकर भ्रष्टाचार कर अवैध उगाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन में न्यायालय में दाखिल परिवाद पत्र संख्या 736/2025 संलग्न है। जो चैनपुर थाना प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज हेतु आदेश है। पर पॉली कार्प तिर्की के दबदबा से न्यायालय के आदेश के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। अपराधी प्रवृत्ति प्रतीत दिखता पॉली कार्प तिर्की के सहयोग से यह संगठित अपराध होता प्रतीत होता है।

# पांकी विधायक ने राज्य में रिक्त पदों पर बेरोजगारों की नियुक्ति का मामला उठाया

- पद रिक्त होने से विभागीय कार्यों में हो रहा विलंब : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने अल्पसूचित प्रश्न के दौरान विधानसभा में राज्य में रिक्त पदों पर बेरोजगारों की नियुक्ति का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि वित्त विभाग के रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024-25 में स्वीकृत पदों की संख्या 03,26,049 है। विधायक के सवाल को स्वीकारते हुए जवाब में कहा गया कि वित्त विभाग झारखंड रांची के माध्यम से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार स्वीकृत पदों में से 1,58,486 पद रिक्त हैं। डा मेहता ने कहा कि स्वीकृत पदों में से करीब 1.59 लाख पद रिक्त हैं। पद रिक्त होने से विभागीय कार्यों के पूर्ण होने में अनावश्यक देरी होती है। जवाब में कहा गया कि पद रिक्त रहने के कारण कार्य में कठिनाईयो को दूर करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। नियुक्तियों की प्रक्रिया लगातार चल रही है। नई नियुक्तियां सरकार की प्राथमिकता है।



डॉ मेहता ने कहा कि क्या सरकार रिक्त पदों के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया कर राज्य के स्थानीय युवाओं को रोजगार देने का विचार रखती है हां तो कब तक और नां तो क्यों नहीं है। जवाब में कहा गया कि सरकार लगातार रिक्तियों को भरने का कार्य कर रही है। रिक्त पदों पर नियुक्तियां सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विधायक ने सवाल उठाया कि राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत पदों की संख्या पांच लाख 33 हजार 737 थी। इसे स्वीकार किया गया। विधायक के सवाल के जवाब में कहा गया कि विभागों द्वारा स्वीकृत पदबल एवं कार्यरत पदबल की संख्या में दोहरापण के कारण कर्मियों की संख्या में असमानता को ठीक किया गया है। रिक्त पदों पर बेरोजगार युवकों की बहाली शीघ्र की जायेगी।

सांसद ने किया रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह में कई योजनाओं का शिलान्यास

# सड़क निर्माण से सुलभ होगा लोगों का आवागमन : सांसद बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर/ रामगढ़/ चैनपुर।** रामगढ़ प्रखंड के ग्राम नावाडीह में सांसद विष्णु दयाल राम ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखंड में 809.72 (आठ करोड़ नौ लाख बहत्तर हजार रुपये) की लागत से कुल 9.22 किमी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इनमें चैनपुर-रामगढ़ प्रखंड के ग्राम गोरे से कोरवा टोला बलहीया कोरवा टोला तक 2.30 किमी, चैनपुर-रामगढ़ प्रखंड के ग्राम सरहुआ से कोरवा टोला वाया सरहुआ स्कूल 0.77 किमी, चैनपुर-रामगढ़ प्रखण्ड के आरसीडी करसो रोड़ से पचलेवा तक 4.45 किमी लागत 387.92 करोड़, चैनपुर-रामगढ़ प्रखंड के गोरे पीपराटांड कोरवा टोला से नावाडीह पीडब्लुडी रोड़. तक 1.70 किमी लागत 146.09 करोड़ रुपये शामिल है। सांसद ने कहा कि इसके अतिरिक्त चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखंड के आदिम जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएम जनमन) के तहत 10 सड़कों का निविदा जल्द प्रकाशित होगी। इनमें चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ से मुस्लिम टोला वाया दुर्गा मंडप नारायण तक 4.4 किमी, चैनपुर हुटार आरसीडी रोड़ से वाया खुरा भौराहा तक 2.5 किमी, रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से हिसरा तक 2.41 किमी, पचलेवा बभनडीह आरईओ रोड़ से खरवा महुआ दामर तक 2.6 किमी, रमकंडा डालटनगंज आरसीडी रोड़ से वाया तेमारी हिसरा करमा तक 4.175 किमी आदि शामिल है।

# पड़वा : ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत, एनएच जाम

- परिजनों और स्थानीय लोगों ने किया एनएच जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के पड़वा मवि के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि बाइक चालक रंजीत मेहता, उनकी पत्नी चंचला देवी व मृतक की बच्ची रुही (4) घायल हो गयी। घटना दोपहर करीब ढाई बजे की है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य पथ को जाम कर दिया। करीब तीन घंटे बाद बजे बीडीओ अमित झा के आश्वासन के बाद जाम हटा। स्थानीय लोगों व पड़वा पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच में भेजा।





घटना के बाद आक्रोशित परिजनों को समझाते बीडीओ डॉ अमित कुमार झा।

कसवाखांड के रणजीत मेहता बाइक से पत्नी चंचला देवी, पत्नी की बड़ी बहन सुशीला देवी, उसकी पुत्री रुही को लेकर नावा बाजार के लठेया से सुशीला के गाड़ीखास छोड़ने जा रहा था। इसी बीच मवि पड़वा के समीप पीछे से आ रही ट्रक में सटने से बाइक चालक व सवार गिर गये। जिसमें सुशीला ट्रक के पिछले चक्का के नीचे चली गयी। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जानकारी मिलते ही पड़वा पुलिस मौके पर पहुंच ट्रक व ड्राइवर को कब्जे में ले लिया। ट्रक ले जा रही पुलिस को ग्रामीणों ने रोक दिया। घटना के बाद परिजन मौके पर पहुंच कर एनएच-75 पर वाहनों का आवागमन को बाधित कर दिया। जामकर्ता 5 लाख रूपए नगद व मुआवजे की मांग कर रहे थे। जानकारी मिलते ही बीडीओ डा अमित कुमार झा ने परिजनों को सरकारी प्रवधान के तहत तत्काल मुआवजा राशि देने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने करीब तीन घंटे बाद सड़क जाम हटाए। मृतक के शव को पड़वा पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेजा। मौके पर एसआई विक्की कुमार मौजूद थे।

पांकी विधायक ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

# विस क्षेत्र की वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर त्वरित कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से रांची स्थित राजभवन में मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर पांकी विधानसभा क्षेत्र में संवेदक- मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शंस के द्वारा तरहसी से तेतराई होते हुए बलियारी मोड़ तक एवं उसी पैकेज में शामिल अन्य चार महत्वपूर्ण पथों के कार्य में शिथिलता बरतने, पांकी प्रखंड अंतर्गत ढूब-छतरपुर मार्ग में अमानत नदी पर अधूरे पुल के धंसने एवं किये गये घटिया निर्माण कार्य की जांच हेतु वर्ष-2021 में मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर गठित जांच समिति द्वारा आज तक प्रतिवेदन समर्पित नहीं करने, पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में जल-नल योजना में संवेदक एवं पदाधिकारियों की मिलीभगत से किये गये वित्तीय अनियमितता के संबंध में अवगत कराया।



राज्यपाल को मांग पत्र सौंपते विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

साथ ही पांकी विधानसभा में सरकारी योजनाओं में अनियमितता व भ्रष्टाचार मामले की जांच कर इसमें शामिल संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने पांकी विधानसभा में जल जीवन मिशन योजना से निर्मित लघु पेयजलापूर्ति योजनाओं में विभागीय अभियंताओं के संरक्षण में संवेदकों द्वारा वित्तीय अनियमितता की जा रही है। इस मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाये। विधायक के द्वारा राज्यपाल को बताया गया कि कई बार विभागों में शिकायत करने के बाद संवेदकों को दंड देने के बजाय संरक्षण दिया जा रहा है। राज्यपाल के द्वारा तुरंत ही इन विषयों पर संज्ञान लेते हुए जाँच कराने का आश्वासन देते हुए अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## चर्चित धवाबार कांड में महिला थाना ने फरार अभियुक्त के घर ढोल बजा चिपकाया इश्तेहार

- गांव में ढिंढोरा पिटवाया, आत्म समर्पण नहीं होने पर कुर्की भी संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना के बेलबीघा पंचायत के धवाबार में हुसैनाबाद महिला थाना कांड के प्राथमिक अभियुक्त बीरेंद्र यादव पिता स्व चंद्रदेव यादव पता-बेल बिगहा, धावाबार, थाना-हुसैनाबाद जिला पलामू के विरुद्ध हुसैनाबाद महिला थाना पुलिस के द्वारा गांव में ढोल बाजा के साथ ढिंढोरा पिटवाया एवं आत्मसमर्पण हेतु अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया। जहां एसआई रामनंदन प्रसाद के साथ अन्य कई पुलिस कर्मी व गांव लोगों की उपस्थिति में ढोल बजाकर इश्तेहार लगाया गया।



महिला थाना अधिकारी श्री प्रसाद ने बताया कि वह उक्त कांड का प्राथमिक अभियुक्त है और गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहा था। जिसके बाद जिला न्यायालय दंडाधिकारी के निर्देश में आज इश्तेहार चिपकाया गया जिसमें कई सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को सूचित करने हेतु बताया गया है।

## लगातार आठवीं बार आलोक शुक्ला बने रेहला रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष

- विश्रामपुर में रेहला रामनवमी पूजा समिति का हुआ पुनर्गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** रामनवमी पूजा को लेकर रेहला महावीर मंदिर परिसर में सोमवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डॉ वीपी शुक्ला ने की। बैठक में इस बार रामनवमी पूजा महोत्सव व जुलूस को और भव्यतम करने का निर्णय लिया गया। पूजा और जुलूस के सफल संचालन के लिए पूजा समिति पुनर्गठित की गयी। सर्वसम्मति से आलोक शुक्ला को लगातार आठवीं बार समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं संतोष कश्यप, रमाकांत शुक्ला, दिनेश शुक्ला व गोल्डन चौबे को उपाध्यक्ष, अमित चौबे, अवनीश दुबे व अनूप सोनी को सचिव, शैलेन्द्र दुबे, संजीत सिंह व विकास शुक्ला को कोषाध्यक्ष, सचिन चौबे, पुनीत शुक्ला व राजन मिश्रा को उप सचिव, संतोष गुप्ता, पंकज गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, राहुल शुक्ला, सुनील सिंह, रिंकू दुबे, पंकज चौबे, जीतू सोनी, सुजीत चौबे, सुमित तिवारी, सोनू पांडेय व रितेश पांडेय को संगठन मंत्री, मणिकांत दुबे व शशिकांत शुक्ला को मीडिया प्रभारी चुना गया।



### बजट राज्य के विकास का प्रतिबिंब : हृदयानंद मिश्र



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के द्वारा पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि यह बजट झारखंड के चतुर्दिक विकास में एक नया प्रतिमान स्थापित करेगा। चूंकि इस बजट से समाज के हर वर्ग का समुचित विकास अंतर्निहित है। मंईयां सम्मान, सर्वजन पेंशन एवं 200 यूनिट बिजली बिल माफ निर्बाध जारी रहेगा। वित्त मंत्री ने पिछले वर्ष से 17000 करोड़ ज्यादा 145400 करोड़ का बजट पेश किया है, जिससे चतुर्दिक विकास होगा।

### सात परीक्षा केंद्रों पर 32 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के सभी परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा में मैट्रिक व इंटर की शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा हुई। हुसैनाबाद में मैट्रिक परीक्षा के लिए सात केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें सोमवार को गणित विषय में सभी परीक्षा केंद्र पर कुल 6,251 में 20 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में मनोविज्ञान व कंप्यूटर इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 472 में 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बक्शी उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक संतोष प्रसाद, बालिका प्लस टू विद्यालय पर उपेंद्र राम, हार्वे प्लस टू उच्च विद्यालय पर डॉ सूजाउल हक, शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पर प्राचार्य प्रेमनाथ सिंह, कमगारपुर प्लस टू उच्च विद्यालय पर विश्वजीत कुमार चौबे, सरस्वती विद्या मंदिर पर अशोक कुमार आदि परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते देखे गये।

चैनपुर में पंचायत सहायक संघ की बैठक, विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

### पंचायत सहायक चयन से जुड़े आवश्यक निर्देशों को कड़ाई से लागू किया जाये : अजीत चौधरी



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड परिसर स्थित पीपल पेड़ के पास पंचायत सहायक संघ चैनपुर की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अजीत चौधरी जबकि संचालन अरुण चौरसिया ने किया। बैठक में संघ से जुड़े विभिन्न मुद्दों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजीत ने कहा कि झारखंड सरकार ने 12 मार्च 2024 को कैबिनेट से आदेश जारी किया था कि पंचायत स्वयंसेवकों को हेल्प डेस्क में पंचायत सहायक के रूप में चयन करने के लिए ग्राम सभा से अनुमोदन किया जाये। इसके तहत ग्राम पंचायत मुखिया और पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया था।

## आठ को मनेगी पूर्व विधायक व वरिष्ठ अधिवक्ता की पुण्यतिथि

- पलामू के पीडीजे होंगे मुख्य अतिथि 12 अधिवक्ता होंगे सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व विधायक व वरीय अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी की 38वीं पुण्यतिथि व अधिवक्ता सम्मान समारोह 8 मार्च शनिवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन में मनाया जायेगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक व स्व त्रिपाठी के नाती व वरीय अधिवक्ता शशि भूषण दुबे ने दी। बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव होंगे। जबकि





वशिष्ठ अतिथि कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव दास होंगे। मौके पर कई न्यायिक अधिकारी के अलावे सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 12 अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जायेगा।

### बरसैता व कांकेकला के बीच पिटाई कर बाइक-मोबाईल लूटा

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के नावाडीह भुड़वा निवासी रितेश कुमार मेहता पिता नंद किशोर मेहता ने पाटन थाना प्रभारी को आवेदन देकर मारपीट करने व बाइक-मोबाइल लूटने के आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। श्री मेहता ने कहा कि दो मार्च को मेदिनीनगर से डा आरपी सिन्हा के क्लिनिक से डियूटी कर घर जा रहा था। इसी क्रम में बरसैता व कांके कला के बीच बालू डंपिंग के पास पहुंचा तो एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पीछा कर हमारे बगल से होकर रूका था।

## जैक सदस्य डॉ प्रसाद ने किया विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड में सोमवार को वार्षिक माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा 2025 में परीक्षा केंद्र का जैक सदस्य डॉ प्रसाद पासवान ने पांकी के रा. कन्या मवि, बुनियादी विद्यालय, प्रोजेक्ट नारायण हरिवंश बावि, आर के उवि, पांकी मजदूर किसान इंटर कॉलेज डंडार कला परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण हो रही है। मौके पर



परीक्षा केंद्र कन्या मवि के केंद्रधीक्षक अमित गुप्ता, उपकेंद्रधीक्षक रामप्रसाद मिश्र, केंद्र मजिस्ट्रेट इंद्रदेव यादव, पांकी थाना एएसआई श्याम लाल यादव, परीक्षा केंद्र विक्षक संजीव कुमार, ओम प्रकाश, शैलेंद्र यादव, सतीश कुमार, मो इम्तियाज अहमद, सुरेंद्र सिंह जितेंद्र यादव, रंजीत पांडे, राहुल चक्रवर्ती सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# लोइंगा की रोजन मियां फिर से करवा रहा है झाला का निर्माण, आक्रोश

- पाटन सीओ ने 25 फरवरी को ही उक्त पथ से हटवाया था अतिक्रमण

**मनीष दुबे**

**पाटन पलामू।** लोइंगा पंचायत के लोइंगा ग्राम में रोजन मियां पिता स्वर्गीय रमजान मियां के द्वारा रोड का अतिक्रमण कर झाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। रोजन मियां लगभग तीस वर्षों से रोड का अतिक्रमण कर रखा था जिसको लेकर ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन दिया था। पाटन सीओ ने असथल कि जांच कर रोड अतिक्रमण सही पाया था जिसके बाद अंचल के द्वारा रोजन मियां को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटीश जारी किया गया था परन्तु रोजन मियां के द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। जिसके बाद एसडीओ के निर्देश पर पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव सीआई प्रगास राम तथा पाटन पुलिस के द्वारा बुलडोजर चला कर अतिक्रमण 25 फरवरी को हटा दिया गया था लेकिन रोजन मियां ने प्रशासन को दरकिनार करते हुए पुनः रोड का अतिक्रमण कर झाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे पुनः ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो गयी है। लोइंगा पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार यादव उर्फ गुड्डू यादव ने शीघ्र इसकी सूचना पाटन सीओ को देने कि बात कही है मुखिया गुडु यादव ने कहा कि प्रशासन अविलंब निर्माण कार्य को बंद कर रोजन मियां पर कानूनी कार्रवाई करे जिससे रोड का अतिक्रमण नहीं हो तथा जनता को आने जाने में परेशानी नहीं हो पाये। रोजन मियां झगड़ालू व्यक्ति है वह जनप्रतिनिधि की बात को नहीं सुनता है।





फिर से किया जा रहा है अतिक्रमण और कुछ दिन पूर्व अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

# खाटू श्याम बाबा के प्रति भक्ति और समर्पण भावना है : अविनाश राजा

- अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद ने किया खाटू श्याम निशान शोभायात्रा का स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्याम मित्र मंडल ने खाटू श्याम की शोभायात्रा हर्षोल्लस के साथ निकाली, जिसमें हजारों श्याम भक्त शामिल हुए। शोभा यात्रा में गाजे बाजे के साथ नृत्य करते लोग पूरे शहर का भ्रमण किये। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के नेतृत्व में खाटू श्याम की शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के संरक्षक विनोद उदयपुरी, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष अविनाश राजा, राष्ट्रीय बजरंग दल विनय शर्मा, विशाल रावत, अभाविप के नितीश दुबे, वंदना श्रीवास्तव, अर्चना सिन्हा, अशोक पांडेय, चंदा झा, उदय झा, अनामिका सिंह, उमा शुक्ला आदि श्याम भक्त मौजूद थे। मौके पर राष्ट्रवादी अविनाश राजा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने अबीर गुलाल उड़ाकर, पुष्प वर्षा कर एवं श्याम मित्र मंडल को तलवार एवं अंग वस्त्र के साथ पटाखे की ध्वनि के साथ स्वागत किया गया। कहा कि निशान यात्रा का स्वागत कार्यक्रम पिछले 8 वर्षो से होते आ रहा है जिसके उद्देश्य खाटू श्याम बाबा के प्रति भक्ति व समर्पण भावना है। श्याम बाबा किसी विशेष जाती के नहीं सभी लोगों के हैं। उन्होंने जिले में मिस पलामू वीरांगना प्रतियोगिता एवं एक मुट्ठी अनाज दान घर घर की संक्षेप में चर्चा की।



शोभा यात्रा का स्वागत करते अविनाश राजा व अन्य समिति के लोग।

# मिलावटी मिठाइयों की धड़ल्ले से बिक्री


खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में इन दिनों मिलावटी मिठाइयों की बिक्री तेजी से बढ़ रही है। शादियों के सीजन और होली के त्यौहार शुरू होने के साथ ही स्थानीय बाजारों में बड़े पैमाने पर नकली खोआ, सिंथेटिक दूध और हानिकारक रंगों से बनी मिठाइयां बेची जा रही हैं, जिससे आम लोगों की सेहत खतरे में पड़ गई है। संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं और वे बिना किसी डर के इन हानिकारक उत्पादों को बेच रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों में अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में कई दुकानदार घटिया गुणवत्ता वाली मिठाइयां बिहार और उत्तर प्रदेश से मंगवाकर बेच रहे हैं। खासकर रसगुल्ले, लड्डू, बर्फी और पेड़े जैसी मिठाइयों में सिंथेटिक दूध और नकली खोआ का इस्तेमाल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, मिठाइयों में जहरीले रंग और केमिकल मिलाए जा रहे हैं, जो सेहत के लिए बेहद नुकसानदायक हैं। कई लोगों ने मिठाई खाने के बाद पेट दर्द, उल्टी और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याओं की शिकायत की है।


स्वास्थ्य स्वास्थ्य चिकित्सकों के अनुसार मिलावटी मिठाइयां लिवर और किडनी पर बुरा असर डाल सकती हैं। इसके बावजूद प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बाजारों में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम भेजकर सैंपल की जांच की जाए और मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। फूड इंस्पेक्टर अंजना रानी मिंज के मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**प्रशासन बेखबर**



ऑटो पर लदा सामान

## भवनाथपुर थाना परिसर में मधुमक्खियों का आतंक



पेड़ों पर मधुमक्खियों का छत्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना परिसर में मधुमक्खियों का आतंक बना हुआ है, जिससे न सिर्फ पुलिसकर्मी बल्कि आम ग्रामीण भी डरे हुए हैं। थाना प्रभारी रजनी रंजन सहित अब तक कई पुलिसकर्मी और ग्रामीण इनके डंक का शिकार हो चुके हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि लोग थाना परिसर में जाने से पहले कई बार सोचने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, थाना परिसर में लगे पीपल के कई पेड़ों पर मधुमक्खियों ने बड़े-बड़े छत्ते बना लिए हैं।

जब भी कोई शोर-शराबा या हलचल होती है, तो मधुमक्खियां अचानक झुंड में हमला कर देती हैं। अब तक कई पुलिसकर्मियों को मधुमक्खियों ने काट लिया है, जिससे उन्हें अस्पताल तक जाना पड़ा।

ग्रामीणों की भी यही स्थिति है। कई लोग किसी समस्या को लेकर थाना जाने से कतराने लगे हैं, क्योंकि डर है कि कहीं मधुमक्खियों का शिकार न बन जाएं। पुलिस प्रशासन ने इस समस्या से निपटने के लिए उच्च अधिकारियों को सूचना दी है, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। मधुमक्खियों को हटाने के लिए वन विभाग या किसी विशेषज्ञ की मदद लेने की जरूरत बताई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि लोग बिना किसी डर के थाना जा सकें और पुलिसकर्मी भी सुरक्षित रह सकें।

## सीओ ने किया भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण

**मझिआंव।** नगर पंचायत कार्यालय के समीप बीडीओ, सीओ एवं प्रखंड एवं अंचल कर्मचारियों के लिए चार भाग में भवन निर्माण कार्य को अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा सोमवार को निरीक्षण किया गया। यह निर्माण कार्य ग्रामीण विकास विभाग से 5 करोड़ 82 लख रुपए की लागत से बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा सभी तरह से चल रहे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया।

## हाथियों ने ली वृद्ध की जान

**रंका।** थाना क्षेत्र में इन दिनों गजराज का तांडव रूकने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों के झुंड ने बरदरी गांव के 60 वर्षीय हरि कोरवा को दौडा कर सुंढ से पकड़ कर मार डाला। जबकि दूसरी घटना में हाथियों के भगाने पर सुनील को हाथियों ने सुंढ से उठाकर फेंक दिया। घायल को ग्रामीणों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। वही मृत हरि कोरवा के शव को को वन विभाग की टीम एवं रंका थाना ने कब्जा कर पोस्टमार्टम के लिए गढवा भेज दिया है।

## गणित विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



परीक्षा देते परीक्षार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की गणित विषय की परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण हुई।

मैट्रिक के कुल 1460 परीक्षार्थियों में 1451 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जमा दो उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 716 में 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। बालिका उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक शशि रमण प्रकाश व सहायक धर्मदेव उरांव ने बताया कि मैट्रिक के कुल 125 परीक्षार्थी में 2 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। वहीं राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फुलेन्द्र राम ने बताया कि मैट्रिक के कुल 303 में 1 परीक्षार्थी ृपरीक्षा से अनुपस्थित रहे। राजकीय मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकू कुमार पासवान ने बताया कि मैट्रिक के कुल 316 परीक्षार्थी में 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित थे। जैक द्वारा आयोजित परीक्षा को लेकर सीओ विकास पांडेय एवं थाना प्रभारी जय प्रकाश गुप्ता ने बारी बारी से सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## 2.5 लाख रुपए लूट कर भाग रहे लूटेरे की जमकर धुनाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के मेन रोड स्थित जवाहर भोजनालय के समीप सोमवार को दिनदहाड़े दो अज्ञात लुटेरों ने एक राहगीर से 2.5 लाख रुपये की लूट की।

लेकिन लुटेरों की योजना पर तब पानी फिर गया जब पीड़ित ने साहस दिखाते हुए एक लुटेरे को पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पकड़े गए लुटेरे की जमकर धुनाई की और पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि लूट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। फरार लुटेरे की तलाश जारी है। हालांकि, अब तक पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

## छात्र-छात्राओं को दी गई सड़क सुरक्षा की महत्वपूर्ण जानकारी

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी, गढ़वा के निर्देशानुसार प्रखंड के जाटा स्थित हाई स्कूल में छात्रों का काउंसलिंग कर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया गय। इस दौरान लोगों के बीच रोड सेफ्टी हैण्डबुक और रोड़ सेफ्टी पम्पलेट का भी वितरण किया गया।

## मूंगा बने मुखिया संघ के अध्यक्ष

**केतार।** बलिगढ़ पंचायत सचिवालय के सभागार कक्ष में सोमवार को परती कुसवानी के मुखिया मुनि देवी की अध्यक्षता में केतार प्रखंड के सभी सातों पंचायत के मुखिया ने बैठक किया। जिसमे केतार प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष मुखिया प्रमोद कुमार (केतार पंचायत) को हटाते हुए। नई अध्यक्ष को चुनने पर विचार विमर्श किया। सभी मुखिया ने अध्यक्ष प्रमोद कुमार के प्रति उनके क्रियाकलाप एवं संघ के प्रति उदासीन रवैया के कारण असंतुस्टता प्रकट किया।

## एसडीओ के निर्देश पर विद्यालय भूमि का सीमांकन



उपस्थित पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** सदर एसडीओ संजय कुमार के निर्देश पर प्रखण्ड के राजकीय मध्य विद्यालय कांडी की भूमि का सीमांकन सोमवार को किया गया। गढ़वा अंचल के अमीन कृष्णा राम ने भूमि का सीमांकन किया। उक्त विद्यालय का चाहरदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विद्यालय के पश्चिम तरफ चाहरदीवारी का निर्माण स्कूल भवन के सटाकर किया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय लोग व स्कूल प्रबंधन ने इसकी शिकायत एसडीओ से करते हुए मापी कराने की मांग किया था। जिसके बाद आज सीमांकन का कार्य किया गया। ज्ञात हो कि मध्य विद्यालय कांडी का कुल भूमि 60 डिसमिल सरकारी दस्तावेजों में अंकित है। हाल सर्वे के खाता संख्या 238 के प्लॉट संख्या 29 में 2 डिसमिल, प्लॉट 30 में 17 डिसमिल व प्लॉट 31 में 41 डिसमिल स्कूल का जमीन दर्ज है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया व भाजपा नेता विनोद प्रसाद ने कहा कि आज की स्कूल के भूमि का सीमांकन जो किया गया है वह स्पष्ट नहीं है।

मापी में पारदर्शिता नहीं बरता गया है। कांडी की जनता को व स्कूल प्रबंधन को स्कूल का 60 डिसमिल अलग कर दिया जाए। जब तक 60 डिसमिल जमीन विद्यालय को सुपुर्द नहीं किया जाएगा यहां की जनता चुप नहीं बैठेगी। इस विषय में अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि मध्य विद्यालय कांडी की भूमि का सीमांकन का कार्य पूरा कर लिया गया है। सीमांकन के बाद विद्यालय प्रबंधन को इसकी जानकारी दे दी गयी है कि आपका जमीन कहां तक है।

## युवक को गिरफ्तार कर भेजा गया कारागार



गिरफ्तार विजय राम

**कांडी।** थाना क्षेत्र के मोखापी गांव निवासी विजय राम पिता शंभू राम को कांडी पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि समकालीन अभियान चलाकर कांडी थाना कांड संख्या 01/2024 के प्राथमिकी अभियुक्त विजय राम को आईपीसी की धारा 304(बी)/120(बी)/34 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## विश्व वन जीव दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विश्व वन जीव दिवस के अवसर पर सोमवार को अंत्योदय आदिवासी उच्च विद्यालय देवगाना में लीगल लिटरेसी क्लास सह जागरूकता कार्यक्रम किया गया। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक गोरख तिवारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 21वीं सदी में ढिबरी-लालटेन के सहारे जीने को विवश हैं घोड़ पात्थर के ग्रामीण

सन्तोष कुमार रजक

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के खुटिया पंचायत अंतर्गत परासपानी खुर्द गांव के घोड़ पात्थर टोले में 21वीं सदी में भी लोग ढिबरी लालटेन व सोलर के सहारे जीने को विवश हैं। बताते चलें कि इस गांव की आबादी लगभग 200 से ऊपर है। इस टोले में आदिवासी व आदिम जनजाति सहित अन्य जाति के लोग भी निवास करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक हम सभी बिजली देखे ही नहीं है। पूछे जाने पर सभी ने बताया कि किसी तरह लालटेन व सोलर के रोशनी से बच्चों की पढ़ाई व घर में रोशनी करने का काम करते हैं। साथ ही सभी ने यह भी बताया कि यहां किसी भी जनप्रतिनिधि या प्रशासन का भी ध्यान नहीं है। शिकायत करते हुए बताया कि आज के लगभग दो-चार साल पहले बिजली उपभोक्ता बनाने के नाम पर 500 रुपए की उगाही भी की गई थी, लेकिन आज तक बिजली का कनेक्शन भी नहीं हो पाया। सभी ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता से अविलंब बिजली आपूर्ति की मांग की है। ग्रामीण सकलदीप कोरवा, रामनाथ गोंड, सीताराम गोंड, तुलसी गोंड, रामजीत गोंड, नंदू कोरवा, सतेन्द्र ठाकुर, अक्षय पासवान, देवी चरण, संपत कोरवा नारायण कोरवा, सुदाई कोरवा रामप्रीत कोरवा, विजय कोरवा, राजकुमार कोरवा, देवकुमार कोरवा, सुरेंद्र कोरवा, सुभाष कोरवा, सुकनी देवी, कविता देवी, प्रमिला देवी आदि ने बताया कि खेतों की सिंचाई से लेकर अन्य कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं। शाम में अंधेरा होने पर डर से जल्द सो जाते हैं, फोन चार्ज 12 वोल्ट बैटरी सोलर से किसी तरह करते हैं। सभी ने बताया कि पूर्व विधायक व वर्तमान विधायक को इस बात से अवगत कराया गया है, लेकिन किसी ने भी आजतक पहल नहीं किया। बता दें इस टोले लगभग 5 7 बोरिंग है लेकिन सभी में फ्लोराइड पाया गया है, यहां के आदिवासी और आदिम जनजाति एवं अन्य जाति के लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीते हैं जिससे कई तरह की बीमारी हो जाती है। इस संबंध में पूछे जाने पर खुटिया पंचायत मुखिया नजारा बीबी ने कहा कि बिजली की समस्या बहुत दिनों से है वैसे सर्वे का काम चालू है बहुत जल्द तार और पोल गड़ जाएगी और बिजली की समस्या से निजात मिलेगी। इस संबंध में पूछे जाने पर विद्युत कनिय अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि प्रखंड व क्षेत्र के वैसे गांव टोले जहां अभी तक बिजली पोल व बिजली तार नहीं गई है। वहां मौजी नामक कंपनी को टेंडर मिला है। बहुत जल्द ही गांव टोले में सर्वे कर तार पोल पहुंचेगी और लोग उजाले में रहेंगे।



जानकारी देते ग्रामीण



## MINISTRY OF ROAD TRANSPORT AND HIGHWAYS
## NOTIFICATION
New Delhi, the 22nd November, 2024

S.O. 5026(E)— In exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 3A of the National Highways Act, 1956 (48 of 1956) (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government, after being satisfied that for the public purpose, the land, the brief description of which is given in the Schedule below, is required for building **Widening / Re-construction to Two Lane with paved Shoulder of NH-143AG from Km 37.400 (Design chainage) to Km 85.560 (Design Chainage) Bero - Khunti Section (in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05) in the state of Jharkhand,** maintenance, management and operation of NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND, hereby declares its intention to acquire such land.

Any person interested in the said land may, within twenty-one days from the date of publication of this notification in the Official Gazette, object to the use of such land for the aforesaid purpose under sub-section(1) of section 3C of the said Act.

Every such objection shall be made to the Competent Authority, namely, District Land Acquisition Officer Ranchi in writing and shall set out the grounds thereof and the Competent Authority shall give the objector an opportunity of being heard, either in person or by a legal practitioner, and may, after hearing all such objections and after making such further enquiry, if any, as the Competent Authority thinks necessary, by order, either allow or disallow the objections.

Any order made by the Competent Authority under sub-section (2) of section 3C of the said Act shall be final.

The land plans and other details of the land to be acquired under this notification are available and can be inspected by the interested person at the aforesaid office of the Competent Authority.

**SCHEDULE**

Brief Description of the land to be acquired with or without structures falling NH143AG in the stretch of land from Km. 37.400 to Km. 85.560 **(in Ranchi district from Km 33.25 to Km 58.05)** (DLAO RANCHI) in the district of RANCHI in the state of JHARKHAND

| State: JHARKHAND | | | District: RANCHI | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Survey/Plot Number | Type of Land | Nature of Land | Area (in Local Unit) | Area (in Hectares) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| Taluk: Bero | | | | | |
| Village: Bero | | | | | |
| 496 | 1568 | Government (GM KHAS) | NADI | 0.188 (Acre) | 0.0760826 |
| 497 | 1569 | Private (RAIYATI) | PARTEE ADEEM | 0.8081 (Acre) | 0.3270336 |
| 498 | 1570 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1912 (Acre) | 0.0773776 |
| 499 | 1571 | Government (GM KHAS) | PARTEE ADEEM | 0.3055 (Acre) | 0.1236342 |
| 500 | 1633 | Government (GM KHAS) | JHADI JUNGLE | 0.4298 (Acre) | 0.1739377 |
| 501 | 1656 | Government (GM KHAS) | JHADI JUNGLE | 2.967 (Acre) | 1.200728 |
| Village: Baridih | | | | | |
| 502 | 10 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.4488 (Acre) | 0.1816269 |
| 503 | 112 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0059 (Acre) | 0.0023877 |
| 504 | 119 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.39 (Acre) | 0.1578308 |
| 505 | 120 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.8697 (Acre) | 0.3519628 |
| 506 | 121 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.4338 (Acre) | 0.1755565 |
| 507 | 122 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.3364 (Acre) | 0.1361392 |
| 508 | 123 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1123 (Acre) | 0.0454472 |
| 509 | 150 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.3642 (Acre) | 0.1473897 |
| 510 | 154 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.6899 (Acre) | 0.2791987 |
| 511 | 155 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0778 (Acre) | 0.0314852 |
| 512 | 314 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.4363 (Acre) | 0.1765682 |
| 513 | 315 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.6045 (Acre) | 0.2446378 |
| 514 | 316 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3944 (Acre) | 0.1596115 |
| 515 | 323 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.4951 (Acre) | 0.2003642 |
| 516 | 324 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.2078 (Acre) | 0.0840955 |
| 517 | 325 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3262 (Acre) | 0.1320113 |
| 518 | 341 | Private (RAIYATI) | PARTEE ADEEM | 0.0612 (Acre) | 0.0247673 |
| 519 | 342 | Private (RAIYATI) | PARTEE ADEEM | 1.2436 (Acre) | 0.503278 |
| 520 | 343 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0203 (Acre) | 0.0082153 |
| 521 | 350 | Government (GM KHAS) | NADI | 0.1518 (Acre) | 0.0614326 |
| 522 | 418 | Private (RAIYATI) | PARTEEKADEEM | 0.008 (Acre) | 0.0032376 |
| 523 | 431 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3795 (Acre) | 0.1535815 |
| 524 | 5 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0209 (Acre) | 0.0084581 |
| 525 | 56 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0161 (Acre) | 0.0065156 |
| 526 | 57 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0555 (Acre) | 0.0224605 |
| 527 | 58 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.1313 (Acre) | 0.0531364 |
| 528 | 6 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.314 (Acre) | 0.1270741 |
| 529 | 61 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.4565 (Acre) | 0.184743 |
| 530 | 62 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.7124 (Acre) | 0.2883043 |
| 531 | 63 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.2496 (Acre) | 0.1010117 |
| 532 | 64 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.7122 (Acre) | 0.2882234 |
| 533 | 65 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.6299 (Acre) | 0.254917 |
| 534 | 66 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.2309 (Acre) | 0.093444 |
| 535 | 67 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.5583 (Acre) | 0.2259409 |
| 536 | 68 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0885 (Acre) | 0.0358155 |
| 537 | 69 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0067 (Acre) | 0.0027115 |
| 538 | 7 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.4536 (Acre) | 0.1835694 |
| 539 | 8 | Private (RAIYATI) | DON III | 0.0013 (Acre) | 0.0005261 |
| 540 | 9 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.5094 (Acre) | 0.2061514 |
| Village: Taber | | | | | |
| 541 | 169 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0368 (Acre) | 0.0148928 |
| 542 | 290 | Government (GM AAM) | RAASTA | 0.0352 (Acre) | 0.0142452 |
| 543 | 292 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.126 (Acre) | 0.0509915 |
| 544 | 294 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0463 (Acre) | 0.0187374 |
| 545 | 307 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3746 (Acre) | 0.1515985 |
| 546 | 308 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1062 (Acre) | 0.0429786 |
| 547 | 318 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1489 (Acre) | 0.060259 |
| 548 | 320 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1677001 (Acre) | 0.0678673 |
| 549 | 381 | Government (GM KHAS) | MANJHOLA JUNGLE | 3.0184 (Acre) | 1.22153 |
| Taluk: Lapung | | | | | |
| Village: Nawatoli | | | | | |
| 550 | 11 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0061 (Acre) | 0.0024686 |
| 551 | 113 | Private (BAKAAST BHUIHARI) | DON II | 0.059 (Acre) | 0.023877 |
| 552 | 114 | Private (RAIYATI) | PARTEE KADEEM | 0.01 (Acre) | 0.0040469 |
| 553 | 116 | Private (BAKAST) | DON II | 0.0768 (Acre) | 0.0310805 |
| 554 | 117 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0944 (Acre) | 0.0382032 |
| 555 | 118 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.083 (Acre) | 0.0335896 |
| 556 | 12 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0025 (Acre) | 0.0010117 |
| 557 | 127 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0945 (Acre) | 0.0382436 |
| 558 | 128 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0695 (Acre) | 0.0281263 |
| 559 | 129 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1343 (Acre) | 0.0543505 |
| 560 | 13 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3413 (Acre) | 0.1381222 |
| 561 | 134 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1334 (Acre) | 0.0539862 |
| 562 | 135 | Private (raiyati) | DON I | 0.0761001 (Acre) | 0.0307973 |
| 563 | 136 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1369 (Acre) | 0.0554027 |
| 564 | 139 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1124 (Acre) | 0.0454877 |
| 565 | 14 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.4446 (Acre) | 0.1799272 |
| 566 | 140 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.189 (Acre) | 0.0764873 |
| 567 | 141 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.006 (Acre) | 0.0024282 |
| 568 | 142 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0259 (Acre) | 0.0104816 |
| 569 | 143 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.12 (Acre) | 0.0485633 |
| 570 | 144 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.12 (Acre) | 0.0485633 |
| 571 | 145 | Private (raiyati) | DON I | 0.1517 (Acre) | 0.0613922 |
| 572 | 146 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.219 (Acre) | 0.0886281 |
| 573 | 147 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1836 (Acre) | 0.0743019 |
| 574 | 148 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.178 (Acre) | 0.0720356 |
| 575 | 15 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.2235 (Acre) | 0.0904492 |
| 576 | 150 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.2949 (Acre) | 0.1193444 |
| 577 | 151 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1977 (Acre) | 0.0800081 |
| 578 | 153 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.3346 (Acre) | 0.1354108 |
| 579 | 154 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0658 (Acre) | 0.0266289 |
| 580 | 155 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.049 (Acre) | 0.01983 |
| 581 | 156 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.0025 (Acre) | 0.0010117 |
| 582 | 157 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.247 (Acre) | 0.0999595 |
| 583 | 158 | Private (RAIYATI) | DON I | 0.1925 (Acre) | 0.0779037 |
| 584 | 166 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1000001 (Acre) | 0.0404695 |
| 585 | 167 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1661 (Acre) | 0.0672198 |
| 586 | 172 | Private (BAKAST) | TAND II | 0.1027 (Acre) | 0.0415621 |
| 587 | 173 | Private (BAKAAST) | TAND II | 0.0786 (Acre) | 0.031809 |
| 588 | 174 | Private (BAKAST) | TAND II | 0.0166 (Acre) | 0.0067179 |
| 589 | 176 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.13 (Acre) | 0.0526103 |
| 590 | 177 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0164 (Acre) | 0.006637 |
| 591 | 178 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3438 (Acre) | 0.139134 |
| 592 | 179 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.1111 (Acre) | 0.0449616 |
| 593 | 18 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0365 (Acre) | 0.0147714 |
| 594 | 180 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.096 (Acre) | 0.0388507 |
| 595 | 181 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.1303 (Acre) | 0.0527317 |
| 596 | 202 | Private (RAIYATI) | BAG AAM | 0.417 (Acre) | 0.1687576 |
| 597 | 203 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.3025 (Acre) | 0.1224201 |
| 598 | 205 | Private (RAIYATI) | TAND II | 0.0411 (Acre) | 0.0166329 |
| 599 | 255 | Government (GM AAM) | SADAK | 0.0657 (Acre) | 0.0265884 |
| 600 | 447 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0079 (Acre) | 0.0031971 |
| 601 | 448 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0287 (Acre) | 0.0116147 |
| 602 | 449 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0399 (Acre) | 0.0161473 |
| 603 | 450 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.024 (Acre) | 0.0097127 |
| 604 | 451 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0603 (Acre) | 0.0244031 |
| 605 | 452 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0576 (Acre) | 0.0233104 |
| 606 | 453 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0716 (Acre) | 0.0289761 |
| 607 | 454 | Private (BAKAST ) | DON II | 0.0724 (Acre) | 0.0292999 |
| 608 | 455 | Private (RAIYATI) | DON II | 0.0517 (Acre) | 0.0209227 |
| 609 | 456 | Private (BAKAST BHUIHARI) | DON II | 0.0627 (Acre) | 0.0253743 |
| | | | | Total | 11.9227037 |

[F. No.RW/Ranchi/LA/NH-143AG/JHR/3A]
ABHAY JAIN, Director

PR 347654 Land Reforms(24-25D)

# आरंभ है प्रचंड

हेमंत सरकार दो ने अपना पहला बजट प्रस्तुत किया। हेमंत सरकार ने एक जबरदस्त बजट पेश कर राज्य को नयी दिशा देने का सार्थक प्रयास किया है। इस आज बजट का सार्थक अबुआ बजट बनाने की दिशा में ठोस प्रयास भी कह सकते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण के लिए कुल 7 हजार 407 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपए पारित किया है। इस दौरान सरकार की तरफ से स्वास्थ्य और मेडिकल के क्षेत्र में कई बड़ी योजनाओं की भी घोषणा की गई, जो कि सरकार के घोषणा पत्र में भी शामिल थे। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस अवसर पर कहा कि आंरभ है प्रचंड। सरकार राज्यवासियों के लिए सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की लगातार कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने तीन श्रेणी (प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक) स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार ने राज्य की राजधानी में नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के निर्माण पर प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। इसके अलावा, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर राज्य के कुल 6 जिलों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया है। जिसमें खूंटी, गिरीडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिला शामिल है। स्वास्थ्य बीमा का लाभ मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की मंजूरी दी है। मईयां योजना के लिये राशि का आबंटन निश्चित उम्मीद पैदा करता है। राजकोषिय घाटा और देनदारी पूरी तरह नियंत्रण में होना, पर्यटन और शिक्षा के साथ आधारभूत सरंचना पर खर्च से राज्य की समृद्धि में तेज विकास की संभावना है। बजट में राज्य विकास दर भी उम्मीद से अधिक तेज होना सुखद संदेश है। बजट दमदार और राज्य हित में हैं।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

# महाकुंभ: एक प्रशासनिक दक्षता और आस्था का अनूठा संगम

महाकुंभ का एतिहासिक धार्मिक सफल आयोजन का श्रेय सन्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिया जा रहा है और दिया भी जाना चाहिए। आज जापान के उस प्रधानमंत्री की सलाह मूर्तरुप ले रही है जिन्होंने 1960 के दशक में तत्कालिन प्रधानमंत्री नेहरू से कहा था कि आपका देश पर्यटनऔर खेती के सहारे ही विश्व शक्ति बन सकता है। आज महाकुंभ ने देश के सबसे बीमारू राज्य उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में जान फूंक दी। एक अनुमान है कि सिर्फ टीका लगाने वालों ने 150 करोड़ रुपये की कमायी की।


इस मेले की आलोचना करनेवालों को भी दबाव झेलना पड़ा। अखिलेश यादव चुपचाप रात की बेला में कुंभ नहा आये। योगी आदित्यनाथ ने बहुत ही कड़ें शब्दों का उपयोग किया। सूअर और गिद्ध का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि जिसे जो चीज थी वह दिखी।

इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर महाकुंभ के दौरान डुबकी लगायी। एक भगदड़ की घटना में कुछ श्रद्धालुओं का असमय काल-कवलित होना दुखद ही था। कुछ अग्निकांड भी हुए। लेकिन यदि बात करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में स्नान व उनके आने-जाने व रहने की व्यवस्था की हो तो योगी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। रूस-अमेरिका जैसी महाशक्तियों की आबादी से अधिक जनसंख्या का प्रबंधन निश्चय ही एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे दौर में जब उपभोक्ता संस्कृति सिर चढ़कर बोल रही है, तब सनातन संस्कृति का ऐसा उफान चौंकाता है। जिसमें लोग तमाम कष्ट सहकर संगम में डुबकी लगाने को आतुर दिखे।

त्याग-संयम से परिचित कराना कुंभ संस्कृति का उद्देश्य भी रहा है। इस तरह हमने अपने पुरखों की गौरवशाली विरासत का सम्मान किया। जिसमें सदियों से करोड़ों लोग बिना चिट्ठी-पत्री के स्वतःस्फूर्त भाव से कुंभ के मेले में जुटते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में ऐसी क्या खासियत है? महाकुंभ जैसे इतने बड़े आयोजन कैसे सफलतापूर्वक होते हैं? यह देखने पूरी दुनिया के जिज्ञासु, विभिन्न धर्मों के अनुयायी, फोटोग्राफर



और पत्रकार सदियों से महाकुंभ में जुटते रहे हैं। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को युग-परिवर्तन की आहट और विशाल आयोजन की क्षमता से रूबरू कराया है। महत्वपूर्ण यह है कि तीर्थयात्रियों ने जिस तरह दिल खोल कर खर्च किया, वो निश्चय ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का तारणहार बनेगा। बताते हैं कि इससे प्रदेश की जीडीपी में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। जो देश की तमाम देशी-विदेशी इनवेस्ट समिटों से कहीं ज्यादा ठोस आय का स्रोत बना है। कई गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस महाकुंभ के नाम हुए। गुरुवार को तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री योगी को सौंपे गए। विपक्ष, खासकर सपा व कांग्रेस कुंभ आयोजन को लेकर हमलावर रहे हैं। वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ के समापन पर कहा कि ये सरकारी महाकुंभ है। असली कुंभ तो माघ पूर्णिमा को ही संपन्न हो चुका था।



**- एनके मुरलीधर**

> इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निस्संदेह, इतने बड़े जनसैलाब को संभालना किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। लेकिन भविष्य में महाकुंभ के आयोजन के लिये प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। इस बात का वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि भगदड़ को कैसे टाला जाए। आखिर क्यों दो सौ- तीन सौ किलोमीटर के जाम लगते रहे हैं। कैसे ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के किया जाए। हालांकि, 16 नई ट्रेनें चलाने की बात कही गई, लेकिन तमाम स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने के लिये मारामारी होती रही है। दिल्ली रेलवे स्टेशन का हादसा इसका ज्वलंत उदाहरण है। महाकुंभ के सफल आयोजन ने बताया है कि देश में धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। देश में महाकाल कोरिडोर व काशी कोरिडोर की तर्ज पर चारों कुंभ स्थलों पर संरचना निर्माण की दिशा में सोचा जाना चाहिए। प्रयागराज महाकुंभ से प्रेरित होकर महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों की शुरूआत कर दी है। बहरहाल, महाकुंभ को सामाजिक समरसता के उत्सव के रूप में भी याद किया जाएगा, जहां जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषा की वर्जनाएं टूटती नजर आई। महत्वपूर्ण यह भी कि तीर्थयात्री तमाम कष्टों को सहते हुए सनातन संस्कृति में अटूट आस्था दिखाते रहे। महाकुंभ के समापन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का झाड़ू लेकर सफाई में जुटना और सफाईकर्मियों के बीच अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भोजन करना एक प्रशंसनीय प्रयास हैं। वहीं कुंभ आयोजन की रीढ़ रहे पुलिसकर्मियों, सुरक्षाकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, रोडवेज कर्मियों, सफाईकर्मियों को बोनस, छुट्टी और स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देना एक अनुकरणीय पहल है। इससे ऐसे आयोजनों के लिये नई ऊर्जा मिलेगी।

सनातन के शुद्ध विशुद्ध नियम तर्को से चिंतन और त्याग के साथ तपस्या से जाने और समझें जाते हैं। इसके लिये मनोहारी हंस बनाना होगा। विश्व से आगे ब्रम्हाण्ड की चिंता का कुंभ महाकुंभ से घोशित हुआ। नदियों को मां और जीव से शिव के मिलन का संत-सन्याशी और गहस्थों को एक जगह स्थापित करना कुंभ का पुण्य घड़ा निश्चित ही एक जल स्नान नहीं है यह स्नान है त्याग, मोझ, मुक्ति के चिंतन का। महाकुंभ का विश्वघोष बहुत कुछ गया समझने वालों के लिये।

## लेटर टू एडिटर

### आशातीत सफलता

**प्रयागराज** महाकुंभ के आशातीत सफल समापन पर विचार प्रकट करने वाला था। महाकुंभ में संगम में लगभग 66 करोड़ देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने सनातनी परंपरा को जीवंत कर दिया। श्रद्धालुओं का कुंभ पर्व पर एकत्रित होना सामाजिक, आध्यात्मिक एकता समरसता का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश सरकार की कुशल शासन प्रशासन व्यवस्था से महाकुंभ को सफल बनाया उल्लेखनीय है।

**-अनिल कौशिक,रांची**

### जेनेरिक दवाइयां को बढ़ावा

**ब्रांडेड** दवाइयां महंगी होती हैं, जिससे हर साल लाखों लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। जेनेरिक दवाएं, जो उसी साल्ट से बनती हैं, 10 से 20 गुना सस्ती होती हैं और इन्हें सरकारी योजनाओं में बढ़ावा दिया जा रहा है। डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयों का प्रयोग के लिए बढ़ावा देना चाहिए। जिससे गरीबों को राहत मिले।

**- श्यामलाल सिंह, गढ़वा**

## ट्वीट

**ये** भारत जैसा देश है जहां विश्व का सबसे बड़ा मानव समागम बिना किसी व्यवधान के पूरा होता है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूरी टीम के मैनेजमेंट को जितनी बधाई दी जाए वे कम है। 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज जैसे छोटे शहर में आए और आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर वापस अपने स्थान पर पहुंच गए। इससे साफ जाहिर होता है कि किस तरीके के प्रबंध महाकुंभ किए गए होंगे। हमारा ये कथन भी सत्य हुआ कि जहां आस्था है वहां अर्थव्यवस्था है।

**- प्रवीण खंडेलवाल**
**भाजपा सांसद**

# कैंसर रोधी वैक्सीन कितनी कारगर, अभी बहुत कुछ शोध होना शेष

राकेश दुबेरूस ने घोषणा की है कि उसने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध करायी जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग के मुतसबिक, इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करता है) उत्पादन करना सिखाती है। जब यह एंटीजन कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।प्रश्न यह है कि यह वैक्सीन किस तरह से काम करती है? दरअसल, एमआरएनए कैंसर वैक्सीन इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अक्सर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वह पहचान में आने से बच जायें फलस्वरूप प्रतिरोधात्मक क्षमता उन्हें नष्ट नहीं कर पाती। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है और इम्यूनोथेरेपी का विचार यह है कि शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाये कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे तथा फैलने से रोके। इस उपचार में कीमोथेरेपी के विपरीत केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं।वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्यूनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि। अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन रोग को

## चिकित्सा

रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाये, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।कैंसर की वैक्सीन का शोध केवल रूस में ही नहीं हुआ है। पिछले साल इंग्लैंड की नेशनल हेल्थ सर्विस ने कैंसर वैक्सीन लांच पैड स्थापित किया, जो एक ट्रायल कार्यक्रम है ताकि एमआरएनए व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल्स में उन लोगों के लिए तेजी लायी जा सके, जिनको कैंसर होने की पुष्टि हो चुकी है और साथ ही कैंसर का उपचार करने के लिए कैंसर वैक्सीन के विकास को गति प्रदान की जा सके। अमेरिका में ग्लोबल बायोफर्मास्यूटिकल कंपनी क्योरवैक ने पिछले सितम्बर में घोषणा की कि सीवीजीबीएम कैंसर वैक्सीन ने ग्लिओबलस्टोमा (ब्रेन कैंसर) रोगियों पर पहले चरण के अध्ययन में उत्सावर्धक प्रतिरोधात्मक (इम्यून) प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित की हैं।

वर्तमान में कैंसर वैक्सीन को लेकर संसार के विभिन्न हिस्सों में 120 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स चल रहे हैं। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीन शब्द का प्रयोग भ्रामक है।जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपीलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी वैक्सीन जो हेपेटाइटिस बी वायरल संक्रमण को रोकने के लिए दी जाती है, उसकी भी जिगर के कैंसर को रोकने में सुरक्षात्मक भूमिका हो सकती है। डॉक्टर इस बात पर बल देते हैं, " इम्यूनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।" कोई भी नई ड्रग क्लिनिकल ट्रायल्स के अनेक चरणों से गुजरती है। इस प्रक्रिया में सालों लग जाते हैं। जब तक यह सब डाटा सार्वजनिक तौरपर उपलब्ध नहीं होता है, तब तक यह कहना कठिन है कि रूस की उपचार विधि किस स्तर पर है और वह कितनी सुरक्षित व प्रभावी है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# परिसीमन एक सामान्य प्रकिया इस पर राजनीति गलत

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

देश में इस समय परिसीमन के मुद्दे पर सियासत में भूचाल आया हुआ है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पांच मार्च को इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक आहूत की है। उन्हें आशंका है कि परिसीमन के बाद तमिलनाडु की संसदीय सीटों की संख्या कम हो सकती है। स्टालिन का समर्थन दक्षिणी राज्यों के अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी किया है। अभी यह तय नहीं है कि परिसीमन की प्रक्रिया कब शुरू होगी। यह माना जा रहा है कि 2025-26 में होने वाली जनगणना के बाद परिसीमन हो सकता है। इस प्रक्रिया के 2028 तक पूरी होने की संभावना है। परिसीमन एक संवैधानिक प्रक्रिया है, इसलिए स्टालिन का हल्ला मचाना कहीं से भी ठीक नहीं लग रहा। पहले भी देश में परिसीमन हुए हैं।

राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुंचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए।

माना जा रहा है कि 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा। निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा तो शासन में सुधार होगा। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आंकड़ों पर आधारित है। बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आंकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी

## राजनीति

प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढांचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है।

प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुंचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है।

तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है।इससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं।आम आदमी जानना चाहता है कि परिसीमन क्या होता है? इसमें लोकसभा सीटों की संख्या कैसे घट और बढ़ जाती है? तो पहली बात यह कि देश में हर जनगणना के बाद परिसीमन होता है। यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है।वैसे ऐसा जरूरी भी नहीं है कि हर जनगणना के बाद परिसीमन हो। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके तहत लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों का निर्धारण किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य जनसंख्या में बदलाव के अनुसार सभी नागरिकों के समान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना होता है। देश की आजादी के बाद हर 10 साल में जनगणना कराई जाती रही है। हालांकि, 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है।

संविधान के 81(2) में जिक्र है कि किसी राज्य की जनसंख्या और उस राज्य के संसद सदस्यों की संख्या के बीच का अनुपात सभी राज्यों के लिए समान होना चाहिए। इस हिसाब से अधिक जनसंख्या वाले राज्यों में सांसदों की संख्या ज्यादा है और कम जनसंख्या वाले राज्यों में कम सांसद हैं। संभवतः दक्षिणी राज्यों को इसी बात का डर है। कई दक्षिणी राज्यों में जनसंख्या तेजी से घटी है। ऐसे में अगर परिसीमन होता है तो इन राज्यों की लोकसभा सीटों में भी आबादी के अनुसार बदलाव हो सकता है। देश में अब तक चार बार 1952, 1963, 1973 और 2022 में परिसीमन आयोग का गठन किया जा चुका है। पहली बार 1952 में परिसीमन प्रक्रिया के समय देश में 489 लोकसभा सीटें थीं। इसके बाद 1963 में परिसीमन हुआ तो लोकसभा सीटों की संख्या 522 हो गई। 1973 में परिसीमन के तहत लोकसभा सीटों की संख्या 543 हो गई। 1967 में इंदिरा गांधी ने 42वें संविधान संशोधन के जरिए परिसीमन पर 25 साल के लिए रोक लगा दी थी। इसके बाद 2001 में जनगणना हुई और 2002 में परिसीमन आयोग का गठन किया गया। मगर तत्कालीन केंद्र सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के तहत इस पर एक बार फिर 25 साल की रोक लगा दी थी। इस संविधान संशोधन के अनुसार, देश में लोकसभा

# झारखंड बजट 2025-26: विकास या छलावा?

## सियासी घमासान तेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश किए गए 1,45,400 करोड़ के बजट को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। जहां सत्ताधारी गठबंधन इसे जनहितैषी और समावेशी बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे दिशाहीन और छलावा करार दे रहा है।हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने बजट को 'अबुआ सरकार का बबुआ बजट' करार दिया। उन्होंने कहा, 'गठबंधन सरकार ने 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन इस बजट में बेरोजगारी दूर करने का कोई ठोस प्रावधान नहीं है। सरकार की रोजगार योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित हैं, जिससे झारखंड के युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।' वहीं, हजारीबाग लोकसभा सांसद के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा, यह दिशाहीन और आधारहीन बजट है, जिसमें सिर्फ जुमलेबाजी की गई है। महिलाओं, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग को इससे कोई राहत नहीं मिलेगी। सरकार ने चुनावी वादों को पूरी तरह भुला दिया है।ाभाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने भी बजट को विफल करार देते हुए कहा, 'यह बजट जनता को भ्रमित करने और खोखले वादों से गुमराह करने वाला है। सरकार ने महिला सुरक्षा, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया।' उन्होंने आगे कहा, 'राज्य में अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार ने कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के नाम पर केवल योजनाएं घोषित की जाती हैं, लेकिन उनका जमीनी असर नहीं दिखता।' बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने झारखंड के बजट को पूरी तरह फ्लॉप बताते हुए इसे 'अबुआ नहीं, ठगुवा बजट' कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में आदिवासी, मूलवासी, युवा और किसान वर्ग की उपेक्षा की गई है। जनता को उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने उन्हें पूरी तरह निराश किया।









### बजट का सारः जनता को कितना मिलेगा लाभ?

इस बजट में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे पर जोर दिया है, लेकिन विपक्ष इसे सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी बता रहा है। अब सवाल उठता है कि यह बजट वास्तव में झारखंड की जनता के लिए कितना फायदेमंद साबित होगा? क्या यह बजट राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुधार पाएगा, या फिर यह भी महज चुनावी घोषणा बनकर रह जाएगा? इसका जवाब आने वाले समय में ही मिलेगा।

**सत्ता पक्ष का बचावः** बजट झारखंड के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक कदम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने बजट की सराहना करते हुए इसे झारखंड के विकास को गति देने वाला बताया। उन्होंने कहा, 'यह बजट गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है, जिससे झारखंड के आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।' झारखंड कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष निसार खान ने भी बजट को 'समावेशी और सर्वस्पर्शी' बताया। उन्होंने कहा, 'इस बार का बजट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 13% अधिक है, जो यह दर्शाता है कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। बजट में झारखंड की बेटियों, किसानों, उद्यमियों और विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखा गया है।' ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने अबुआ बजट को विकासपरक बताते हुए कहा कि इसमें कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, सड़क निर्माण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रावधान किए गए हैं। यह बजट झारखंड में नई विकास क्रांति लाएगा और राज्य की खुशहाली सुनिश्चित करेगा।

## झारखंड सरकार का बजट निराशाजनक और दिशाहीनः मनोज यादव



**बरही।** विधायक मनोज कुमार यादव ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को निराशाजनक और जनअपेक्षाओं के विपरीत बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है, जिसमें रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की अनदेखी की गई है।विधायक ने कहा कि किसानों को इस बजट से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने उनकी आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया, जिससे वे निराश हैं। इसी तरह, युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलने की आशा थी, मगर बजट में इस दिशा में भी कोई ठोस योजना नहीं दिखती। स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर भी सरकार ने कोई विशेष पहल नहीं की, जिससे आम जनता को निराशा हुई है। चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने के बजाय, सरकार ने उन्हें दरकिनार कर दिया है।

## पकरी बारवाडीह खदान ने रचा इतिहास

### 67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह में जीते सर्वाधिक 9 पुरस्कार



पुरस्कृत होने वाली टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** पकरी बारवाडीह कोयला खनन परियोजना ने 67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह 2024 में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए कुल 9 पुरस्कार जीते, जिससे इसने केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) क्षेत्र में किसी भी एक खदान द्वारा सर्वाधिक पुरस्कार जीतने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें पकरी बारवाडीह को सुरक्षा मानकों और संचालन में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया।67वें वार्षिक सुरक्षा सप्ताह 2024 का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह मगध संघमित्रा क्षेत्र में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा महानिदेशक (सीआईएम) उज्जवल ताह उपस्थित रहे, जिनके साथ डीजीएमएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशकगण, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के कोयला खनन विभाग के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के कोयला खनन विभाग के कार्यकारी निदेशक, तथा हिंडाल्को एवं टाटा इस्पात खदानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### भाजपा का बूथ कमेटी गठन और मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर अहम बैठक सम्पन्न

**बड़कागांव।** भाजपा संगठन महापर्व को लेकर बड़कागांव, उरीमारी और केरेडारी मंडलों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने की, जबकि संचालन केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला सदस्यता प्रभारी विनोद सिंह, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और पूर्व जिला अध्यक्ष व जिला सदस्यता सह प्रभारी टुनु गोप विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बूथ कमेटी गठन और मंडल अध्यक्ष चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। निर्देश दिया गया कि 5 मार्च तक बूथ कमेटी का गठन अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए, जबकि 7 मार्च से 12 मार्च के बीच मंडल अध्यक्षों का चुनाव संपन्न किया जाएगा। मुख्य अतिथि विनोद सिंह ने कार्यकर्ताओं से प्राथमिक सदस्यता, सक्रिय सदस्यता और बूथ कमेटियों के गठन को लेकर फीडबैक लिया और संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया।

### हजारीबाग में ऐतिहासिक फाल्गुन निशान यात्रा का भव्य आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग में अग्रवाल युवा मंच द्वारा आयोजित श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा सोमवार को भव्य और दिव्य वातावरण में संपन्न हुई। पूरे नगर में भक्तिमय उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह पावन यात्रा राणी सती मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुई। जय श्री श्याम के जयकारों, भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा के बीच पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की महिमा गाते हुए नृत्य, कीर्तन और भजनों का आनंद लिया।

### बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार छात्र को कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के ढोढ़िया नदी पुल (पंदना मोड़) के पास सोमवार सुबह 8:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो छात्रों को टक्कर मार दी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों चचेरे भाई थे और मैट्रिक की परीक्षा देने बरकट्ठा प्लस टू हाई स्कूल जा रहे थे। मृतक की पहचान रोहित कुमार (18) पिता अर्जुन महतो, ग्राम सिमरिया, चुगलामो के रूप में हुई, जबकि घायल नीतीश कुमार (18) पिता मंटू महतो, ग्राम बनपुरा, चुगलामो निवासी है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और अवैध बालू परिवहन बंद करने व मुआवजा देने की मांग की। पुलिस के हस्तक्षेप और मुआवजा तय होने के बाद करीब सात घंटे बाद शव उठाया गया। ग्रामीणों ने डीएसपी अजित कुमार विमल से शिकायत की कि बरकंनगांगों एवं बराकर नदी घाट से अवैध रूप से सैकड़ों ट्रैक्टर बालू ढोते हैं, जिन पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिप सदस्य कुमकुम देवी ने परिजनों को सांत्वना दी और अभिभावकों से अपील की कि परीक्षा के दौरान बच्चों को खुद परीक्षा केंद्र तक पहुंचाएं।

### सेवानिवृत्त एसआई जहांगीर हुसैन को दी गई सम्मानजनक विदाई

**बरही।** थाना में कार्यरत एसआई जहांगीर हुसैन के सेवानिवृत्त होने पर रविवार देर शाम थाना प्रांगण में एक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस पदाधिकारियों, जवानों और कार्यालय कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान एसआई जहांगीर हुसैन को पुष्पमाला पहनाकर, अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। विदाई समारोह में एसडीपीओ अजित कुमार विमल, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आभास कुमार, एसआई सुमित साव समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अपने संबोधन में सेवानिवृत्त एसआई जहांगीर हुसैन ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और पुलिस सेवा के दौरान मिले स्नेह व समर्थन के लिए साधुवाद दिया।

### लसकरी गांव में गहराया जल संकट, पेयजल के लिए परेशान लोग

**बरही।** प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर दूर स्थित लसकरी गांव में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। गर्मी की शुरूआत होते ही जलस्तर तेजी से गिरने लगा है, जिससे अधिकांश चापाकल सूख गए हैं। जो एक-दो चापाकल अभी भी काम कर रहे हैं, वहां पानी भरने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। गांव के लोग पानी की इस किल्लत को लेकर चिंतित हैं। उनका कहना है कि गर्मी अभी शुरू ही हुई है, ऐसे में आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। जब भी कोई जनप्रतिनिधि या अधिकारी गांव का दौरा करता है, तो ग्रामीण सबसे पहले पानी की मांग रखते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। लसकरी गांव में लगभग 150 घरों में एक हजार से अधिक लोग निवास करते हैं, जो पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

## पीड़ित परिवार से मिली पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिंह, बंढ़ाया ढ़ाढ़स



पीड़ित परिवार से मिलकर ढ़ाढ़स बंधाती पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** डीएवी बरकाकाना की पूर्व प्राचार्या उर्मिला सिंह सोमवार को जवाहरनगर में मृतक सौरभ कुमार के परिजनो से मिलकर ढांढस बंधाया। मौके पर उर्मिला सिंह ने कहा कि सौरभ स्कूल का बहुत ही होनहार और मेधावी छात्र था। सड़क दुर्घटना में उसकी मौत की खबर से मैं मर्माहत हूं। उन्होंने दिवंगत छात्र की आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

## घोर निराशाजनक बजट, चुनावी वादे पर नहीं किया कोई अमलः मनीष

**रामगढ़।** सोमवार को झारखण्ड सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 का एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट हुआ पेश। बजट झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। इस बजट को घोर निराशाजनक बजट बताते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह बजट अबुआ सरकार का राग अलापने वाली गठबंधन सरकार का झारखंड कि जनता को बबुआ बनाने वाला बजट है।

## नईसराय में डायलिसिस की व्यवस्था को लेकर आरसीएमयू क्षेत्रीय सचिव ने सीसीएल प्रबंध निदेशक को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



आरसीएमएयू क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर

**कुजू।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय सचिव राजकुमार ठाकुर ने सीसीएल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को केंद्रीय अस्पताल नईसराय रामगढ़ में गांधी नगर अस्पताल जैसा डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि सीसीएल की आधी आबादी (कुजू, हजारीबाग, माइंस रेस्कयू रामगढ़, रजरप्पा, धोरी, कथारा, बोकारो, करगली, अरगड्डा, बरका सयाल एरिया एवं केंद्रीय कार्यशाला बरकाकाना) का केंद्रीय एवं नजदीकी अस्पताल रामगढ़ है। साथ ही इन क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों एवं उनके परिवार के इलाज को लेकर पुणतः केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ पर ही आश्रित है। इन क्षेत्रों में किडनी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन डायलिसिस की व्यवस्था केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ में नहीं रहने के के कारण मजदूर एवं उनके आश्रितों को डायलिसिस के लिए रांची जाना पड़ता है।

कुछ मजदूर तो ऐसे भी है जो सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कार्यरत है, और उनके परिवार उपरोक्त क्षेत्रों में निवास करते है। उन मरीजों का डायलिसिस औसतन दो से तीन बार प्रति सप्ताह होता है।

## श्री श्री राम नाम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**कुजू।** श्री श्री राम नाम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर राम जानकी मंदिर समिति मनमोहन नगर साण्डी द्वारा सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भगवा वस्त्र धारण किए 551 महिला पुरुष श्रद्धालु गाजे बाजे के साथ मंडप परिसर से देवी देवताओं के जयघोष के साथ प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना के लिए प्रस्थान किए। इसके बाद कलशधारी अपने अपने कलश में जल को भरा। साथ ही नगर भ्रमण के साथ यज्ञ मंडप पहुंचे। बाद में पंडितो ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंडप प्रवेश कराया।

## सयाल डी परियोजना के अस्पताल को पुनः हॉस्पिटल का दर्जा दिया जाए : त्रिलोकी नाथ

### सयाल डी पीओ को सौंपा 21 सूत्री मांग-पत्र




धरना में शामिल यूनियन के लोग, 21 सूत्री मांग-पत्र सौंपते यूनियन के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** 21 सूत्री मांगों को लेकर दि झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन द्वारा सोमवार को सयाल डी परियोजना कार्यालय के समझ एक दिवसीय धरना सह आमसभा का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता दिझाकोयू के शाखा अध्यक्ष युसूफ खान एवं संचालन शाखा सचिव त्रिलोकी नाथ सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यूनियन के सीसीएल उपाध्यक्ष बीपी लाल, यूनियन के सहसचिव अवधेश कुमार, विशिष्ट अतिथि यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे। आमसभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों एवं विस्थापितों के समस्याओं को लेकर सीसीएल प्रबंधन गंभीर नहीं है। मजदूरों एवं विस्थापितों के साथ भेद-भाव एवं उपेक्षा पुर्ण-निति के कारण मजदूरों एवं विस्थापितों में भारी आक्रोष का माहौल है। जो भविष्य में ओद्योगिक अशांति का कारण बन सकता है। आमसभा के बाद सयाल शाखा की ओर से सयाल डी परियोजना पदाधिकारी को 21 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांग-पत्र में परियोजना के आवागमन रास्ते पर धुल-प्रदूषण से बचाव को ले तीनों समय पानी का छिड़काव करने, सभी माईनस क्वाटरों में लैट्रीन चेम्बर के टुटे पाईप को लैटरिंग चेम्बर तक बदलने एवं मरम्मत करने, ट्रांस्पोटिंग रोड भानू कॉलोनी पुल से लेकर पोड़ागेट एवं टिपला तक जगह-जगह पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण करने, परियोजना के सभी कॉलोनियों में सड़े-गले सप्लाई पाईप को बदलने व समुचित पेयजल की व्यवस्था करने, परियोजना के कॉलोनियों के जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने, सयाल डी परियोजना में कभी आदर्श क्षेत्रिय चिकित्सालय हुआ करती थी। जिसे आज सिर्फ डिस्पेन्सरी की रुप दी गई है उसे दुरूस्त कर फस्ट ऐड किट, दवा एवं ड्रेसिंग की समुचित व्यवस्था करने सहित 21 मांगे शामिल हैं। पत्र के अंत में कहा गया है कि प्रबंधन 15 दिनों के अन्दर वार्ता कर समस्याओं का निदान करें अन्यथा हमारी यूनियन चरणवद्ध आन्दोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर राजेंद्र प्रसाद, नीरज कुमार, विद्यासागर पासवान, राजेंद्र यादव, प्रमोद राय, राज वर्मा, काजल कौर, नीलम चौहान, सुजीत चौहान, अनिल कुमार, प्रयाग महतो, ईश्वरी महतो, छोटू गोस्वामी, रामवृक्ष भुंइया, अमन कुमार, ओम सिंह, बंटी सिंह, नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## छठा वार्षिकोत्सव एवं पांच दिवसीय महायज्ञ 8 मार्च से

### सांसद व विधायक हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर उपस्थित लोग

**चौपारण।** चौपारण के बिगहा स्थित हनुमंत मंदिर परिसर में एक वृहद बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से छठे वार्षिक महोत्सव और पांच दिवसीय महायज्ञ के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस धार्मिक आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक में हनुमत सेवा संस्थान के सदस्यों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव भी पहुंचे, जिन्होंने संस्थान के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे धार्मिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।


## कार्यालयः जिला परिषद, लातेहार

**विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 15.03.2025 से होली 2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 11:00 AM | 33,70,650 | 3,38,000 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 11:30 AM | 28,19,225 | 2,82,000 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 10/03/2025 | 12:00 PM | 8,165 | 1,000 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालूमाथ | 10/03/2025 | 12:30 PM | 17,85,231 | 1,79,000 |
| 5 | बस पडाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालुमाथ | 10/03/2025 | 11:00 AM | 4715.00 | 5,00 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 10/03/2025 | 11:30 AM | 17,94,000 | 1,80,000 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ | बालुमाथ | 10/03/2025 | 12:00 PM | 5,37,912 | 55,000 |

नोट :–
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 11/03/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 12/03/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 347563 Rural Development (24-25)_D

## कार्यालयः असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राँची) Phone/Fax No:0651-2215618
Email ID:- csofficeranchi@yahoo.com

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड के तहत् जिला स्वास्थ्य समिति रांची द्वारा संविदा के आधार पर (बैकलॉक सहित) ए०एन०एम० स्टाफ नर्स/लैब टेक्निशियन/काउन्सेलर/फार्मासिस्ट एवं अन्य निम्नांकित पदो हेतु वांछित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक– 02.04.2025 है। आवेदन पत्र www.ranchi.nic.in or www.sadar hospital.com के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

| SL. NO. | Name of Program | Name Of The Post | Categories Wise Vacancy Details(NHM) | | | | | | Vacant |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ०क०व० | अनु०ज०जा० | अनु०जा० | अ०पि०व० | पि०वर्ग० | |
| 1 | RCH | ANMS | 36 | 9 | 19 | 0 | 9 | 8 | 72 |
| 2 | RCH | GNM/STAFF NURSE | 10 | 2 | 4 | 1 | 0 | 0 | 17 |
| 3 | RCH | BDM | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 4 | DIST NCD CLINIC | GNM | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 5 | CHC NCD CLINIC | GNM | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 4 |
| 6 | DIST CHC CLINIC | Lab Technician | 6 | 1 | 5 | 1 | 1 | 0 | 14 |
| 7 | NCD CHC | Counsellor | 5 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 11 |
| 8 | NPHCE | Rehabilitation worker | 3 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 8 |
| 9 | NPHCE | GNM/STAFF NURSE | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 4 |
| 10 | RMNCH+ A | Counsellor | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 11 | AYUSH | pharmacist | 1 | 0 | 1 | | | | 2 |
| 12 | MTC | Nutrition Counsellor | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 13 | MTC | ANMS | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 14 | SNCU | GNM/STAFF NURSE | 8 | 1 | 6 | 1 | 2 | 0 | 18 |
| 15 | NBSU | GNM/STAFF NURSE | 4 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 8 |
| 16 | RBSK | ANMS | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 |
| 17 | RBSK | pharmacist | 11 | 2 | 9 | 1 | 2 | 0 | 25 |
| 18 | RBSK | Ophthalmic Asst. | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 19 | NUHM | ANMS-UPHC | 11 | 2 | 9 | 2 | 1 | 1 | 26 |
| 20 | NUHM | STAFF NURSE-UPHC | 4 | 1 | 4 | 1 | 1 | 0 | 11 |
| 21 | NUHM | pharmacist-UPHC | 2 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 22 | NUHM | LT-UPHC | 2 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 6 |
| 23 | NUHM | pharmacist-UCHC | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 24 | NUHM | Staff Nurse-UPHC | 4 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 8 |
| 25 | NUHM | LT-UCHC | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 4 |
| 26 | DIST NCD CLINIC | Counsellor | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 27 | NMHP | Clinical psychologist | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 28 | NMHP | Psychiatri social worker | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 29 | RBSK DEIC | GNM/STAFF NURSE | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 30 | RBSK DEIC | Lab Technician | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 31 | RBSK DEIC | Dental Technician | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| Total | | | 130 | 23 | 90 | 10 | 20 | 9 | 273 |

उपरोक्त सभी पदों हेतु संविदा की शर्तें, आवेदन शुल्क, आवेदन की प्रक्रिया, चयन की प्रक्रिया आदि समुचित जानकारी www.ranchi.nic.in or www.sadar hospital.com पर देखा जा सकता है एवं सूचनाएं प्राप्त की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची

PR 347579 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

उप विकास आयुक्त रांची

## झारखंड सरकार के आम बजट पर लोगों ने दी मिली-जुली प्रतिक्रियाएं

# झामुमो, राजद व कांग्रेसियों ने सराहा वहीं भाजपाइयों ने झूठ का पुलिंदा बताया


अन्नपूर्णा देवी


डॉ.नीरा यादव


रामधन यादव


अनूप जोशी


नितेश चंद्रवंशी


संजय पासवान


सईद नसीम


संजय साजन

खबर मन्त्र टीम

**कोडरमा।** झारखंड सरकार के वर्ष 2025-26 के आम बजट पर लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी है। सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। वहीं झामुमो, राजद व कांग्रेसियों ने इस बजट को शानदार एवं ऐतिहासिक करार दिया है। वहीं भाजपाई इसे झूठा एवं घोषणाओं का पुलिंदा बता रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने हेमंत के बजट पर कसा तंज आंकड़े भारी, नीयत खोटी!

झारखंड सरकार के बजट पेश होते ही केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने हेमंत सरकार की बजट पर तंज कसते हुए कहा कि यह आंकड़ों की ऐसी भूलभुलैया है, जिसे समझने के लिए शायद अर्थशास्त्रियों को भी माइक्रोस्कोप चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने इस बजट को कागजी विकास और जमीनी विनाश करार देते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने जनता को फिर से लच्छेदार भाषणों और खोखले वादों के हवाले कर दिया। कहा कि सरकार ने रोजगार पर खूब बातें कीं, लेकिन नौकरियों का कोई रोडमैप पेश नहीं किया। मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि शायद रोजगार की घोषणाएं अदृश्य स्याही से लिखी गई हों, जो आम जनता को कभी दिखेगी ही नहीं! युवा इंतजार कर रहे हैं कि नौकरी आएगी या सिर्फ सरकारी बयानबाजी।

उन्होंने चुनाव के दौरान इंडी गठबंधन को वायदे की याद दिलाते हुए कहा कि चुनावी सभा में इंडी गठबंधन के नेतागण 450 रुपये में रसोई गैस देने का ढिंढोरा पीट रहे थे, लेकिन बजट में इस पर चुप्पी साध ली गई। गृहणियों ने उम्मीद की थी कि सरकार उनके किचन का बोझ हल्का करेगी, लेकिन अब वे समझ गईं कि हेमंत सोरेन सरकार का वादा सिर्फ चुनावी मंच तक ही सीमित था। उन्होंने कहा कि झारखंड की आधी से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर है, लेकिन बजट में कृषि के लिए महज 4587.66 करोड़ दिए गए। यानी, किसानों के लिए बजट में उतनी ही अहमियत है, जितनी हेमंत सरकार में सुशासन की! ये बजट किसानों के लिए वही 'खाली मटका' है, जिसे पीटने पर खूब शोर तो होता है, लेकिन अंदर कुछ नहीं निकलता!

बुजुर्गों की वृद्धा पेंशन और दिव्यांगों की सहायता राशि एक लंबे समय से बंद है, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। सरकार से जब इस बारे में पूछा जाता है, तो जवाब आता है तकनीकी कारणों से रुकी हुई है! सवाल ये है कि ये तकनीकी कारण हैं, या सरकार की तकनीकी बेरुखी? अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बजट में न तो युवाओं के लिए रोजगार की ठोस योजना है, न किसानों के लिए राहत, न ही महिलाओं और गरीबों के लिए ठोस प्रावधान। उन्होंने इसे जनता के साथ विश्वासघात बताया और सरकार से जवाब मांगा।

### सिर्फ घोषणाएं, अबुआ नहीं पिछुआ बजट है : डॉ.नीरा यादव

राज्य की हेमंत सरकार द्वारा सोमवार को विधानसभा में प्रस्तुत बजट में सिर्फ घोषणाएं की गयी हैं और अपनी नाकामी छुपाने के लिए केंद्र सरकार पर दोष मढ़ने का काम किया है। कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने राज्य के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सरकार सिर्फ घोषणा करना जानती है। मंईयां योजना का क्या हाल हो रहा है, पूरा प्रदेश देख रहा है। पूरे राज्य में लूट और अफसरशाही हावी है। उन्होंने पिछले बजट का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें कहा गया था कि जनजातीय गावों में अखड़ा का निर्माण किया जाएगा तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति की जाएगी। राज्य में 19 डिग्री कॉलेज खोले जाने, चार महिला कॉलेज बीआइटी सिंदरी में स्टेट टेकनोलॉजी पार्क की स्थापना की घोषणा की गयी थी। हर जगह फ्लाई ओवर बनाये जाने का आश्वासन मिला था। ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख करने तथा एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना के तहत शामिल किए जाने का एलान किया गया था, पर हुआ क्या? इस बार भी ना तो बजट में रोजी रोजगार की चिंता है और ना ही युवाओं का पलायन कैसे रुके, बुनियादी सुविधाओं का विकास कैसे हो, ना इस पर कोई प्रावधान है। स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी कुछ उपाय नहीं किए गए हैं। राज्य के ग्रामीण सड़कों की हालत खराब है, हर जगह पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो पायी है, पर इनपर भी बजट में विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। कुल मिलाकर जिस बजट को अबुआ बजट कहा गया है वह राज्य को और पीछे ले जाने वाला बजट है, यह अबुआ नहीं पिछुआ बजट है।

### किसानों को आमदनी बढ़ाने का अवसर मिलेगा : रामधन यादव

झारखण्ड की अबुआ बजट में कई नई योजनाओं और परियोजनाओं की घोषणा की गई, जो राज्य के विकास और नागरिकों के जीवन में सुधार के लिए मील का पत्थर साबित होगा। झारखण्ड सरकार की अबुआ बजट झारखण्ड के विकास और प्रगति के लिए गेम चेंजर बजट है। उक्त बातें जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा। श्री यादव ने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शिक्षा क्षेत्र में इनोवेशन हब और पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट सर्किट से जोड़ने को लेकर खास ऐलान किया। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं प्रतिभावान छात्रों को झारखण्ड में ही तकनीकी तौर पर बेहतर कार्य करने लिए प्लेटफॉर्म मिलेगा। कृषि क्षेत्र और ग्रामीण विकास का कुल बजट 15 हजार करोड़ के करीब है, जो हेमन्त सरकार की गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। श्री यादव ने कहा कि कृषि और ग्रामीण विकास क्षेत्र में प्रावधान से किसानों को आमदनी बढ़ाने का अवसर मिलेगा। वहीं ग्रामीण विकास की योजनाओं को गांव और झारखंडी आमजनमानस को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने में मददगार साबित होगी। श्री यादव ने अबुआ बजट को आम जनमानस के लिए क्रांतिकारी बजट करार दिया है और अबुआ झारखण्ड सर्वश्रेष्ठ झारखण्ड वाला बजट करार दिया है।

### झारखंड का बजट दिग्भ्रमित करने वाला : अनूप जोशी

झारखंड राज्य का बजट सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने विधानसभा में पेश किया जो केवल जनता को ठगने और आंख मिचौली वाला बजट करार दिया। वहीं उन्होंने कहा बेरोजगार युवाओं के लिए आपकी क्या नियत है, महिला और किसान के लिए अब विकास के लिए क्या करना चाहते हैं आपके बजट में कुछ पता नहीं है, यह केवल एक दिग्भ्रमित करने वाला बजट है और जनता को ठगने वाला बजट है।

### हेमंत सोरेन ने आंकड़ों का खेल खेला है : नितेश चंद्रवंशी

हेमंत सोरेन आंकड़ों का खेल खेला है। बड़े बजट बनाकर आम जनता को फिर से गुमराह करने की कोशिश की है। हमने बजट में युवाओं, महिलाओं एवं किसानों को निराश होते हुए देखा है। कोई रोड मैप नहीं बना है, जिससे उनका भविष्य सुधर सके। सिर्फ आंकड़ों की खेल में अपना पीठ ठोकने का प्रयास किया है।

### राज्य सरकार को बजट में संशोधन करना होगा : संजय पासवान

झारखंड बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। बजट में हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। इसलिए यह एक संतुलित बजट है, लेकिन बजट में रोजगार पर कोई विशेष चर्चा नहीं है, जबकि युवाओं को रोजगार देने के लिए विशेष जोर दिया जाना चाहिए था। सर्वजन पेंशन योजना के तहत बुजुर्ग, विधवा व अनुसूचित जाति की 50 वर्ष से उपर की महिलाएं को सर्वजन पेंशन योजना के तहत मिलने वाली पेंशन को मंईयां योजना की तरह 25 सौ रूपये किया जाना चाहिए था। बजट में बिजनस स्कूल खोलने की घोषणा की गई है, जो शिक्षा का निजीकरण की ओर इशारा करता है। जो गरीब छात्रों के हित में नहीं होगा। झारखंड बजट में पहली बार बाल बजट का एलान किया गया है। इसके लिए सरकार ने 9411.27 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो स्वागत योग्य है। बजट से आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य, सहिया, विद्यालय रसोइया, जल सहिया को निराशा हाथ लगी है। केन्द्र सरकार ने तो अपनी बजट में इनके लिए कुछ नहीं किया, हेमंत सरकार से इन योजना कर्मियों को काफी उम्मीद थी कि, इनको न्यूनतम वेतन के दायरे में लाया जाएगा और मानदेय वृद्धि होगी। इसलिए राज्य सरकार को बजट में संशोधन करना होगा।

### शिक्षा, स्वास्थ्य व सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : सईद नसीम

झारखंड का नवीनतम बजट राज्य की शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अधोसंरचना और सामाजिक कल्याण में सुधार के लिए एक ठोस रणनीति प्रस्तुत करता है। यह बजट न केवल इन क्षेत्रों को मजबूत बनाने की दिशा में काम करेगा, बल्कि युवाओं, किसानों और मजदूरों के सशक्तिकरण का एक ठोस रोडमैप भी तैयार करेगा। कांग्रेस नेता सईद नसीम के अनुसार यह बजट संतुलित, समावेशी और विकासोन्मुखी है, जो झारखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बजट का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक नागरिक को समान अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन स्तर में सुधार कर सकें। शिक्षा के क्षेत्र में निवेश से युवा पीढ़ी को बेहतर अवसर मिलेंगे, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार से लोगों की जीवन गुणवत्ता में वृद्धि होगी। कृषि और अधोसंरचना के विकास के लिए किए गए उपाय किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेंगे और सामाजिक कल्याण योजनाएं समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाएंगी। कुल मिलाकर, यह बजट झारखंड के विकास की नींव रखता है, और यह सुनिश्चित करता है कि सभी वर्गों के लोग इस विकास में भागीदार बन सकें।

### गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट : संजय साजन

झामुमो के निवर्तमान जिला प्रवक्ता संजय साजन ने झारखंड के अबुआ बजट बताते हुए कहा है कि यह गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं के उत्थान का बजट है। झारखंड में गांव के आर्थिक विकास और आधारभूत संरचना को लेकर सरकार की गंभीरता इस बजट में झलकती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार के इस बजट में शहर से लेकर गांव और शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन क्षेत्र के विकास पर जोर दिया गया है। राज्य के किसान समृद्ध हों, उनके फसल का सही मूल्य मिल सके, उन्नत कृषि के साथ किसानों का जुड़ाव सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पार्ट 2 का यह पहला 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट है, इस पहले बजट में गठबंधन वाली सरकार के द्वारा जनता से किए गए वायदों को पूरा करने के लिए यह पहला कदम है।

## अवैध शराब की खेप के साथ बिहार निवासी दो तस्कर गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** आरपीएफ कोडरमा की टीम ने अवैध शराब की खेप के साथ बिहार निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कपरसड़ी थाना नालंदा निवासी 29 वर्षीय चंदन कुमार पिता कृष्णा चौधरी व अस्थामा थाना अस्थावा जिला नालंदा (बिहार) निवासी 26 वर्षीय कुमार गौरव पिता जवाहर प्रसाद शामिल है। वहीं इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि रविवार शाम चार बजे मेरे नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रधान आरक्षी अजय कुमार सिंह व आरक्षी शंकर प्रसाद मेहता कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 4-5 पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान दिल्ली इंड साइड स्थित अंतिम यात्री शेड के पास दो व्यक्तियों को बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। संदेह होने पर चंदन कुमार के कब्जे वाले पिट्ठू बैग को खोलकर जांच की गयी, तो उसमें चार बोतल शराब और कुमार गौरव के बैग से सात बोतल शराब बरामद हुई। जब्त की गयी शराब की कीमत 6610 रुपये बतायी जाती है। शराब और गिरफ्तार आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

## बढ़ते सड़क हादसे से गम्भीर हुआ पुलिस प्रशासन

- कोडरमा में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान
- दो दर्जन से अधिक बाइक सवारों से वसूला गया जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हाल के दिनों में बढ़ते सड़क हादसे को देख पुलिस प्रशासन गम्भीर हो गया है। वहीं सोमवार को प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार और थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक बाइक सवारों पर नियमों के उल्लंघन कर बाइक चलाने के आरोप में मोटरसाइकिल को जप्त किया गया, साथ ही आर्थिक जुर्माना वसूला गया। कोडरमा थाना परिसर में बाइक सवारों को सम्बोधित करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी ने कहा कि जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाकर आपलोगों को यातायात नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है, फिर भी आपलोग निर्देशों का उल्लंघन कर बाइक चलाते हैं, आपलोगों की छोटी सी चूक के कारण हादसे होने की सम्भवना बनी रहती है। वहीं उन्होंने लोगों से वाहन चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करने, ट्रिपल लोड नही चलने, बाइक चलाते समय सभी प्रकार के कागजात दुरुस्त रखने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अपील किया। मौके पर सड़क सुरक्षा की टीम व पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नईटांड पंचायत रघुनियाडीह में अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से लगभग 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। वहीं युवक की पहचान अबुतल्हा अंसारी जयनगर निवासी के रूप में की गयी है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जयनगर-डोमचांच मुख्य मार्ग जाम कर दिया। घटना का सूचना मिलते ही सीओ एवं थाना के कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बूझकर जाम हटवाया। इस संबंध में मृतक के पिता ने जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई एवं उचित मुआवजे की मांग की है।

## बकाया होल्डिंग कर, बिना अनुमति वाले प्रतिष्ठान हुए सील

- नगर प्रशासन की सख्ती, बिना व्यवसाय अनुमति चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर परिषद द्वारा लंबे समय से बकाया होल्डिंग कर और बिना व्यवसाय अनुमति (ट्रेड लाइसेंस) के संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर परिषद द्वारा लगातार व्यापारियों को जागरूक करने और नोटिस भेजने के बावजूद कई प्रतिष्ठान बिना अनुमति के ही संचालन कर रहे थे। इसी को लेकर सोमवार को नगर प्रशासक के निर्देश पर एक संयुक्त टीम ने राँची-पटना मार्ग स्थित कला मंदिर के पास अनपूर्णा भंडार और माया मेडिकल को सील कर दिया। वहीं नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि बिना व्यवसाय अनुमति के व्यापार करना गैरकानूनी है और इसे लेकर नगर परिषद लगातार प्रचार-प्रसार कर रही थी। पहले भी कई व्यापारियों को अंतिम नोटिस देकर दिया गया लेकिन फिर भी कुछ प्रतिष्ठान बिना अनुमति के चल रहे थे। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

**बिना व्यवसाय अनुमति वालों के लिए चेतावनी, जल्द बनवाएं लाइसेंस :** नगर परिषद ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने व्यवसाय अनुमति प्रमाणपत्र बनवा लें अन्यथा कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। नगर प्रशासन की यह सख्ती अब जारी रहेगी, जिससे शहर में सुनियोजित और कानूनी तरीके से व्यापार संचालन को सुनिश्चित किया जा सके। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद की संयुक्त टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर रणधीर कुमार वर्मा, विशाल कुमार, शंभू कुमार रजक, संतोष प्रसाद, अभिषेक कुमार मेहता, अजित कुमार मेहता, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, भोला कुमार दास, दुलारचंद यादव, मुकेश यादव सहित होमगार्ड के जवानों की उपस्थिति में प्रतिष्ठानों को सील किया गया।

## खबर एक नजर में

### मां भद्रकाली मंदिर की यज्ञशाला में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय रामतारक महामंत्र महायज्ञ शुरू



**इटखोरी।** मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञशाला में सोमवार से नौ दिवसीय रामतारक महामंत्र महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में इटखोरी एवं मयूरहंड प्रखंड के विभिन्न गांवों के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ परिसर से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु प्रखंड क्लॉनी, धनखेरी चौक व गांधी चौक होते इटखोरी चौक स्थित बजरंगबली मंदिर पहुंचे। यहां मंदिर का परिक्रमा करते हुए वे लोग मिडिल स्कूल एतबार बाजार होते हुए नगर एवं ब्रम्हा चौक का भ्रमण करते हुए मंदिर के उत्तरवाहिनी नदी के तट पर पहुंचे। व्रतियों ने नदी के तट से कलश में जल भरकर पुनः सर पर कलश लेकर भद्रकाली मंदिर प्रांगण स्थित भव्य यज्ञशाला पहुंचे। यहां विधि-विधान के साथ यज्ञशाला में कलश स्थापित किया गया। इसके बाद यज्ञ कमिटी के अधिकारियों एवं सदस्यों ने इन व्रतियों का उपवास चना, गुड़ व शरबत पिलाकर तुड़वाए। इस यज्ञ को सफल बनाने में यजमान के रूप में कैलाश सिंह व उनकी पत्नी, लक्ष्मी सिंह, सियाराम सिंह, बेचन सिंह, सुरेंद्र सिंह, सिताराम दांगी, डोमन राणा, रत्न शर्मा, सुरेश सिंह और रामदहिन सिंह समेत कई लोग जुटे हुए हैं।

### टंडवा में नो एंट्री नियमों की उड़ रही धज्जियां, प्रशासन बना मूकदर्शक

**चतरा।** टंडवा क्षेत्र में जे.ए.आर.एल सहित कई ट्रांसपोर्ट कंपनियों के वाहन लगातार नो एंट्री नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी वाहन प्रतिबंधित समय में भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। एक ट्रक चालक ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग का पूरा काम सूरज जी नाम के व्यक्ति के माध्यम से चलता है, जिन्होंने अधिकारियों से सेटिंग कर रखी है। इसी तरह, अन्य ट्रांसपोर्ट कंपनियां भी अपने लाइजनरों के जरिए नियमों की अनदेखी कर रही हैं। प्रशासन की लापरवाही और मिलीभगत के कारण अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत नियम तोड़ने वाले वाहनों को जब्त किया जा सकता है, लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता से कानून का पालन करवाना मुश्किल हो गया है। टंडवा में कोयला खनन और राख की ढुलाई से उठने वाली धूल और जहरीला धुआं लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुका है। प्रदूषण के कारण फेफड़े, हृदय और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय प्रशासन की चुप्पी और कोल कंपनियों की मनमानी से ग्रामीणों का जीवन संकट में है। कई किसान प्रदूषण की वजह से गांव छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं। सवाल यह उठता है कि सरकार और प्रशासन इस समस्या का समाधान करेंगे या फिर जनता को ऐसे ही मरने के लिए छोड़ देंगे?

### लावाणी तालाब में खुदाई को लेकर ग्रामीणों का विरोध, वन विभाग ने रुकवाया काम



**गिद्धौर।** प्रखंड के सिंदुआरी गांव स्थित लावाणी तालाब के पास मत्स्य पालन के लिए जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदा जा रहा था। यह कार्य राजपुर थाना क्षेत्र के बाकचुम्मा गांव निवासी अभय दांगी द्वारा करवाया जा रहा था। जैसे ही ग्रामीणों को इस खुदाई की सूचना मिली, वे लावाणी तालाब पहुंचकर विरोध करने लगे। ग्रामीणों ने इस क्षेत्र को वन भूमि बताते हुए वन विभाग को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलने पर वन समिति अध्यक्ष रिशु उपाध्याय ने मौके पर पहुंचकर काम बंद करवा दिया। साथ ही, गुस्साए ग्रामीणों ने अभय दांगी को खदेड़ दिया।ग्रामीणों के अनुसार, अभय दांगी ने पिछले साल मत्स्य विभाग से लावाणी तालाब का टेंडर लिया था, लेकिन यह तालाब गांव का सार्वजनिक जलस्रोत है। ग्रामीण इस तालाब का उपयोग खेती और मत्स्य पालन के लिए करते हैं।ग्रामीणों ने मत्स्य विभाग पर बिना सूचना के टेंडर देने का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के 18 से अधिक लोग मत्स्य विभाग से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। ऐसे में, तालाब का लाभ पूरे गांव को मिलना चाहिए, न कि किसी एक व्यक्ति को। ग्रामीणों ने मांग की है कि मत्स्य विभाग इस मामले को सार्वजनिक करे, ताकि इसका लाभ सभी प्रशिक्षित ग्रामीणों और पूरे गांव को मिल सके। इस विरोध प्रदर्शन में संजय कुमारी तिवारी, मनोज कुमार दांगी, योगेश दांगी, राजू भुइंया, शिवन भुइंया, कविया देवी, मुनिया देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### गिद्धौर में विधिक सेवा प्राधिकार के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कालेश्वरी मंदिर परिसर में सोमवार को चलंत लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चतरा के सचिव के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान चलंत लोक अदालत वेन के माध्यम से लोगों को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही, 8 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी साझा की गई। इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता सुजीत कुमार घोष, प्रखंड पीएलभी शंभु कुमार राणा, कुमारी शारदा भारती, थाना पीएलभी पवन कुमार, मंझगवा पीएलभी सुरेश प्रसाद राणा और पहरा पीएलभी प्रेरणा दास मौजूद रहे।

### अज्ञात चोरों ने उड़ाया जलमीनार का स्टार्टर, 20 घरों में पानी की आपूर्ति ठप

**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के लेंजवा पंचायत अंतर्गत अकौना गांव में अज्ञात चोरों ने जल जीवन मिशन योजना के तहत लगे जलमीनार का स्टार्टर चोरी कर ली। यह घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। अकौना गांव के यादव टोला में अखिलेश यादव के घर के पास वित्तीय वर्ष 2022-23 में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जलमीनार लगाया गया था, जिससे लगभग 20 घरों को पानी की आपूर्ति होती थी। सोमवार सुबह जब ग्रामीणों ने पानी नहीं आने की शिकायत की, तो अखिलेश यादव जलमीनार के पास पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि स्टार्टर गायब था। ग्रामीणों के अनुसार, जलमीनार से कई परिवारों को पेयजल सुविधा मिलती थी, लेकिन स्टार्टर चोरी हो जाने से अब लोगों को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने हंटरगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से जल्द नया स्टार्टर लगाने की मांग की। फिलहाल हंटरगंज थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही जलमीनार की मरम्मत होगी और पानी की आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### बीआर.इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**कोडरमा।** बीआर. इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में सोमवार को नर्सरी से कक्षा 1 तक के छात्रों के लिए वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और दीप-ज्योति गीत की प्रस्तुति के साथ हुई। कार्यक्रम में निदेशक ओम प्रकाश राय, वाइस प्रिंसिपल नवल किशोर आनंद, और एडमिनिस्ट्रेटर सुनील कुमार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शिक्षिकाओं में नीतू बर्णवाल, जया लक्ष्मी, अनीता कुमारी, संध्या कुमारी, सरोजिनी डुंगडुंग और कामना सिन्हा ने बच्चों को प्रेरित किया, वहीं पीटी. शिक्षक अंशु कुमार एवं आलमउद्दीन ने बच्चों को खेलों के लिए तैयार किया। प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, बाधा दौड़, ब्लाइंड रेस, थ्री लेग रेस, जोड़ी दौड़, कोन रेस, हैडल रेस बनाना रेस जैसे प्रतियोगिता और गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय प्रशासन ने इस तरह के आयोजनों को बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## स्पीड न्यूज

### मारवाड़ी समाज ने कार्यक्रम आयोजित कर स्व ओम गोयल को दी श्रद्धांजलि



गुमला। गुमला के पोद्दार धर्मशाला में मारवाड़ी समाज की बैठक समाज के सचिव पवन गाड़ोदिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। जिसमें मारवाड़ी समाज के जाने-माने वरिष्ठ भाजपा नेता ओम गोयल को समाज के गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी। मौके पर समाज के सचिव पवन गाड़ोदिया ने कहा कि स्वर्गीय ओम गोयल के निधन से मारवाड़ी समाज को काफी क्षति हुआ है। उन्होंने कहा कि ओम गोयल ने अपने जीवनकाल में अपनी पहचान सिर्फ समाजिक कार्यों में ही नहीं बल्कि राजनीतिक रूप से भी बनायी थी। उनका निधन मारवाड़ी समाज सहित अन्य समाज एवं सर्वधर्म में शोक व्याप्त है। इस अवसर पर समाज के बनवारी लाल अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, शंकर लाल जाजोदिया, मनोज शर्मा, विनोद जाजोदिया, अनिल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, विश्वनाथ मंत्री, दिनेश अग्रवाल, पवन कुमार शर्मा, जगदीश मालानी, सुमित साबू चिंटू, आयुष अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, दिनेश कुमार गाड़ोदिया, किशोर गोयल गाड़ोदिया, सुनील खंडेलवाल, मनोज मालानी, सीताराम अग्रवाल, बैजनाथ मंत्री, रमेश कुमार साबू, विष्णु साबू, प्रदीप जाजोदिया, कृष्णा नर्सरिया, ओमप्रकाश जाजोदिया, प्रदीप खंडेलवाल, रामगोपाल साबू, विजय गाड़ोदिया, गोविंद खंडेलवाल, प्रदीप खंडेलवाल, महेश अग्रवाल, मनीष शर्मा, पवन कुमार शर्मा, सुरेश फोगला, अरुण मंत्री, दिनेश अग्रवाल देवघर वाले उपस्थित थे।

### बजट में गुमला में विवि निर्माण के प्रस्ताव का स्टूडेंट एक्टिविस्ट कुणाल ने की सराहना



गुमला। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा सोमवार को राज्य का बजट प्रस्तुत किया गया। स्टूडेंट एक्टिविस्ट कुणाल शर्मा ने कहा कि बजट में गुमला जिले में नए विश्विद्यालय की स्थापना करने का प्रस्ताव लाया गया है। नये विवि के स्थापना से जिले और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। यह विवि स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नए अवसर प्रदान करेगा और जिले के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएग। अब विद्यार्थियों को बेहतर उच्च शिक्षा के लिए रांची और अन्य राज्यों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बाहर जाकर पढ़ाई करने की तुलना में स्थानीय विवि में शिक्षा का खर्च कम होगा। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी पढ़ाई का अवसर मिलेगा। मौजूदा सरकार द्वारा नए विवि की स्थापना का निर्णय जिले के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### डीएवी के बच्चों ने सेना के विभिन्न यूनिटों एनसीसी व इसरो को भेजा होली ग्रीटिंग कार्ड



गुमला। सरहद पर देश की रक्षा में लगे वीरों के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त करने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के नन्हे बच्चों ने होली ग्रीटिंग काड्र्स तैयार किए हैं। होली के रंग से सराबोर बारह सौ से ज्यादा ग्रीटिंग काड्र्स सेना के विभिन्न यूनिटों, एनसीसी एवं इसरो को भेजे जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि इस एक्टिविटी का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने के साथ ही देश प्रेम एवं कर्तव्य बोध कराना है। सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती ने कहा कि देश के प्रति हमारे बच्चों का जज्बा काबिले तारीफ है। एक्टिविटी टीचर पार्थ प्रतिम मैती, एएनओ अभिजीत झा, सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ, हर्षिता, प्रज्ञा पल्लवी, निशा जयसवाल, मोनिका, सुधांशु देवगढिया, छवि कृति, तनुश्री, अमृता प्रिया ने भूमिका निभाई।

### लायंस क्लब गुमला के द्वारा रायडीह में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



गुमला। लायन्स क्लब ऑफ गुमला के द्वारा रायडीह प्रखण्ड के हीरादह में बिनय कुमार लाल के फार्महाउस में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों के बीपी, बल्ड सुगर व आंखो की जांच की गई। कार्यक्रम में विंध्वासनी मेडिकल हॉल गुमला तथा वनवासी कल्याण केंद्र गुमला ने सहयोग दिया। शिविर में 65 लोगों ने पंजीकरण कराकर अपना जांच कराया। शिविर के बाद लायन्स परिवार, योग परिवार के सदस्यों ने सामुहिक वनभोज का आनन्द उठाया। मौके पर सचिव अशोक कुमार जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया, पीआरओ योगेंद्र प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विजय गडोदिया, मनमोहन केसरी, अरुण केसरी, संजय अग्रवाल, ओम प्रकाश साहू, सत्येंद्र गुप्ता, विशाल कुमार बिट्टू, सुषमा साहू, शशि किरण, किरण केसरी, रेणु साहू, सरिता देवी, प्रेमा देवी, रविंदर कौर, पम्मी सिंह, रीता लाल, रेखा केसरी, आरती सोनी, बीना अग्रवाल, संगीता देवी, सीखा जाजोदिया, संजय साहू, सतीश जयकांत राय, कृष्णा सोनी उपस्थित थे।

### वन्यजीव संरक्षण विषयक केओ कॉलेज में सेमिनार सह गोष्ठी का आयोजन



गुमला। विश्व वन्यजीव दिवस के उपलक्ष्य में झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में वन्यजीव संरक्षण पर एक सेमिनार सह गोष्ठी का आयोजन के ओ कॉलेज गुमला में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ दीपक प्रसाद ने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि वन्यजीवों की रक्षा नहीं की गई तो हमारी जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन भी प्रभावित होंगे।

## आंजन से हरिणाखांड टोले तक 3.5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा : डीसी कर्ण सत्यार्थी

>> ग्रामीणों की सुनी समस्या, समाधान के लिये दिये दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गांव का भ्रमण करते डीसी कर्ण सत्यार्थी व अन्य।

**गुमला।** डीसी कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को आंजन पंचायत के हरिणाखांड टोले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आंजन पंचायत से मोटरसाइकिल से लगभग 2 किलोमीटर की यात्रा कर स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। हरिणाखांड टोला में कोरबा जनजाति के 16 परिवार निवास करते हैं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से सड़क निर्माण की समस्या उपायुक्त के समक्ष रखा। इस पर उपायुक्त ने जानकारी दी कि आंजन से हरिणाखांड टोले तक 3.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण हेतु स्वीकृति मिल चुकी है और कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने पेंशन योजना, जल आपूर्ति, बिजली तथा आवास निर्माण से जुड़ी समस्याओं को भी साझा किया। उपायुक्त ने इन समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी को विशेष रूप से अधूरे आवास निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने वन पट्टा की स्थिति की समीक्षा की और आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत की। उन्होंने गांव के ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे कृषि और बकरी पालन कार्यों की जानकारी ली एवं इन्हें और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ छूटे हुए पात्र नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात डीसी ने आंजन आंगनवाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों का भी दौरा कर वहां की स्थिति का

## लोहरदगा के मसमानो पंचायत के लोगों ने बिहार के रोहतासगढ़ किला का किया भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत से 111 लोगों ने बिहार के रोहतासगढ़ किला जो आदिवासियों का धरोहर है का भ्रमण दर्शन हेतु ग्राम प्रधान सुकरा पाहन एवं मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी की अगुवाई में पहुंचा। यहां स्थित करम का पेड़ का पूजा अर्चना कर पंचायत के लोगों एवं जिले वासियों की सुख समृद्धि के लिए मन्नते मांगी। ग्राम प्रधान एवं मुखिया ने कहा कि बिहार राज्य का रोहतासगढ़ किला एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का स्थल है। रोहतासगढ़ किले का इतिहास बहुत ही रोचक है। कहा जाता है कि इस किले का निर्माण आदिवासी राजा के द्वारा किया गया था। बाद में मुगल शासक के द्वारा इस आक्रमण कर अपने कब्जे में लिया गया। आदिवासी की जनी शिकार इसी स्थान से शुरू किया गया, जो आज भी आदिवासी सरना समाज के लोग प्रत्येक 12 वर्ष में जनी शिकार का नियम मान रहे हैं। करम पर्व के समय इसी रोहतासगढ़ की कहानी को सरना समाज के लोगों को बताया जाता है। मुगल आक्रमण के बाद छोटा नागपुर में आदिवासी उरांव समाज के लोग पहुंचे। अपने इतिहास को खोजना आदिवासी समाज के लिए पहला कर्तव्य है। इस कार्यक्रम में अशोक उरांव, बासु उरांव, शिवदयाल उरांव, गोपाल उरांव, सूखना उरांव, बंधना उरांव, छोटू उरांव, जीतू उरांव, बबलू उरांव, कूल्हय उरांव, रामरति उरांव, प्रमोद उरांव व अन्य लोगों की भूमिका रही।



भ्रमण करते ग्रामीण।

### हिंडालको दोहरी नीति अपना कर मजदूरों को किया बेरोजगार

## ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा में 11 मार्च को करेगी चक्का जाम : आलोक साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** हिंडालको अनलोडिंग स्टेशन में सोमवार को ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रेमचंद महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मजदूर नेता आलोक कुमार साहू उपस्थित थे। मौके पर मजदूरों ने अपनी समस्याओं से आलोक साहू को अवगत कराते हुए उन्हें न्याय दिलाने एवं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किए। आलोक साहू ने कहा कि वह मजदूरों के द्वारा आयोजित कोई भी आंदोलन में वह उनके साथ हैं, क्योंकि हिंडालको कंपनी ने दोहरे चरित्र को अपनाते हुए मजदूरों के ऊपर शोषण करने का काम किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंडाल्को मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है जो न्याय संगत नहीं है। हिंडाल्को के दोहरे नीति से हजारों मजदूरों का रोजगार समाप्त हो गया। कंपनी को हर हाल में मजदूर का वैकल्पिक व्यवस्था कर ही अनलोडिंग स्टेशन को बंद करना चाहिए था। इसलिए ट्रक अनलोडर मजदूर संघ बाध्य होकर 11 मार्च को अनलोडिंग स्टेशन के समक्ष चक्का जाम करेगी जिसकी सारी जवाब देही हिंडालको प्रशासन का होगा। साहू ने कहा कि पीठ में लात मारोगे तो चलेगा, लेकिन पेट में लात मारोगे तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर विनोद उरांव, रवि महली, प्रदीप उरांव, बुद्धिमान टोप्पो, ननका अंसारी, रूपा उरांव, फूलमनी, सुधा, बिमला, धर्मदेव, मोहन, करमचंद, सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

## सरकारी एग्रीमेंट के तहत हिंडालको ने नहीं किया विकास कार्य : शिव कुमार

>> बिमरला बॉक्साइट माइंस ट्रक का परिचालन हुआ बंद

### ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते शिव कुमार भगत।

**घाघरा।** हिंडालको कंपनी के विरुद्ध ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति गुमला की बैठक आदर के मलगो के समीप सोमवार को हुआ। इस क्रम में समिति के संरक्षक शिवकुमार भगत ने कहा कि हिंडालको कंपनी के बिमरला माइंस क्षेत्र में मूलभूत और बुनियादी सुविधा बहाल करने को लेकर 18 सूत्री मांग पत्र कंपनी और प्रशासन को सौंपा गया था। लेकिन किसी तरह की कोई भी पहल कंपनी द्वारा नहीं की गई। जिसके बाद प्रस्तावित के अनुसार परिवहन कार्य बंद करने को लेकर बिमरला खनन क्षेत्र के सभी बॉक्साइट ट्रकों का परिचालन बंद कर दिया गया है। भगत ने कहा कि बिमरला सहित कई खनन क्षेत्र में हिंडाल्को कंपनी द्वारा माइनिंग क्षेत्रों में सरकार से एग्रीमेंट के हिसाब से विकास करना था। लेकिन किसी भी तरह की कोई पहल और बुनियादी सुविधा शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य, बिजली, सड़क का लाभ खनन क्षेत्र के लोगों को नहीं दिया गया। यहां के लोगों को सिर्फ ठगने का काम कंपनी द्वारा किया गया है। जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी के अधिकारी 18 सूत्री मांग को लेकर अब इसी बैठक स्थल में आकर वार्ता करें और मांग पत्र में किए गए मांगों को पूरा करें। अन्यथा अनिश्चितकालीन परिवहन कार्य ठप रहेगा। कंपनी सिर्फ यहां बॉक्साइट रूपी लाल सोना को लेकर सिर्फ अपना मुनाफा कमाने में लगी है। जबकि क्षेत्र के लोग धूल फांकने का कार्य कर रहे हैं। आने वाले समय में अन्य बॉक्साइट खनन क्षेत्र के परिवहन कार्य को भी बंद किया जाएगा। मौके पर इस्लाम अंसारी, राजू उरांव, सचिन साहू, अमित सिंह, नैमूल अंसारी, दीपक यादव, सुमन ठाकुर, बिनु राम, सोमनाथ उरांव, रूबेन एक्का, पवन महली, छोटू महतो, जोगन महतो, महावीर यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रायडीह ब्लॉक के नकटीझरिया गांव में सोलर पैनल से पहुंचा बिजली

**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला के पहल पर रायडीह ब्लॉक के पीवीटीजी गांव नकटिझरिया में सोलर पैनल लगवाया गया है। यह सोलर पैनल 25 केवी का है। जिससे गांव के दो टोले के कुल 40 घरों के लोग अब बिजली की सुविधा ले सकेंगे। यह गांव सुदूर इलाके में होने के कारण यहां तक बिजली की सुविधा अब तक नहीं पहुंच सकी थी। किंतु उपायुक्त के पहल पर नकटिझरिया गांव में सोलर पैनल लगवा कर ग्रामीणों को बिजली की सुविधा दी गई। सोलर पैनल लगाने से गांवों में बिजली की समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से भी फायदा होगा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के बिना बहुत से काम नहीं हो पाते थे। लेकिन अब बिजली आने से हमें खेती - बारी में भी काफी मदद मिलेगी। साथ ही साथ बिजली से ग्रामीण आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।

### चेम्बर ऑफ कामर्स व गुमला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में व्यापारियों की बैठक

## शहर में चोरी की घटना, नशापान व अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** चेम्बर ऑफ कामर्स और गुमला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में गुमला परिसदन में नगर के व्यापारियों की अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। बैठक में पुलिस प्रशासन की तरफ से एसडीपीओ सुरेश कुमार यादव और थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह शामिल हुए। बैठक का संचालन वरीय उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल ने किया। राजेश सिंह ने सभी मुद्दों विशेष रूप से चोरी की घटनाएं, युवाओं में नशा पान का चलन पर विचार विमर्श आरंभ हुआ। उपस्थित लोगों ने अपने अपने विचार रखे। निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि रात के समय पेट्रोलिंग पार्टी के अलावा मुख्य चौक चौराहों पर और शहर में प्रवेश करने वाले स्थान पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। पूर्व अध्यक्ष शशि प्रिय बंटी का मानना है कि शहर में बढ़ रहा नशापान अपराध की वजह है। इस पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। पूर्व अध्यक्ष अमित महेश्वरी ने कहा कि पूर्व की भांति बीट व्यवस्था से सुरक्षा को मजबूत किया जाए। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 2 मार्च से लगातार आठ जगह पेट्रोलिंग करवाया जा रहा है और किसी भी घटनाओं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। अंत में उपाध्यक्ष राजेश लोहानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, प्रतीक अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, इम्तियाज मिनी, दिनेश अग्रवाल, मुन्नीलाल साहू, विकास सिंह, दिलीप गुप्ता, अनिकेत, बाबू गुडलक, पंकज, शंकर साहू, पंकज सोनी, रवि गुप्ता, शाहनवाज खान, शिवम जायसवाल, दीपक अग्रवाल, रूपक, दिनेश, दिनेश अग्रवाल मानस कुमार, फिरोज आलम, राहुल मृणाल, चंद्रमणि प्रसाद, बिनोद सोनी आदि उपस्थित थे।

### स्कूटी चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया चोर

लोहरदगा। जिले के शहरी क्षेत्र स्थित अजय उद्यान के समीप स्कूटी चोरी करते हुए एक चोर को रंगे हाथ पकड़ कर लोगो ने किया पुलिस के हवाले। जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र के रहने वाले संतोष नामक युवक ने अपनी स्कूटी सड़क किनारे खड़े कर अपना काम करने लगा। इसी दौरान चोरी करने की नियत से एक युवक आया और स्कूटी ले जाने लगा। तभी लोगो ने उसे देखा और उसे स्कूटी के साथ पकड़ लिया। पूछताछ करने पर युवक अपना नाम धनंजय और घर नवड़ीपाड़ा बता रहा है। सदर थाना पुलिस युवक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई।

### गुमला : ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के जोकारी गुटुवा गांव निवासी 50 वर्षीय लाल उरांव ने आत्महत्या कर ली। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। मृतक के भाई रहमन उरांव ने बताया कि उसका छोटा भाई लाल उरांव का मानसिक स्थिति ठीक नहीं था। मृतक की पत्नी ने रविवार को अपराह्न लगभग 3 बजे दरवाजा खोला तो देखा कि उसके पति लाल उरांव घर के कंडी में ही रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन फनन में इसकी सूचना मृतक के बड़े भाई रहमन को दी। इसके बाद पत्नी ने रस्सी को काटकर शव को नीचे उतारा। इसकी सूचना घाघरा थाना को दिया गया।

### बजट से युवा ठगा महसूस कर रहे हैं : संदीप प्रसाद



गुमला। भाजयुमो जिलाध्यक्ष संदीप प्रसाद ने झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निरशा जनक करा देते हुए कहा कि पूरे झारखंडवासी आशा भरी नजरों से इंतजार कर रहे थे कि बजट झारखंड और झारखंड के युवाओं के लिए विशेष प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी भाषणों में हेमंत सोरेन और झामुमो ने जो घोषणा पत्र जनता के बीच लाया था उन वादों और घोषणाओं का जिक्र बजट में कहीं नहीं किया गया है। राज्य के युवाओं का वोट लेकर सरकार बनी लेकिन युवाओं के रोजगार और रोजगार के लिए नियोजन नीति पर बजट में कोई चर्चा नहीं की गई। साथ ही चुनावी घोषणा पत्र में झारखंड के सभी अनुबंध कर्मियों को स्थाई करने की बात की थी। लेकिन बजट में वह भी कहीं नजर नहीं आया। वित्त मंत्री ने आदिवासी पोशाक पहन कर अबुआ बजट पेश किया। लेकिन यह बजट अबुआ नहीं बबुवा का बजट है और बजट में आदिवासी मूलवासी का जीवन स्तर कैसे सुधरे उनका उत्थान कैसे हो इसकी कोई चर्चा नहीं की गई। ना ही भविष्य के लिए कोई योजना बनाई गई है। कुल मिलाकर यह बजट झारखंड की भोली भाली जनता को मूर्ख बनाने वाली बजट है।

### घाघरा : अज्ञात चोरों ने की मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र से चावल सहित कई सामान की चोरी



घाघरा। घाघरा ब्लॉक चौक स्थित मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र में रखे चावल सहित कई सामान की चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर ली गई। इस संबंध में केंद्र संचालिका मानती उरांव ने कहा कि सूरजमुखी महिला मंडल द्वारा मुख्यमंत्री दाल भात योजना का संचालन होता है। हर दिन की भांति केंद्र बंद कर शाम को घर चली गई। वहीं सोमवार को जब सुबह केंद्र खोलने पहुंची तो देखा कि केंद्र का ताला टूटा हुआ है और केंद्र में रखे 50 केजी चावल, गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन चोरी हो गया है। इस संबंध में घाघरा थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। ताकि अज्ञात चोरों के खिलाफ करवाई हो सके।

## अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा लोहरदगा के अध्यक्ष बनें राजेंद्र

सचिव दीपनारायण सिंह व कोषाध्यक्ष पद पर श्याम सुन्दर वर्मा विजयी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में लोहरदगा चंद्रवंशी समाज का चुनाव यदुवीर चंद्रवंशी धर्मशाला में मतदान के द्वारा हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने विकास वर्मा को हराकर फिर से अध्यक्ष बने। वही सचिव पद पर दीपनारायण सिंह ने गुंजन वर्मा को 74 वोट से पराजित किया। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर श्याम सुन्दर वर्मा ने अमित कुमार वर्मा को 31 वोट से हराकर विजयी हुए । सभी विजयी उम्मीदवारों को समाज के लोगों द्वारा फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चुनाव पर्वेक्षक राजकुमार वर्मा, निश्चय वर्मा, शशि वर्मा, संजू वर्मा और राजू वर्मा ने सभी चंद्रवंशी समाज के मतदाताओं जिनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर थी उसका अपना आधार कार्ड दिखा कर मतदान कराया गया। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया और दोपहर तक ग्रामीण क्षेत्र के चंद्रवंशी समाज की कतार में मतदान करते देखे गए। मतदान की विशेषता रही की महिलाएं पुरुषों से ज्यादा मतदान किया और दोपहर के बाद शहरी मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। वहीं चंद्रवंशी समाज के लोगों की एकजुटता ने साबित किया की चुनाव भले कोई जीता या हारा लेकिन चंद्रवंशी समाज की उत्साह और भारी संख्या में ग्रामीण मतदाताओं का मतदान में शामिल होना साबित करता है कि चंद्रवंशी समाज और लोकतंत्र की जीत हुआ है। इस अवसर पर मतदान करने आये वरीय अधिवक्ता मुनीन्द प्रसाद ने कहा की चुनाव स्थल पर आने पर महसूस हुआ की चंद्रवंशी समाज ज्यादा जागरूक हुआ है। हमलोग का मनोबल ऊंचा है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि ये सिर्फ मेरी जीत नहीं बल्कि चंद्रवंशी समाज की जीत है। वहीं सचिव पद के विजयी प्रत्याशी दीप नारायण सिंह ने कहा कि समाज को एकजुट करने का प्रयास करेंगे। वहीं श्यामसुंदर वर्मा ने कहा कि चुनाव में जो भी प्रचार सुप्रचार हुआ है उसे भूल जाना है और आगे की एकता पर सिर्फ विचार करना चाहिए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## ऐतिहासिक होगा शिवप्रसाद साहू टी20 प्रतियोगिता: धीरज प्रसाद साहू

- पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना की टीम के बीच प्रदर्शनी मैच का आयोजन मुख्य आकर्षण होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज क्रिकेट स्टेडियम में 5 से 8 मार्च तक आयोजित होने वाले शिवप्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट ऐतिहासिक होगा। उक्त बाते सोमवार को पूर्व राज्यसभा सांसद सह लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि आईपीएल की तर्ज पर भव्य और पेशेवर तरीके से प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिससे जिले के खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतरीन अनुभव मिल सके। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 5 मार्च को होगा पहले मैच में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलेश महतो केशव और झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव देवाशीष चक्रवती शामिल होंगे। वही दूसरे मैच में मुख्य अतिथि दिग्गज अभिनेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे। वही 5 मार्च को सिंगर अमित गुप्ता द्वारा शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा । इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर की कुल आठ प्रमुख टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें मुंबई, कोलकाता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, झारखंड और मेजबान लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम शामिल हैं। इन टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे, जिससे क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। टूर्नामेंट के पहले दिन सुबह 8:30 बजे टॉस के साथ शुभारंभ होगा। पहला मैच सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक खेला जाएगा। जिसके बाद विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। फिर दोपहर 1 बजे से 4:30 बजे तक दूसरा मैच खेला जाएगा और इसके बाद पुरस्कार वितरण होगा। 6 मार्च को मुख्य अतिथि के रूप में रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति सहित कई विधायक शामिल होंगे। साहू ने बताया कि टूर्नामेंट के समापन समारोह को और खास बनाने के लिए 8 मार्च को भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी सुरेश रैना और हरभजन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान दर्शकों के लिए एक घंटे का फैंसी मैच भी दोनो के टीमों के बीच खेला जाएगा, जो क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक अनुभव होगा। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा निखार सकें और बड़े अवसर प्राप्त कर सकें।

धीरज साहू ने अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों से कहा कि टूर्नामेंट की तैयारियों को उच्चतम स्तर पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि यह आयोजन न केवल लोहरदगा बल्कि पूरे झारखंड के खेल इतिहास में एक नई ऊंचाई स्थापित कर सके।

## बोकारो को दो विकेट से पराजित कर लोहरदगा सेमीफाइनल में पहुंचा

### जेएससीए अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मैन ऑफ द मैच तुषार को पुरस्कृत करते अतिथि।

**गुमला।** जेएससीए अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लोहरदगा ने बोकारो को दो विकेट से पराजित कर सेमी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। बुधवार को रांची व लोहरदगा के बीच मुकाबला होगा। इधर सोमवार को जेएससीए के सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मुकाबला की शुरूआत की। टॉस जीतकर बल्ले बल्लेबाजी करने उतरी बोकारो की पूरी टीम 158 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से ओजुस वर्धन ने सर्वाधिक 48 रनों की नाबाद पारी खेली। साहिल राज 28, यश भगत 25 व राजेश कुमार ने 19 रनों का योगदान किया। लोहरदगा की ओर से तुषार मुदगल ने तीन और जतिन पांडेय, आदित्य झा व हिमांशु ने दो -दो विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लोहरदगा की टीम ने लक्ष्य के 43, प्रत्युश 31, रोनित 15, हिमांशु के 13 रनो के बदौलत टीम ने 45. 4 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर जीत का आंकड़ा छू लिया। बोकारो की ओर से साहिल राज व अंशु ने तीन-तीन विकेट व अभिषेक यादव ने दो विकेट हासिल किया। लोहरदगा के तुषार प्लेयर ऑफ द डे बने। टीआरडीओ अनवर मुस्तफा ने तुषार को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जीतेन्द्र सिंह, मनोज चौधरी, आकाश आनंद लाल चंद्रशेखर आयुष अग्रवाल ज्ञान प्रकाश अंकित विश्वकर्मा सनी साहू शशि प्रकाश मधुसूदन उरांव विनीत नाग व अन्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## उपायुक्त ने की जिला स्थापना समिति की बैठक



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति की बैठक की गई। बैठक में समिति द्वारा समाहरणालय लातेहार के कुल 19 कर्मियों की सेवा संपुष्टि सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से समाहरणालय लातेहार अंतर्गत कुल 19 कर्मियों में से 18 कर्मियों की सेवा संपुष्टि की गई। जिसमें 08 अनुसेवक, 03 राजस्व उप निरीक्षक एवं 07 निम्न वर्गीय लिपिक हैं। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, स्थापना उप समाहर्ता मेरी मड़की, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश उपस्थित थे।

## झारखंड के विकास को नई गति देने वाला बजट : उत्तम कुमार



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी व झारखंड छात्र मोर्चा के छात्र नेता उत्तम कुमार ने अबुआ बजट पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक का है। इसी से यह सिद्ध होता है कि वर्तमान सरकार झारखंड में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है। इस बजट में झारखंड की बेटियों,झारखंड के किसान,झारखंड के उद्यमी,झारखंड के युवा विद्यार्थियों सभी का ध्यान रखा गया है। यह बजट झारखंड को विकास की नई गति देने वाला बजट है। उन्होंने बजट के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुरगांव ग्राम में सोमवार को पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार फोटोईया देवी 50 वर्ष पति रामलाल गंझु ग्राम मुरगांव थाना बालूमाथ निवासी दोनों पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसके बाद महिला ने गुस्से में आकर घर में रखी कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद परिजनों द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल लातेहार रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## विस अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से की शिष्टाचार भेंट



**बालूमाथ।** भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव ने बालूमाथ प्रखंड में संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ में 2 मार्च से चल रहे ट्रक ऑनर संघ के आंदोलन एवं रविवार से अनिश्चितकालीन धरना को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्रनाथ महतो को अवगत कराया है। कहा कि तेतरियाखांड बहुत ही छोटा माइंस है और वहां के कुछ बिचौलिया और सीसीएल प्रबंधन के द्वारा हाईवा चला कर परिचालन करना चाहते हैं और वहां के सैकड़ों ट्रकों का रोजी छीनना चाहते हैं। जबकि वहां के रैयतों को वर्षों से नौकरी मुआवजा बाकी है। सभी समस्याओं को अपने संज्ञान में लेते हुए अध्यक्ष रविंद्र महतो ने सीसीएल सीएमडी झारखंड को फोन कर बात की और कहा तेतरियाखांड़ में ग्रामीणों के साथ जो भी समस्याएं चल रही हैं इसका निपटारा किया जाए।

# करोड़ों रुपये का राजस्व देने वाले टोरी जंक्शन में यात्री सुविधाओं का घोर अभाव

### जंक्शन के एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म में जाने की नहीं है समुचित व्यवस्था

### एक वर्ष से अधर में लटका हुआ है फुट ओवर ब्रिज

### शिलान्यास के साढ़े तीन वर्ष बीतने के बाद भी नहीं शुरू हुआ आरओबी का काम

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत राजस्व देने के मामले में अहम स्टेशनों में शुमार टोरी जंक्शन अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है। जंक्शन में कुव्यवस्था का आलम यह है कि यहां पर 10 रेलवे ट्रैक बिछे होने के बावजूद यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म व चंदवा वासियों को शहर के उत्तर अलौदिया कामता की ओर से चंदवा बाजार व प्रखण्ड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए फुट ओवर ब्रिज तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। रेलवे द्वारा गति शक्ति योजना के तहत जंक्शन के पश्चिमी छोर पर कराया जा रहा फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य भी काफी शिथिल गति से चल रहा है या फिर यूं कहें कि जनहित को ताक पर रखकर इसके निर्माण को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि एफओबी के नक्शा में ही कुछ त्रुटि है, जिस कारण काम बाधित है। वहीं दूसरी ओर जंक्शन के पूर्वी छोर पर वर्तमान में जो फुट ओवर ब्रिज है वह प्लेटफॉर्म नम्बर 5 तक ही जाती है। जिस कारण प्रतिदिन चंदवा वासियों को एक



फुट ओवर ब्रिज

छोर से दूसरे छोर पर आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चंदवा प्रखण्ड की आधी आबादी प्रतिदिन टोरी जंक्शन पर फुट ओवर ब्रिज नहीं रहने एवं रेलवे फाटक पर आरओबी नहीं रहने के कारण लगने वाले जाम से त्राहिमाम है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में विद्यार्थी, आमजन रेलवे लाइन पार कर विभिन्न स्कूल एवं जरूरी कार्यो के लिए आना-जाना करते हैं। लेकिन समस्या देखने वाला न केंद्र व राज्य सरकार और न ही रेलवे प्रशासन है। यहां के लोगों का दुर्भाग्य ही कहें कि लगभग 4 वर्ष पूर्व आरओबी निर्माण को लेकर देश के केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री एवं सूबे के मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया था लेकिन इसके बाद अबतक एक ईंट भी नहीं रखी गयी। वहीं टोरी जंक्शन के पश्चिमी छोर पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर फरवरी 2024 में काम शुरू हुआ लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी वर्तमान में काम अधर में लटका हुआ है।

### क्या कहते हैं विभाग के सहायक अभियंता

मामले को लेकर पूछे जाने पर रेलवे एईएन मनराज मीणा ने बताया कि एफओबी निर्माण को लेकर विभाग गंभीर है, चूंकि वर्तमान में जो नक्शा है उसमें ब्रिज का एक पिलर ट्रैक नम्बर 7 पर आ रहा है। इसको लेकर प्रपोजल भेजा गया है, प्राक्कलन आने के बाद तीव्र गति से कम शुरू किया जाएगा।

## मगध कोलियरी में अज्ञात हाईवा के धक्के से चालक की मौत

# चालकों ने मुआवजा की मांग को लेकर सात घंटे किया रोड जाम

- वार्ता के बाद मृतक के पुत्र को तत्काल तीन लाख नगद दिया गया, वहीं दो लाख रुपए एक दिन बाद देने व इंश्योरेंस का पैसा दिलाने पर सहमति बनी





खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के 44 नम्बर स्टॉक के समीप अज्ञात हाइवा के धक्के से एक हाइवा चालक की मौत हो गयी।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुनीत राम 45 वर्ष, पिता प्रसाद राम, ग्राम दाड़ी, थाना सिमरिया, जिला चतरा मगध कोलियरी में हाईवा चलाने का काम करता था।

सोमवार की अहले सुबह करीब 5 बजे हाईवा में कोयला लोड कराने मगध कोलियरी गया हुआ था। जहां कोयला लोड होने के बाद हाइवा से नीचे उतरा था। इसी दौरान एक अज्ञात हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

वहीं घटना से गुस्साए मगध कोलियरी में चलने वाले हाइवा चालकों एवं परिजनों ने सड़क जाम कर दिया। जिससे सीसीएल का ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप हो गया। जाम की सूचना पाकर मगध परियोजना पदाधिकारी एस. सतनारायण एवं ट्रांसपोर्ट कंपनी मैनेजर रौशन कुमार ने जामस्थल पहुंचकर जमाकर्ताओं के साथ वार्ता की। जहां परिजनों को तत्काल मुआवजा के रूप में तीन लाख रुपये नगद मृतक के पुत्र पवन कुमार को दिया गया। वहीं दो लाख रुपए एक दिन बाद देने की बात कही गयी। इसके अलावा इंश्योरेंस का पैसा दिलाने पर सहमति बनी। जिसके बाद जाम समाप्त हो पाया। इस दौरान सड़क जाम सुबह 7:00 से दोपहर 2:00 बजे तक 7 घंटे तक रहा।

मौके पर बालूमाथ के उप-प्रमुख कामेश्वर राम एवं समाजसेवी मनोज यादव, जितेंद्र राम, संजय राम समेत कई लोग मौजूद थे।

वहीं घटना के बाद बालूमाथ पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

## मनिका प्रखंड में क्लीन व ग्रीन मिशन के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में एसएलआरएम के तहत क्लीन व ग्रीन लातेहार मिशन के सफल क्रियान्वयन को लेकर चलाया जा रहा प्रशिक्षण शिविर दिन सोमवार को सम्पन्न हुआ। मौके पर प्रशिक्षण के अंतिम दिन बीडीओ संदीप कुमार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार जिला को आगामी 26 जनवरी 2026 तक कचरा मुक्त बनाने का संकल्प जिला प्रशासन ने लिया है और ये तभी संभव है जब सबकी सहभागिता इसमें होगी। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला को कचरा मुक्त बनाने के लिए हमें अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है। साथ ही मनिका प्रखंड को भी इस अभियान के तहत कचरा मुक्त प्रखंड बनाना है। जिसके लिए पंचायत स्तर पर भी लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक कचरा मुक्त बनाने हेतु आम-अवाम का सहयोग भी जरूरी है। उक्त प्रशिक्षण शिविर में जल सहिया एवं सखी मंडल की दीदी को कुड़े के प्रबंधन करने से संबंधित मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक शिल्पा सेन,जेएसएलपीएस से रामगिरी उरांव सहित प्रशिक्षण ले रही जलसहिया एवं सखी मंडल के कई लोग उपस्थित थे।

## भारतीय संविधान सम्म्मान सुरक्षा संवर्धन कार्यक्रम के तहत कैडर प्रशिक्षण आयोजित



**बारियातू।** प्रखंड के फूलसु पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम में रविवार को संजय कुमार ने भारतीय संविधान सम्म्मान सुरक्षा संवर्धन,देश व्यापी महा जन जागरण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कैडर प्रशिक्षण दिया। जिसमें संविधान के सभी 12 अनुसूची व अनुच्छेद के बारे में बताया। साथ ही अपने मौलिक कर्तव्य के बारे जानकारी देते हुए समता का अधिकार (अनुच्छेद 14-18)स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19-22) शोषण के विरुद्ध अधिकार (अनुच्छेद 23-24) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25-28) संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29-30) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनुच्छेद 32) मूलतः संविधान में संपत्ति का अधिकार (अनुच्छेद 31) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। वहीं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता की प्रथा को खत्म करने का प्रावधान से सम्बंधित बताया साथ ही कहा कि इस अनुच्छेद के तहत, अस्पृश्यता का अभ्यास करना कानूनन अपराध है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत, सभी नागरिकों को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार है। अनुसूचित जाति जन जाति मूलवंशों को संरक्षण एवं विकास के लिए विशेष संवैधानिक प्रवधान के बारे मे भी बारिकी ढंग से बताया। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पांच दिवसीय सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण शुरू



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल सभागार में उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसआरएलएम) अंतर्गत घर-घर सर्वे प्रशिक्षण का शुभारंभ जेएसएलपीएस बीपीएम मुजिबुल आरफीन द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में बारियातू प्रखंड के सभी पंचायतों से जिला से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर जलसहिया एवं सखी मंडल के दीदीयां उपस्थित हुए। बीपीएम आरफीन ने बताया कि हर घर तक सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करना है ताकि इस योजना की जानकारी सभी लोगो को हो सके। प्रशिक्षण का मूल उदेश्य पतझड़ के मौसम में जंगलों से या फिर आस पास के पेड़ों के पत्तीयों को जमा कर बड़ी मात्रा में खाद तैयार करना है। साथ ही जंगलों को आग लगने से भी बचाना है। जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे। जिसमें जिले के सभी पंचायतों से मास्टर ट्रेनर के रूप में दो-दो दीदीयों को प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी बातें हो रही हैं। मौके पर एडमिन नितेश पैत, सीसी मनीष कुमार, अनिल उरांव, उत्तम कुमार,सत्येन देवी, सुमित्रा देवी, प्रमिला देवी समेत सखी मंडल एवं जलसहिया दीदी मौजूद थे।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ सिद्धिविनायक संकट मोचन मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव



**चंदवा।** चंदवा शहर स्थित एसबीआई के समीप श्री सिद्धिविनायक संकट मोचन मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव सोमवार की सुबह कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा की शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई जो नगर भ्रमण करते हुए देवनद दामोदर तट पहुंची, जहां आचार्य नरेंद्र पाठक के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अजमान जगन्नाथ जायसवाल सहपत्निक एवं सैकड़ो की संख्या माता-बहनों ने कलश में जल भरा इसके पश्चात कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची जहां जल कलश को मंडप में स्थापित किया गया। तत्पश्चात 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन शुरू हो गया, मंगलवार की दोपहर अखंड पूणाहुति के पश्चात हवन एवं दोपहर बाद अपराह्न 3 बजे से भंडरा कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल प्रसाद, आरएन पांडेय, पप्पू जायसवाल, ललिता देवी, पुष्पा देवी, मधुलता देवी, मोनू, विवेक, राहुल, धनु, सोनू समेत अन्य लोग पूरी तन्मयता से जुटे हुए हैं।

## चंदवा: एसएलआरएम के तहत कचरा निस्तारण को लेकर प्रशिक्षण संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में कचरा निस्तारण को लेकर सोमवार को एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ चन्दन प्रसाद ने की। बीडीओ श्री कुमार ने जल सहिया, सखी मण्डल के दीदियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत अपशिस्ट प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने से स्वच्छ और हरित प्रखंड बनने की दिशा में अग्रसर है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को अपनाना आज की महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने प्रखंड को हरित व स्वच्छ बनाने के लक्ष्य पर बल देते हुए कहा कि इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है। घरों से निकले कचरे को एकत्र कर गीला व सूखा कचरा को नियमित एसएलआरएम सेंटर की सफाई महिलाकर्मी को देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में चंदवा पूर्वी चंदवा पश्चिमी व अलौदीया पंचायत का चयन किया गया है। आगे बताया कि अब एसएचजी दीदियां मास्टर ट्रेनर के रूप में काम करेंगी, अपने अपने पंचायतों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। लोगों को ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक करेंगी, ताकि समाज के हर वर्ग को सफाई के प्रति सजग किया जा सके और स्वच्छता के महत्त्व को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सके। गंदगी को दूर करके अपने देश की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल सहिया के अलावे 15 वे वित्त के रितेश कुमार जेएसएलपीएस के सुरेंद्र कुमार एसबीएम की सोनी कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## झामुमो बालूमाथ ने बसिया पंचायत कमेटी का किया गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा बालूमाथ कमिटी द्वारा बसिया पंचायत कमिटी का गठन किया गया। इस कमिटी के अध्यक्ष के रूप में मोहम्मद साबीर, सचिव के रूप में बाबूलाल गंझू, और कोषाध्यक्ष के रूप में गंदू भगत का चयन किया गया। वहीं, उपाध्यक्ष के रूप में हीरालाल उरांव को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर 14 सदस्यीय पंचायत कमिटी का भी गठन किया गया।

इस कमिटी के गठन की प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में ऐश्वर्य उरांव, प्रदीप गंझू, राजेश यादव, अबुल भाई, सीता उरांव और परमेश्वर गंझू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन नेताओं की देखरेख में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और पंचायत कमिटी का गठन पूरी तरह से हुआ। पर्यवेक्षकों ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया को आरंभ कर चुका है, जिसमें पंचायत, प्रखंड, जिला और अंत में केंद्रीय कमिटी का चयन किया जाएगा। नवचयनित कमिटी के गठन पर नेताओं ने उन्हें बधाई दी और आशा व्यक्त की कि पार्टी की मजबूती और विकास के लिए सभी सदस्य मिलकर काम करेंगे।

इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, प्रदीप गंझू अबुल भाई, सीता उरांव, परमेश्वर गंझू, रीना उरांव और कई अन्य झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जमीन लूट व ऑनलाइन गड़बड़ी के खिलाफ माकपा करेगी आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

- 23 मार्च को मनाया जाएगा भगत सिंह शहादत दिवस

**चंदवा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमिटी की बैठक चंदवा शुक्र बजार अलौधिया में सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मार्गदर्शन के लिए राज्य कमिटी से लातेहार जिला प्रभारी सुखनाथ लोहरा और राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जमीनों की लूट और जमीनों की ऑनलाइन इंट्री में हुई गड़बड़ी और बिना सुधार के विभिन्न कोल परियोजनाओं में जमीन लिये जाने के खिलाफ अप्रैल में अंचल कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। 23 मार्च को शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी और सीपीएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य सुखनाथ लोहरा ने मोदी सरकार की नीतियों के बारे में बताया, कहा कि जो कॉरपोरेट्स की लूट के लिए सभी लोकतांत्रिक अधिकारों को कमजोर कर रही है। इसके खिलाफ पार्टी जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाएगी। बैठक में माकपा के जिला सचिव रशीद मियां ने संगठन की स्थिति पर रिपोर्ट रखा, जिस पर पंचु गंझु, मनु उरांव, कमल गंझु ने भी चर्चा में हिस्सा लिया।

## मनिका प्रखंड में मनरेगा के इसीबी योजना में अधिकारियों के मिलीभगत से लूट की छूट

# मनरेगा योजना में बीडीओ सहित कर्मियों का कमीशन फिक्स : सुरेंद्र पासवान

- लातेहार जिला के उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में मनरेगा के तहत संचालित इसीबी योजना में अधिकारियों के मिली भगत से लूट की छूट मिली हुई है। जिस वजह से लाभुकों को अपनी योजना की एक मोटी रकम संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को देनी पड़ रही है।

इधर लाभुकों का कहना है कि जेई और एई दोनों को मिलाकर लॉगइन छोड़ने के लिए रुपए देने पड़ते हैं और एमआर में साइन करने के लिए अलग से राशि देनी पड़ती है। यानी की योजना के राशि में से जेई और एई दोनों को आठ परसेंटेज चाहिए जबकि बीडीओ, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, मुखिया व ऑपरेटर का अलग से परसेंटेज बंधा हुआ है।

वहीं कांग्रेस पार्टी के लातेहार जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी सुरेंद्र पासवान ने मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित मनरेगा कर्मियों पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। दिन सोमवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्री पासवान ने कहा कि मनिका प्रखंड में मनरेगा के तहत



संचालित इसीबी योजना में प्रखंड कर्मियों को बंधी-बंधाई रकम निर्धारित है। उन्होंने कहा कि मनिका प्रखंड कार्यालय हो या पंचायत बगैर पैसे का कोई काम नहीं होता है। जिस प्रखंड का बॉस ही बिचौलियों से घिरा हो उस प्रखंड में ग्रामीणों का भला कैसे हो सकता है।

उन्होंने कहा कि मनिका प्रखंड में पदाधिकारियों के पोषित बिचौलियों के द्वारा खुलेआम मनरेगा की योजनाओं में पदाधिकारियों के नाम से वसूली की जा रही है।

वहीं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने दावा करते हुए कहा कि मनरेगा से संचालित अन्य योजनाओं में भी फर्जी मास्टर रॉल निकालकर सरकारी राशि को डकारा जा रहा है। जबकि मनरेगा की योजनाएं धरातल पर नहीं देखी जा रही हैं। साथ ही कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने मनिका प्रखंड में इसीबी की योजना में बीडीओ सहित अन्य कर्मियों का निर्धारित कमीशन से संबंधित पुख्ता प्रमाण के साथ दावा करते हुए कहा कि जरूरत पड़ी तो उपरोक्त सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ जिले के उपायुक्त से इसकी जांच कर कार्रवाई की भी मांग करेंगे। बरहाल मनरेगा की योजनाओं में मची लूट पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने उपायुक्त से नकेल कसने की मांग की है।

## कलशयात्रा के साथ दुर्गाबाड़ी का 16वां वार्षिकोत्सव शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** स्थानीय दुगार्बाड़ी में मां दुर्गे की स्थापना की 16वीं वर्षगांठ को लेकर सोमवार को गाजे-बाजे एवं भगवा ध्वज के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई। ये कलशयात्रा दुर्गाबाड़ी प्रांगण से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर चौक होते हुए रामपुर नदी पहुंची, जहां आचार्य सर्वेश कुमार पाठक, अवधेश पाठक, मुरारी पाठक, आचार्य आनंद शर्मा आदि पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा गया। यहां से कलशयात्रा पुनः डीपाटोली, पकरीमुहल्ला होते वापस दुर्गाबाड़ी पहुंची, जहां यज्ञ वेदी का परिक्रमा करने के उपरांत सभी कलशों को प्रतिष्ठापित किया गया। इसी के साथ ही सतचण्डी महायज्ञ प्रारंभ हो गया।



कलशयात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिला-पुरुषों ने भाग लिया। मुख्य यजमान के रूप में सत्येन्द्र प्रसाद सपत्नीक शामिल हुए। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू महासभा की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार, हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, कांग्रेस नेता अजीत पाल कुजूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, महामंत्री भानू प्रसाद, विजय जायसवाल, उपाध्यक्ष शंभू प्रसाद, संतोष गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, बिहारी जायसवाल, अवधेश जायसवाल, मनोज जायसवाल (किराना), आदि हिन्दू महासभा कार्यकारिणी समिति के सदस्य सराहनीय भूमिका निभा रहे हैं।

# बोकारो : बीएमएस का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, बाबूलाल सहित कई दिग्गज हुए शामिल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** भारतीय मजदूर संघ बोकारो जिला का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन जिलाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी की अध्यक्षता तथा कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश राय के संचालन में सेक्टर 9 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। इसमें कई दिग्गज शामिल हुए। संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला ने कहा कि बीएमएस ने 70 वर्ष की यात्रा में न सिर्फ मजदूरों के शोषण के खिलाफ संघर्ष किया अपितु पूरे समाज को साथ लेकर समाज सुधार तथा राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने के लिए भी काम कर रहे हैं। विहिप के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगन्नाथ शाही ने कहा कि राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने बीएमएस की स्थापना करते वक्त राष्ट्र जीवन में जो परिवर्तन का सपना देखा था वह आरएसएस के पांच परिवर्तन तथा स्वदेशी के रूप में अभियान के साथ आने वाला है। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए बीएमएस को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा राय ने कहा कि आने वाले समय में बोकारो जिला अंतर्गत कोयला स्टील डीवीसी बियाड़ा के संगठित एवं असंगठित क्षेत्र में मजदूर हित में आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष बलिराम यादव प्रदेश महामंत्री राजीव रंजन सिंह संगठन मंत्री बृजेश कुमार ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में बोकारो जिला के सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार ने सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं की जानकारी दी। सम्मेलन में इस्पात उद्योग, स्टॉक यार्ड, ठेका मजदूर, डीवीसी, सीसीएल, बीसीसीएल, ओएनजीसी बैंक, पोस्ट ऑफिस से कार्यकर्ताओं सहित मनोज सिंह, उमेशचंद्र दुबे, रामपत महतो, राजेश बिहारी चौबे, उमेश प्रसाद सिंह,संत चौहान, अनिमेष गिरि, महेश राय, एसके वर्मा, रणधीर सिंह, संदीप मंडल, रामनारायण लाल, पृथ्वीराज साहू, कृष्ण केवट आदि रहे।

# एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** एसपी कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा संचालित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र एवं मेंटल हेल्थ मिशन इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष सह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के निदेशक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि युवाओं में बढ़ता श्रवण समस्या एक चिंतनीय विषय है। सोशल मीडिया के दौर में आनंद की चाह में युवा एक ओर जहां घंटों अकेले में चीजों को देखना और सुनना पसंद करते है। वहीं वो विभिन्न तरह हियरिंग ऐड के इस्तेमाल से कानों को तकलीफदेह बना रहे है। युवा में बढ़ते नशे की लत जिसमें मुख्य रूप से कोकीन, हिरोइन आदि नशीले पदार्थ मस्तिष्क में स्थित टेंपोरल लॉब को जहां डैमेज करता है। वहीं उसे श्रवण दोष से विभ्रम जैसे मनोविकारी लक्षणों का अनुभव भी होता है। श्रवण संवेदना के सही नहीं होने से विद्यार्थी जहां विषयों को ठीक से समझ नहीं पाते है, तो जीवन में बेहतर करने से पिछड़ जाते है। जिससे उसमें नहीं केवल आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता में भी कमी आती है। बल्कि उसमें हीनता की भावना और विषाद जैसी दुर्भावना भी घर करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (2020) की माने तो विश्व में जहां 466 मिलियन के करीब लोग प्रभावित है, तो भारत में करीब 63 मिलियन लोग श्रवण दोष के शिकार है। यह हियरिंग डिसेबिलिटी विश्व का चौथा लीडिंग रोग है। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि ऐसे विसंगतियों पर नियंत्रण बनाये। जिससे बच्चे भ्रम और विभ्रम का शिकार नहीं हो। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका डॉ त्रिजा जेनिफर टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका डॉ सीमा कुमारी ने की।

## एक नजर में

### तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में 8 मार्च को लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत



बेरमो/तेनुघाट कोट। सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज बोकारो के निर्देश पर 8 मार्च को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर 3 मार्च को न्यायिक पदाधिकारी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनिल कुमार की अगुवाई में अनुमंडल के पुलिस अधिकारी के साथ उक्त बैठक की गई। इस अवसर पर जिला जज प्रथम अनिल कुमार ने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि आगामी लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो भी नोटिस न्यायालय से भेजा जाए, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। ताकि अधिक से अधिक मामले का राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन संभव हो सके। कुटुंब न्यायालय प्रेम नाथ पांडेय ने उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि लोक अदालत की सफलता के लिए आप सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि ज्यादा मामले पारिवारिक विवाद के कारण ही उत्पन्न होता है। इसलिए हमें जैसे ही पारिवारिक विवाद के मामले की जानकारी हो उसे वहीं समझा कर विवाद समाप्त करने की कोशिश करना चाहिए। जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने भी कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों का निष्पादन किया जाता है जिसमें प्रशासन का भी सहयोग मिलता है और उम्मीद है कि आगे भी यह परंपरा जारी रहेगा। इस अवसर पर एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने भी नोटिस तामील कराने को लेकर कई तरह के निर्देश दिए। बैठक में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों ने न्यायिक पदाधिकारियों को यह आश्वासन दिया कि जितने भी नोटिस थाना में पहुंचेंगे, सभी का तमिल होगा। मंच संचालन, स्वागत भाषण एसीजेएम मनोज प्रजापति और मुंसिफ शिवराज मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, मुंसिफ शिवराज मिश्रा, अधिवक्ता सुभाष कटरियार, जीवन सागर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जबकि पुलिस प्रशासन की ओर से अजीत कुमार, शशि शेखर कुमार, नित्यानंद भोक्ता, विक्रम सिंह, टीकेश्वर मेहता, दुर्गा चरन मुर्मू, सुमन कुमारी, भजन लाल महतो, अर्जून राम, रजी अहमद, बीरेंद्र मंडल, उज्ज्वल, जेम्स कुजूर, जुंबल सिंह व अनुमंडल के कई पुलिस पदाधिकारी सहित दीपक गुप्ता, कृष्णा रजक, उपासी देवी, अतिशय कुमार आदि मौजूद थे।

### बेरमो : झाकोमयू की एक अहम बैठक संपन्न



बेरमो। सोमवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की क्षेत्रीय बैठक करगली स्थित निर्मल महतो स्मृति भवन में संपन्न हुई। जिस बैठक की अध्यक्षता दीपक महतो एवं संचालन क्षेत्रीय सचिव किशोर कुमार ने किया। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुआ जिसमें क्षेत्र के सभी परियोजना में सशक्त के साथ अपना संगठन को मजबूत करना तथा सदस्यता अभियान चलाना एवं बोकारो परियोजना में नया कमेटी का गठन करना आदि शामिल थे। होली मिलन समारोह करना तथा नव नियुक्त क्षत्रिय अध्यक्ष पंकज कुमार महतो को फूल माला एवं बुके देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर रंजीत महतो दिनेश कुमार अजय राम सुमित कुमार विश्वजीत सिंह सुमित चौहान विशाल, बजरंगी आदि मौजूद थे।

### बोकारो : जमीन पर अवैध कब्जे के मुद्दे पर डालसा अधिकारी से कार्रवाई की मांग

बोकारो/चंद्रपुरा। बोकारो जिलान्तर्गत चंद्रपुरा प्रखंड के घटियारी पंचायत के भुरसाबाद गांव निवासी रैयत लालचंद मांझी ने बोकारो जिला विधिक सेवा प्राधिकार को एक पत्र लिखकर जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि डीवीसी द्वारा वर्ष 1958-59 में उनकी करीब साढे आठ एकड़ रैयती खतियानी जमीन का अधिग्रहण कर लिया गया। उसके एवज में पांच एकड़ 85 डिसमिल भूमि का मुआवजा-भुगतान किया गया। शेष दो एकड़ 62 डिसमिल पर डीवीसी ने वर्षों से जबरन कब्जा कर रखा है। रैयत लालचंद मांझी ने बताया कि भूमि अधिग्रहण के बाद विस्थापन नीति के तहत न तो उसे नियोजन मिला और न कोई मूलभूत सुविधा। खतियानी रैयती भूमि का लगान संबंधित विभाग में वह अब तक जमा कर रहे हैं। रैयत ने डालसा अधिकारी से इस मामले की जांच कर समुचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### बोकारो : मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित




बोकारो। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। भगवती वंदना के बाद होली गीतों मिथिला में राम खेलथि होरी मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा शीला मिश्रा अमिता झा लीला झा रुबी ठाकुर सीमा झा बीणा झा मीरा मिश्रा जयंती पाठक प्रीति प्रिया कंचन झा किरण झा पूनम झा आशा पाठक पद्मा चौधरी रंजना भगत प्रेरणा ओझा बिनीता राय प्रेरणा अनुपम मीरा राय ऋतु मिश्रा सविता मिश्रा अलका झा रीता झा नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

### बेरमो विधायक ने नाली का किया शिलान्यास



बेरमो। बेरमो प्रखंड के बोकारो थर्मल गोविंदपुर ए पंचायत स्थित सुनील साव के घर से हरिजन बस्ती तालाब तक डीएमएफटी फंड से 79 लाख रुपए की लागत से आरसीसी नाली का शिलान्यास किया। इस दौरान बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि ग्रामीणों का मांग था कि इस जगह पर नाली बनने से गांव की गंदी पानी नाली में अच्छा से बह सके। जिससे ग्रामीणों को गंदगी से राहत मिलेगी। मौके मुखिया संघ अध्यक्ष चंद्रदेव कुमार घासी, गोविंदपुर ए पंचायत मुखिया अंजू आलम, गोविंदपुर सी पंचायत मुखिया विकास सिंह, मुखिया प्रतिनिधि महबूब आलम, जेएमएम नेता मुन्ना साव, मो मनीर आदि लोग उपस्थित थें।

### बेरमो : जिला परिषद सदस्य व मुखिया ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट पंचायत और घरवा टांड पंचायत स्थित जिला परिषद क्षेत्र संख्या 15 में जिला परिषद सदस्य माला कुमारी, तेनुघाट पंचायत की मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पसस अजीत पाण्डेय, मो अख्तर अंसारी और घरवा टांड पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने तेनुघाट छठ घाट के समीप चार लाख से बनने वाले छठ घाट और घरवा टांड पंचायत में चार लाख छियासी हजार रुपए की लागत से बनने वाले नाली का पंडित अजीत पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर और नारियल फोड़ कर शिलान्यास करवाया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य ने बताया की छठ घाट की आवश्यकता तेनुघाट छठ घाट में थी जिसे आज मैंने अपने फंड से इसका शिलान्यास किया जिससे लोगो को बहुत ही लाभ मिलेगा। वहीं बताया की कुल दो पंचायत में लगभग आठ लाख छियासी हजार रुपए की योजनाओं का शिलान्यास किया गया है। वहीं घरवा टांड में सड़क पर ही नाली बहता था जिसका आज नाली का शिलान्यास कर यहाँ के लोगो को सड़क पर बहने वाले पानी से भी निजात मिल जायेगा। वहीं घरवाटांड में बने वाले नाली से लोगो में बहुत ही उत्साह है। लोगो का कहना है की सड़क पर बहने वाले पानी से निजात मिल जायेगा और सड़क भी साफ रहेगा। वहीं इस मौके पर आनन्द कुमार, घनश्याम यादव, पिंटू, बिट्टू सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

### संपदा कोर्ट बोकारो ने 13 आवास कराया कब्जामुक्त

बोकारो। सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा 3 मार्च को अनधिकृत कब्जे वाले आवासों को मजिस्ट्रेट धनंजय कुमार गिरी व पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति में खाली कराने का अभियान चलाया गया जिसके तहत निम्नलिखित आवास कब्जा मुक्त कराए गए। आज कुल कब्जामुक्त कराए गए 13 आवासों में सेक्टर 9ए का ई टाइप आवास संख्या 585, 590, 748, 1132, 1270, 1275, 1277, 1327, 1484 एवं 1488 तथा सेक्टर 9ए का डी टाइप आवास संख्या 189, 250 एवं 415 शामिल हैं।

## स्पीड न्यूज

### स्वदेशी जागरण मंच की दिवंगत मंजू सिन्हा को दी गयी श्रद्धांजलि



बोकारो। स्वदेशी स्वदेशी जागरण मंच बोकारो की ओर से सेक्टर तीन स्थित पूज्य तपस्वी जगजीवन जी महाराज सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मंच के राष्ट्रीय मेल प्रमुख सचिन्द्र कुमार बरियार की धर्मपत्नी स्व मंजू सिन्हा के चित्र पर सभी ने बहुत ही नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की। मंच के राष्ट्रीय संगठक सतीश कुमार उपस्थित थे। सचिन्द्र बरियार ने भी अपने धर्मपत्नी की चित्र पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि में अपने संस्मरणों को याद करते हुए संगठन को विस्तार देने में स्व मंजू सिन्हा को नारी सशक्तिकरण की मिसाल बताया। मौके पर क्षेत्र संयोजक अमरेन्द्र सिंह, अजय उपाध्याय, पूर्व विधायक बिरंची नारायण, अजय कुमार चौधरी, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, सुजीत कुमार, डॉ अनिन्दो मंडल, जयशंकर, नवीन सिन्हा, अजय कुमार सिंह, अमरजी सिन्हा, कुमार संजय प्रेम प्रकाश, विकास वर्मा, अशोक रंजन, अवधेश कुमार, ददन प्रसाद, भारतीय मजदूर संघ के विनोद कुमार, प्रशांत कुमार, सुशील कुमार, कौशल किशोर, पूनम सिन्हा, रीता श्रीवास्तव, अनुजा सिंह, आशा सिंह, राधा सिंह, मनोरमा चौधरी, एसएन दास आदि मौजूद रहे।

### दुमका : चार बच्चों की मां समेत दो ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

दुमका। जिले के दो थाना क्षेत्र में रविवार की रात पारिवारिक विवाद में एक महिला समेत दो ने फांसी के फंदे से झूल जान दे दी। पहली घटना टोंगरा थाना क्षेत्र में घटी। जहां सोमवार की सुबह घरवालों की सूचना पर टोंगरा थाना पुलिस ने हथियापाथर बड़ा बगान से 35 साल की सरस्वती बाउरी का शव बरामद किया। जानकारी के अनुसार टोंगरा थाना क्षेत्र के हथियापाथर की रहने वाली चार बच्चों की मां सरस्वती का रविवार की शाम पति तारा बाउरी से किसी बात पर विवाद हो गया। देर तक चली कहासुनी के बाद महिला घर से निकल गई। काफी देर तक वापस नहीं आने पर पति ने खोजबीन शुरू किया। लेकिन कुछ पता नहीं चला। सोमवार की सुबह गांव के लोग जंगल की ओर गए तो वहां एक बगान में पेड़ से लटकता शव मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मामले में थाना प्रभारी गुरूचरण मांझी ने बताया कि महिला ने घर से नायलोन की रस्सी ले जाकर जान दी है। अभी तक पारिवारिक विवाद सामने आ रहा है। मौत का सही कारण पता करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दुमका : बंगाल नहीं जाने देने पर युवक ने लगायी फांसी

**दुमका।** जिला के रामगढ़ के कुशमाहा में रविवार की रात बंगाल नहीं भेजने से नाराज 23 साल के जोसेफ हांसदा ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन से जोसेफ काम करने के लिए बंगाल जाने की जिद कर रहा था। रविवार की शाम घरवालों ने जाने से मना कर दिया। इस बात से नाराज युवक ने घर के समीप ही पेड़ से लटककर जान दे दी। रात को उसे पेड़ से लटका देखा तो उतार लिया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस दोनों ही मामले में यूडी केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर दुमका डीसी ने की बैठक

# श्रद्धालुओं के लिये होगी वीआइपी कॉटेज की व्यवस्था

**ऑनलाइन होगी बुकिंग**

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीसी आंजनेयुलु दोड्डे व अन्य।

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में सोमवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में डीसी ने कहा कि श्रावणी मेला को ध्यान में रखते हुए शिवगंगा की बेहतर ढंग से साफ सफाई की जाये।

उन्होंने कहा कि शिवगंगा के सारे पानी को निकालकर स्वच्छ जल भरा जाये। जिससे आने वाले श्रद्धालु एक स्वच्छ माहौल में स्नान कर पूजा अर्चना कर सकें। उन्होंने कहा कि पेयजल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पेयजल को लेकर सभी जरूरी व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाये। जिससे श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो। डीसी ने मंदिर परिसर में परमानेंट सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित करने का भी निर्देश दिया है।

उन्होंने मंदिर एवं मेला क्षेत्र के साफ-सफाई को लेकर नियमानुसार निविदा कर मेला अवधि के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवासन को लेकर इस वर्ष 5 टेंट सिटी बनाये जाएंगे। साथ ही 30-40 वीआईपी कॉटेज बनाए जाएंगे। इस कॉटेज में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था कॉटेज में होगी। इस कॉटेज की बुकिंग श्रद्धालु घर बैठे ऑनलाइन कर सकेंगे। इसके लिए डीसी ने जगह चिन्हित करने का निर्देश दिया है। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

# सीसीएल व लहरियाटांड़ विस्थापितो के बीच में हुई वार्ता, आंदोलन स्थगित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो थर्मल सीसीएल विस्थापित प्रमाणपत्र सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर लहरियाटांड़ के विस्थापितों ने 15 फरवरी को कथारा महाप्रबंधक सहित अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से अनुरोध किया था कि लहरियाटांड़ गांव के विस्थापितों के द्वारा बराबर सीसीएल प्रबंधक से विस्थापित प्रमाणपत्र, सड़क, पानी की सभी समस्याओं का जल्द समाधान कर किया जाए। अन्यथा बाध्य होकर 3 मार्च से गोविंदपुर परियोजना का कोयला ट्रांसपोर्टिंग कार्य को बंद कर चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। जिसके अवलोक में रविवार को कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में वार्ता हुई जिसमें महाप्रबंधक संजय कुमार, गोविंदपुर परियोजना पदाधिकारी एके तिवारी, नोडल अधिकारी आकाश कुमार, रोहित प्रजापति, चंदन कुमार प्रबंधन की ओर से मौजूद रहें और लहरियाटांड़ गांव के ग्राम विकास समिति के बीच में वार्ता हुई। जिसमें महाप्रबंधन के द्वारा आश्वासन दिया गया कि एक माह के अंदर लहरियाटांड़ गांव की समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। ग्रामीणों के तरफ से कहा गया कि एक माह के अंदर ग्रामीण समस्या का समाधान नहीं होता हैं, तो 1 अप्रैल से आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

# आरकेएमयू के प्रतिनिधियों ने 17 सूत्री मांगपत्र कथारा वाशरी पीओ को सौपा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** एचएमएस से संबद्ध राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन कथारा वाशरी शाखा के प्रतिनिधियों ने 17 सूत्री मांगपत्र सौपने का कार्य किया। उक्त मांगपत्र को कथारा वाशरी के पीओ बी मोहन बाबू और कार्मिक प्रबंधक सुभाष पासवान को सौपा गया। इस दौरान राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बैरिस्टर सिंह, क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, कथारा वाशरी शाखा के सचिव मो मिनाहजुल आबेदिन, विनय राम, खगेश्वर रजक, नागवंत प्रसाद, विकास कुमार सिंह, गणेश राम आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। मांगपत्र में वर्ष 2023 से 2025 तक के वित्तीय वर्ष में हुए असैनिक विभाग और मेन्टनेश विभाग के कार्यों का ब्यौरा देने, रॉ कोल का दो सेक्शन होने के वावजूद एक सेक्शन का चलाने की जगह दोनों सेक्शन चलाये जाने, सीपीपी से कथारा वाशरी तक समुचित लाईट का व्यवस्था करने, कथारा वाशरी परियोजना क्षेत्र में समुचित सफाई, उत्तम भोजनालय की व्यवस्था, बेहतर शौचालय का निर्माण, सलेरी और रिजेक्ट की रेल के साथ रोड सेल के द्वारा बिक्री आदि मांग प्रमुख रूप से थी। यहां पीओ बी मोहन बाबू ने अश्वस्त किया कि आगामी कुछ दिनों में श्रमिक संगठन द्वारा सौपे गए मांगपत्र से संबंधित पूरी चीजों की पड़ताल और उनका जवाब तैयार करके वार्ता के दौरान पूरी चीजों को रखने का कार्य किया जाएगा।

# दुमका : नदी में नहाने गयी मजदूर महिला की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

**पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी घटना से आक्रोशित ग्रामीण**

खबर मन्त्र संवाददाता



शव को देखने पहुंचे ग्रामीण।

**दुमका।** जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र के फिटकोरिया गांव की 40 वर्षीया महिला अर्चना देवी की हत्या कर शव को भंवरपाथर सीमा की झाड़ी में फेंकने का मामला सामने आया है। मामले में परिजनों और ग्रामीणों ने सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या की अशंका जतायी है। जानकारी के अनुसार फिटकोरिया गांव के मनोज राय की पत्नी अर्चना देवी रविवार को गांव स्थित एकलव्य विद्यालय के चारदीवारी निर्माण कार्य में मजदूरी कर रही थी। दोपहर में भोजन करने के लिए सभी मजदूरों को छुट्टी दी गई। जिसमें अर्चना देवी भी खाना खाने के लिए घर गई और नहाने के लिए नदी चली गई। उस समय उसकी बड़ी बेटी घर में थी। बेटी मां के आने का इंतजार करती रही। लेकिन जब मां घर नही लौटी तो बेटी ने एकलव्य विद्यालय जाकर मां का पता लगाने की कोशिश की। लेकिन वहां पता चला कि दोपहर के बाद काम करने नहीं आयी। मृतका की पति मनोज राय चकमुहा गांव के मजदूरी के लिए गया हुआ था। ग्रामीणों ने नदी में भी जाकर देखा तो सिर्फ बाल्टी थी, लेकिन अर्चना नहीं थी। सोमवार को सुबह जब ग्रामीणों ने फिर से खोजबीन शुरू की तो अर्चना का शव भंवरपाथर गांव के सीमा के समीप झाड़ी और नदी के किनारे अर्धनग्न स्थिति में मिलने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बाद में पूरे मामले की सूचना सोमवार की सुबह मुखिया लुकास मुर्मू ने थाना प्रशासन को दी। जानकारी देने के बाद प्रभारी थाना विवेक विल्सन, एसआई मानकी हायबुरू, इंस्पेक्टर अरविंद कुमार व गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित भगत फिटकोरिया गांव स्थित घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए। घटनास्थल पर स्क्वायड डॉग टीम भी पहुंचकर जांच में जुट गई। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम भी पहुंची। प्रशासन के समझाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पोस्मार्टम के बाद ही पता चल पाएगा कि सामूहिक दुष्कर्म हुआ हैं या नहीं।

# बेरमो : एसडीओसीएम प्रबंधन के साथ इनमोसा की एजेंडा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** इंडियन नेशनल माइन ऑफिशियल एवं सुपरवाइजरी स्टॉफ एसोसिएशन (इनमोसा) एसडीओसीएम की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर पीओ कार्यालय मे प्रबंधन के साथ एजेंडा बैठक हुई। मैनेजर राजीव कुमार ने कहा कि कोयला खदानों में कामगारों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। सुरक्षा के सवाल पर किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता सुरक्षित खदान, सुरक्षित उत्पादन और सुरक्षित मजदूर-अधिकारी ही सुरक्षा के मापंड हैं। साथ ही श्री कुमार ने कहा कि कोयला उत्पादन में माइनिंग सरदार और ओवर मैन की भूमिका अहम होती है। बैठक के दौरान एरिया सचिव पवन कुमार सिंह ने खदान की सुरक्षा को लेकर अहम सुझाव भी दिए। खदानों में सुरक्षा नियमों की कमियों को तत्काल दूर कर सुरक्षित उत्पादन पर बल दिया। खदानों के आउटसोर्सिंग के और डिपार्टमेंटल पैच में पर्याप्त मात्रा में लाइटिंग की व्यवस्था, खदानों के हॉल रोड में पानी का छिड़काव और आउटसोर्सिंग पैच में काम करने वाले कामगारों का आई कार्ड सहित कई मांगों को विस्तार पूर्वक रखा। सीसीएल में माइनिंग सरदार और ओवरमैन की कमी अविलंब दूर करने, इनमोसा का प्रतिनिधित्व सभी कमेटियों में सुनिश्चित करने, माइंस एक्ट प्रावधान के अनुसार माइनिंग सुपरवाइजरी स्टाफ का प्रमोशन सहित कई मांगों को रखा। मौके पर कार्मिक प्रबंधक मौ तौकीर आलम, पीई राम लखन, एरिया वाइस प्रेसिडेंट सुचिंद्र कुमार, एरिया ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री नरेश महतो, कैशियर भी एन दास, प्रोजेक्ट अध्यक्ष शंकर प्रसाद, सचिव युधिष्ठिर सिंह, मदन सिंह, अभिषेक कुमार, कमलेश, सुरेश कुमार, पंकज नानिया सहित कई ओवरमैन व माइनिंग सरदार उपस्थित थे।

# बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ का होली मिलन समारोह 9 मार्च को



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की टू टैंक गार्डन सेक्टर 3 में नवीन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने बोकारो इस्पात प्रबंधन को दिये गये मांग पत्र के आलोक में प्रबंधन के उदासीन रवैये पर दुख व्यक्त किया एवं आक्रोश रैली निकालने पर सहमति बनी। 9 मार्च को संघ के कामगार मजदूरों द्वारा होली मिलन समारोह मनाने के लिए आपस में सहमति बनी। होली मिलन समारोह संघ के कार्यालय 12 एफ/1155 में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में महामंत्री सुमन सिंह संयुक्त मंत्री आशा देवी पदाधिकारी निवारण प्रसाद महतो कार्यालय सचिव गंगेश कुमार पाठक सर्वन कुमार झा देवेंद्र कुमार पुष्पा मिश्रा इंदू तिवारी मीनाक्षी सिंह हरेन्द्र कुमार निरंजन सिंह गुलाम जिलानी सुमित सिंह कविता देवी मंजु कुमारी बीके पासवान ओम प्रकाश सिंह जगदीश प्रसाद सिंह वीणा देवी महेश कुमार दिलीप कुमार गुप्ता भोला प्रसाद आदि अन्य थे।

बैठक का संचालन गंगेश पाठक ने एवं धन्यवाद ज्ञापन आशा देवी ने किया।

स्पीड न्यूज

### भारत और बेल्जियम ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की

**नयी दिल्ली।** भारत और बेल्जियम ने क्षेत्रीय सुरक्षा और हिन्द प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग पर चर्चा की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बेल्जियम की राजकुमार एस्ट्रिड और रक्षा मंत्री थियो फ्रेंकन के साथ यहां मुलाकात शानदार रही। उन्होंने कहा , बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड और मेरे समकक्ष श्री थियो फ्रेंकन से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। हमने क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और इंडो पैसिफिक में रक्षा सहयोग की संभावना पर चर्चा की। साथ ही, हमने दोनों देशों के बीच रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श किया।

### भारत के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं: मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बंगलादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि भारत के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं है। श्री यूनुस ने सोमवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में बीबीसी बांग्ला से कहा, 'बीच में कुछ संघर्ष देखे गए थे। मैं कहूंगा कि कुछ संकट के बादल छाये, ये बादल ज्यादातर प्रचार के माध्यम से आए। अन्य लोग इनके स्रोतों को दुष्प्रचार मानेंगे।

### ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टारमर ने की यूरोपीय नेताओं की मेजबानी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने यूक्रेन पर शिखर सम्मेलन के लिए रविवार को एकत्रित हुए यूरोपीय नेताओं से कहा कि उन्हें कीव का समर्थन करना जारी रखना चाहिए और यूरोप की सुरक्षा के लिए ह्य पीढ़ी में एक बार आने वाले क्षण पर मिलना चाहिए। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मौजूद श्री स्टारमर ने कहा कि वे तीनों लड़ाई को रोकने के लिए एक योजना पर काम करने और फिर इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के पास ले जाने पर सहमत हुए हैं।

### इजरायली सेना ने गाजा में चार फिलिस्तीनियों को मार गिराया

**गाजा।** इजरायली सेना ने रविवार को गाजा पट्टी में चार फिलिस्तीनियों को मार गिराया। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और चिकित्सा स्रोतों ने यह जानकारी दी। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक प्रेस बयान में कहा, ह्यइजरायल सेना ने गाजा पट्टी के उत्तर में बेत हनौन शहर में स्थानीय लोगों के एक समूह पर सैन्य ड्रोन से हमला करके दो फिलिस्तीनियों को मार डाला।

### दुनिया भर में 2024 में 14 महिला पत्रकार समेत 122 मीडिया पेशेवरों की हुई हत्या

**ब्रसेल्स।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) ने पत्रकारों और मीडिया कर्मचारियों की हत्या पर अपनी 34वीं वार्षिक रिपोर्ट सोमवार को प्रकाशित की है, जिसमें वर्ष 2024 में दुनिया भर में 14 महिला पत्रकार समेत 122 मीडिया पेशेवरों की मौतों का विवरण है। फेडरेशन ने संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से पत्रकारों की हत्याओं के लिए दंड से मुक्ति को समाप्त करने के लिए पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर आईएफजे के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को तत्काल अपनाने का आह्वान किया है।

### ईरान के उप राष्ट्रपति जरीफ ने दिया इस्तीफा

**तेहरान।** ईरान के उप राष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ ने पिछले साल अगस्त में अपनी नियुक्ति के बाद दूसरी बार रविवार रात को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया है। श्री जरीफ ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने रविवार को ईरान के न्यायपालिका प्रमुख से मुलाकात की और न्यायपालिका प्रमुख ने उनके विश्वविद्यालय लौटने की सिफारिश स्वीकार कर लिया है।

# बिहार में 3.17 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश

## यह पिछले बजट से 38 हजार 169 करोड़ अधिक, सम्राट चौधरी ने बजट में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर दिया अधिक जोर

एजेंसी

**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सोमवार को सदन में 3.17 लाख करोड़ का ऐतिहासिक बजट किया पेश। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर सबसे अधिक जोर दिया गया है। बिहार सरकार ने इस बजट में स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा पर विशेष फोकस किया है। राजस्व बचत वित्तीय वर्ष 2025-26 में बचत 8 हजार 831 करोड़ रुपए का रखा गया है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 से 38 हजार 169 करोड़ रुपए अधिक है। राजकोषीय घाटा निर्धारित सीमा तीन फीसदी के अधीन है। मौजूदा वर्ष से अगले साल का बजट 38 हजार करोड़ अधिक है। आर्थिक सेवा में 25 हजार 262 करोड़ रुपये का प्रस्ताव। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लिए एक हजार करोड़ तय किया गया है।



घर में पूजा पाठ कर बजट पेश करने आये डिप्टी सीएम ने बजट प्रस्तावों में कहा कि इस वित्तीय वर्ष में राजस्व 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपया अनुमानित है। पिछले वित्तीय वर्ष से यह करीब 34 हजार करोड़ रुपया अधिक है। पंचायति राज निकाय के लिए 4012 करोड़ प्रस्तावित हैं। नगर निकाय के लिए 2160 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। उन्होंने घोषणा की कि पूर्णिया हवाई अड्डा शीघ्र चालू होगा और अगले तीन महीने में पूर्णिया एयरपोर्ट से सेवा शुरू हो जायेगी। बिहार की सरकार ने फैसला किया है कि राजगीर, सुल्तानगंज और रक्सौल में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाये जायेंगे। वाल्मिकीनगर, मुंगेर, सहरसा, और मुजफ्फरपुर में छोटे हवाई जहाजों के लिए हवाई सेवा होगी शुरू। वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बिहार क्लीन एयर ट्रांसफॉरमेशन का निर्माण होगा। इसपर 1 करोड़ की लागत आएगी। इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण होगा।

**बजट की अहम घोषणाएं :** 358 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जायेंगे। बड़े अनुमंडलों में रेफरल अस्पताल का निर्माण होगा। 108 नगर चिकित्सा सुविधा केंद्र खुलेंगे। सभी प्रमंडालों में कैंसर अस्पताल खुलेंगे।

बेगूसराय में कैंसर अस्पताल बनेगा। पिछड़ों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति दोगुनी की जायेगी।

### कन्या मंडप में होगी गरीब बेटियों की शादी

सरकार हर पंचायत में सरकारी विवाह मंडप बनाएगी, जहां गरीब बेटियों की शादी करायी जायेगी। प्रमुख शहरों में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए हॉस्टल खुलेंगे। देश के कई शहरों में प्रवासी मजदूरों के लिए सेंटर खोले जायेंगे। सभी प्रखंडों में एक-एक डिग्री कॉलेज खुलेंगे। पीपीडी मोड आधारित मेडिकल कॉलेज खुलेंगे।

### औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति होगी विकसित

डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति विकसित किया जा रहा है। इसमें निवेश को बढ़ावा दिया जायेगा। सभी प्रखंडों में सब्जी उत्पादक समिति का गठन इस साल कर लिया जायेगा। पटना में महिला हाट की स्थापना की जाएगी. पटना में मोबाइल जिम की शुरूआत होगी. महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनेगा।

एससी एसटी की छात्रवृत्ति दोगुनी होगी। प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम बनेंगे। साइबर अपराध रोकने के लिए डेटा सेंटर बनाये जायेंगे। प्रमुख शहरों में पिंक बस चलेंगे, इसमें चालक और कंडक्टर महिला होंगी। नहर के किनारे सोलर प्लांट लगेंगे, इसके लिए 25 करोड़ का फंड बनेगा। होम स्टे योजना को बढ़ावा दिया जायेगा, महिला गाइड बहाल होंगे। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की नौकरियों में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलेगा। निबंधन कार्यालय होगा पेपरलेस। बिहार के खाद व्यंजन को बढ़ावा दिया जायेगा। देश में सबसे अधिक महिला सिपाही बिहार में है, उनकी पोस्टिंग के पास ही रहने की व्यवस्था कराई जायेगी। निबंधन कार्यालय को पेपरलेस किया जायेगा।

वायु गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए बिहार क्लीन एयर ट्रांसफॉरमेशन का निर्माण होगा। इसपर 1 करोड़ की लागत आएगी. इससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। महिला चालकों को ई-रिक्शा एवं दो पहिया वाहन खरीदने के लिए नगर अनुदान दिया जाएगा। प्रमुख शहरों में महिला वाहन चालक प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे, जिसमें प्रशिक्षक महिलाएं ही होंगी। बिहार के सभी प्रमंडलों में खेल संरचना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। पुनपुन में 100 एकड़ की भूमि चिह्नित की गई है. प्रत्येक प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम को भी स्वीकृत किया जायेगा।

### पहले सीएम और राज्यपाल से की भेंट

विधानसभा में बजट पेश किए जाने से पहले राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सीएम नीतीश से मुलाकात की है। राज्यपाल आरिफ खान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### सबसे अधिक शिक्षा पर खर्च

शिक्षा विभाग पर 60974 करोड़ रुपये। स्वास्थ्य विभाग पर 20335 करोड़। गृह विभाग को 17831 करोड़। ग्रमीण विकास विभाग को 16043 करोड़। उर्जा विभाग को 13484 करोड़। राजस्व 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपया अनुमानित।

## सत्ता में बैठे लोगों को बिहार की तरक्की कैसे हो इसकी चिंता नहीं है : तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट आज पेश किया गया। वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने दूसरी बार राज्य का बजट पेश किया। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस बजट बेकार का बजट बताया। उन्होंने कहा कि बिहार के हित में यह बजट नहीं है। सत्ता में बैठे लोगों को बिहार की तरक्की कैसे हो इसकी चिंता नहीं है। हमारी पार्टी सत्ता में बैठे लोगों का पोल खोलने का काम करेगी। विधानसभा परिसर के में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार प्रति व्यक्ति आय और किसानों की आय में काफी पीछे है। सबसे ज्यादा बेरोजगारी और गरीबी में बिहार में है। नौकरी और रोजगार कैसे बढे, पेपर लीक कैसे रुके



इसकी चर्चा बजट में नहीं की गयी है। लॉ एन्ड ऑर्डर पर भी चर्चा नहीं की गयी। पुलिस का मॉडर्नाइजेशन कैसे हो इसके बारे में कोई चर्चा बजट में नहीं की गयी। लोगों का पलायन को कैसे रुके इसकी भी चर्चा नहीं की गयी। दिव्यांग भाईयों की ना तो चर्चा हुई और ना ही महिलाओं को आर्थिक न्याय देने की बारे में कोई चर्चा की गयी। महिलाओं के लिए पिंक बस चलाने की योजना पर तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार ट्रांसपोर्ट का बस तो ठीक से चल नहीं पाता है ये पिंक बस चलाएंगे।

## युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का रखा गया ख्याल : नीतीश कुमार

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बजट में किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इस साल बिहार का बजट 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये का है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार की विकास दर 14.5 प्रतिशत रही है।वह बिहार विधान सभा में सोमवार को पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रस्तुत बिहार बजट (2025-26) न्याय के साथ विकास के हमारे संकल्प को मजबूत करेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य सरकार अपने राजकोषीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से बिहार के आर्थिक



विकास को गति देगी। सड़कों का चौड़ीकरण कर आवागमन की सुविधा को बेहतर किया जायेगा। युवाओं को रोजगार देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे। हम सरकारी नौकरी के साथ-साथ रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित हैं, इसके लिए वित्तीय संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि में हमारे प्रयास से हुये विकास को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान इस बजट में किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को समावेशी, तीव्र एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बिहार बजट अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा, जहां एक ओर हर जिले को चार लेन सड़क से जोड़ा जायेगा, वहीं राज्य के लोगों के लिये सस्ती एवं सुलभ वायु सेवा उपलब्ध कराने के लिये बजट में कई प्रावधान किये गये हैं। विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्थापना से राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणात्मक सुधार आयेगा। निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार हमेशा तत्पर रही है और इस बजट में इसके लिए कई नई नीतियों के साथ बड़े और महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार किए गए हैं।

## कोयला घोटाला: निलंबित आइएएस साहू व अन्य को अंतरिम जमानत

**नयी दिल्ली/रायपुर।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ में 450 करोड़ से अधिक के कोयला लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग घोटाला मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के निलंबित अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया,व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी और अन्य को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। इस संबंध में सोमवार को फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की युगल पीठ ने कहा, जांच की समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए और जल्दबाजी में जांच की मांग किए बिना हम याचिकाकताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं।

शीर्ष अदालत ने रानू साहू, सौम्या चौरसिया, दीपेश टोंक, राहुल कुमार सिंह, शिव शंकर नाग, हेमंत जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, संदीप कुमार नाग, रोशन कुमार सिंह, समीर विश्नोई, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, सूर्यकांत तिवारी को अंतरिम जमानत दी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में जांच में काफी समय लगेगा, इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं।

ये सभी करीब दो वर्ष से अधिक समय से जेल में हैं। इनकी पूर्व में कई याचिकाएं खारिज हो चुकी थीं। शीर्ष अदालत ने सरकार को कहा है कि मामले में निर्धारित तारीख पर याचिकाकताओं के आचरण पर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

# दिव्यांगता न्यायिक सेवाओं से वंचित करने का आधार नहीं

### शीर्ष कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि केवल दिव्यांगता के आधार पर किसी भी अभ्यर्थी (संबंधित पद के आवेदक) को न्यायिक सेवाओं से वंचित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन अभ्यार्थियों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखने वाले मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम की शर्तों के उस भाग को निरस्त करते हुए कहा कि वे (दृष्टिहीन और दृष्टिबाधित) भारत की न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति के आवेदन के पात्र हैं। पीठ की ओर से फैसला



सुनाते हुए न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा, मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम 1994 के नियम 6ए को निरस्त किया जाता है, क्योंकि यह दृष्टिबाधित और दृष्टिहीन उम्मीदवारों को न्यायिक सेवाओं में नियुक्ति से बाहर रखता है।

पीठ ने कई पहलुओं पर गौर करने के बाद कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार उनकी (दिव्यांग व्यक्तियों की) पात्रता का आकलन करते समय उन्हें उचित सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट तौर कहा कि दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले अभ्यर्थी न्यायिक सेवा के पदों के लिए चयन में भाग लेने के हकदार होंगे। पीठ ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों को न्यायिक सेवा की भर्ती में किसी भी तरह के भेदभाव का सामना नहीं करना चाहिए और राज्य को समावेशी ढांचा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सकारात्मक कार्रवाई प्रदान करनी चाहिए। पीठ ने फैसले में आगे कहा कि वह संवैधानिक ढांचे और संस्थागत अक्षमता ढांचे से निपटता है और इस मामले को सबसे महत्वपूर्ण मानता है।

शीर्ष अदालत के समक्ष एक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी की मां ने पिछले साल मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती और सेवा शर्तें) नियम में शामिल उक्त नियम के खिलाफ पत्र याचिका दी थी।

## देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है: मुर्मु

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि किसी भी देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में झलकता है। राष्ट्रपति ने सोमवार को यहां राष्ट्रपति भवन में दो दिन के विजिटर कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति 184 केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की विजिटर यानी कुलाध्यक्ष हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य को हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ शोध पर भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने बहुत अच्छे उद्देश्य से राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च शिक्षा संस्थान इस महत्वपूर्ण पहल का अच्छा



उपयोग करेंगे और शोध को प्रोत्साहित करेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च शिक्षा समुदाय की महत्वाकांक्षा यह होनी चाहिए कि संस्थानों के शोधकताओं को विश्व स्तर पर मान्यता मिले, संस्थानों के पेटेंट दुनिया में बदलाव ला सकें और विकसित देशों के छात्र उच्च शिक्षा के लिए भारत को पसंदीदा गंतव्य के रूप में चुनें। उन्होंने कहा कि भारत के छात्र अपनी प्रतिभा से विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों और विकसित अर्थव्यवस्थाओं को समृद्ध करते हैं।

### बेल्जियम के विदेश मंत्री के साथ जयशंकर ने की बैठक

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मैक्सिम प्रिवोट के बीच आज यहां व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर, डिजिटल बुनियादी ढांचे, गतिशीलता और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई। बेल्जियम आर्थिक मिशन का नेतृत्व कर रहीं राजकुमारी एस्ट्रिड के साथ आये वहां के विदेश मंत्री श्री प्रिवोट के साथ दोपहर में हैदराबाद हाउस में हुई बैठक के बाद डॉ. जयशंकर ने राजकुमारी एस्ट्रिड से भी भेंट की। उन्होंने एक्स पर कहा, ह्यआर्थिक मिशन का नेतृत्व कर रहीं बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे विश्वास है कि उनकी यात्रा से भारत-बेल्जियम और भारत-यूरोपीय संघ की साझीदारी को और मजबूत बनाने के लिए अधिक सहयोग मिलेगा। बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री के साथ मुलाकात के बाद डॉ. जयशंकर ने बातचीत की जानकारी साझा करते हुए कहा, व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, सेमीकंडक्टर, डिजिटल बुनियादी ढांचे, गतिशीलता और रक्षा में हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की। 'मेक इन इंडिया, भारत में डिजाइन और भारत में अनुसंधान' के नए अवसरों पर प्रकाश डाला।




## 97वें ऑस्कर्स अवार्ड में फिल्म अनोरा का जलवा

# सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत जीते पांच अवार्ड

एजेंसी

**लॉस एंजिल्स।** 97वें अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) में फिल्म 'अनोरा' का जलवा रहा और उसने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत पांच अवार्ड अपने नाम किये। ऑस्कर अवार्ड ,लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड स्थित डॉल्बी थिएटर में आयोजित किए गए। जिसमें इस साल मेजबानी कॉनन ओ'ब्रायन ने की। निर्देशक जैक्स ऑडियार्ड की फिल्म एमिलिया पेरेज को 13 नॉमिनेशन मिले थे. जबकि इसके ठीक पीछे ब्रैडी कॉर्बेट की द ब्रूटलिस्ट और जॉन एम. चू की विक्ड हैं, जिन्हें दस-दस नॉमिनेशन मिले। आस्कर अवार्ड में फिल्म फिल्म अनोराह्र का जलवा रहा और उसने सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत पांच



अवार्ड अपने नाम किये।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म अनोरा को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार फिल्म अनोरा के लिये शॉन बेकर को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार एड्रियन ब्रॉडी को फिल्म द ब्रुटलिस्ट के लिये मिला। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार माइकी मैडिसन को फिल्म अनोरा के लिये दिया गया।सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का सम्मान कीरन कल्किन को फिल्म ए रियल पेन के लिये दिया गया। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनत्री का पुरस्कार जोई सलदाना, को एमिलिया पेरेज के लिये दिया गया।

सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल फीचर फिल्म आइएम स्टिल हियर (ब्राजील) चुनी गयीं। सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फीचर का पुरस्कार फ्लो को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ डॉक्युमेंट्री फीचर का पुरस्कार नो अदर लैंड को मिला।सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्क्रीनप्ले का पुरस्कार फिल्म अनोरा को दिया गया। सवश्रेष्ठ अडेप्टेड स्क्रीनप्ले के लिये कॉन्क्लेव को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ बेस्ट डाक्यूमेंट्री शार्ट द ओनली गर्ल इन द ऑर्केस्ट्रा, सर्वश्रेष्ठ लाइव एक्शन शार्ट,आई एम नॉट ए रोबोट, सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड शॉर्ट, इन द शैडो ऑफ साईप्रस ,सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्कोर, द ब्रूटलिस्ट ,सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल सॉन्ग ,एल मल ,सर्वश्रेष्ठ साउंड , ड्यूनः पार्ट-2 ,सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिजाइन,विक्ड ,सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी, द ब्रुटलिस्ट, सर्वश्रेष्ठ हेयर एंड मेकअप, द सबस्टेंस, सर्वश्रेष्ठ कॉस्टयूम डिजाइन, विक्ड, सर्वश्रेष्ठ फिल्म एडिटिंग, अनोरा ,सर्वश्रेष्ठ विजुअल इफेक्ट्स, ड्यूनः पार्ट-2 बनीं।